खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, गुरुवार 15 मई 2025 | वर्ष–69 | अंक–179 | पृष्ठ–12 | मूल्य – 3.00 रु.



■ देश के नए मुख्य न्यायाधीश... ■ भाजपा के भस्मासुर पीछे लग... 04
■ ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाक की... ■ अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री... 09
■ थोक महंगाई घटकर 0.85 प्रतिशत पर आई ■ भारतीय रुपये के आगे झुका डॉलर 11
■ आईपीएल में बचे मुकाबले... ■ करुण नायर भारत के... 10


## कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान पर हाईकोर्ट की सख्ती के बाद

# विजय शाह पर दर्ज हुई एफआईआर

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** कर्नल सोफिया कुरैशी पर विवादित बयान देने पर हाईकोर्ट ने मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री विजय शाह को जमकर फटकार लगाई है। निर्देश दिया गया है कि उनके खिलाफ 4 घंटे के अंदर में एफआईआर दर्ज होनी चाहिए। इसके बाद देर रात जब मुख्यमंत्री बेंगलुरू से कार्यक्रम समाप्त कर भोपाल पहुंचे तो उन्होंने कहा–हाईकोर्ट के आदेश का अक्षरश: पालन होगा। कानून अपना काम करेगा। उन्होंने डीजीपी कैलाश मकवाना को कार्रवाई के निर्देश दिए और इसके बाद विजय शाह पर थाना मानपुर जिला इंदौर में अपराध क्र. 188/20/25 धारा 152, 196 (1(क) ख, 197 (1)(ग) बीएनएस के अन्तर्गत एफआईआर दर्ज की गई।

हाईकोर्ट ने इस मामले का स्वत: संज्ञान लिया और विजय शाह को जमकर फटकार लगाई। हाईकोर्ट में जस्टिस अतुल श्रीधरन की डिवीजन बेंच ने दो टूक कहा



### अदालत ने स्वत: लिया संज्ञान

कि 4 घंटे के अंदर में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हो, इस मामले में अगली सुनवाई कल यानी कि गुरुवार को होने वाली है। वैसे इस विवादित बयान के लिए विजय शाह ने खुद माफी मांग ली है, यहां तक बोला है

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

### मुख्यमंत्री ने कहा- कानून अपना काम करेगा

### कांग्रेस ने मांगा इस्तीफा, पटवारी ने दर्ज कराई एफआईआर

*प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने 'एक्स' पर विजय शाह के वीडियो को शेयर करते हुए सवाल किया कि भाजपा तुरंत यह बताए कि क्या विजय शाह की 'घटिया सोच' से वह सहमत है? जीतू पटवारी ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने पर कुंवर विजय शाह के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।*

## देश के मुख्य न्यायाधीश पद की शपथ ली जस्टिस गवई ने



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सुप्रीम कोर्ट के 52वें चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस भूषण रामकृष्ण गवई ने शपथ ले ली है और राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति ने उन्हें पद और गोपनियता की शपथ दिलाई। जस्टिस गवई भारत के पहले बौद्ध सीजेआई हैं और आजादी के बाद देश में दलित समुदाय से वे दूसरे सीजीआई हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस के रूप में उनका कार्यकाल छह महीने का होगा। जस्टिस बीआर गवई के पिता रामकृष्ण सूर्यभान गवई ने डॉक्टर बीआर अंबेडकर के साथ बौद्ध धर्म अपनाया था।

### छह माह होगा कार्यकाल

जस्टिस बीआर गवई का कार्यकाल 23 नवंबर 2025 को खत्म होगा। सीजेआई बनने के अगले ही दिन जस्टिस गवई वक्फ कानून में हुए संशोधनों को लेकर दायर याचिकाओं पर सुनवाई शुरू करेंगे।

### राजनीतिक मामलों में सुनाए अहम फैसले

*सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस गवई ने राजनीति से जुड़े कई मामलों में फैसले सुनाए, इनमें न्यूज वेबसाइट न्यूजक्लिक के संस्थापक संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया से जुड़े मामले शामिल हैं। इन मामलों में जस्टिस गवई के नेतृत्व वाले पीठ ने गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) और धन शोधन निवारण अधिनियम जैसे कानूनों में मनमानी गिरफ्तारी पर फैसले सुनाए।*

*जस्टिस गवई उस पीठ के प्रमुख थे, जिसने नवंबर 2024 में यह माना था कि उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना लोगों की संपत्तियों पर बुलडोजर चलाना रूल ऑफ लॉ के खिलाफ है। जस्टिस गवई सात जजों के उस संविधान पीठ में भी शामिल थे, जिसने अनुसूचित जातियों के आरक्षण में आरक्षण देने की वकालत की थी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को आपराधिक मानहानी के एक मामले में सजा को स्थगित करने वाले बेंच में भी जस्टिस गवई शामिल थे।*

## सार संक्षेप

### मुख्यमंत्री आज लाड़ली बहनों के खातों में 1552 करोड़ से अधिक की राशि करेंगे अंतरित

#### सामाजिक सुरक्षा पेंशन और सिलेंडर रिफिलिंग राशि होगी अंतरित

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव गुरूवार को सीधी जिले की तहसील गोपदबनास (सीधी खुर्द) से मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना और सिलेंडर रिफिलिंग योजना की मई माह की राशि हितग्राहियों के खातों में अंतरित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव सीधी के धोहनी में विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि-पूजन भी करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश की एक करोड़ 27 लाख लाड़ली बहनों के खातों में लाड़ली बहना योजना की मई माह की किस्त 1552 करोड़ 38 लाख रूपये अंतरित करेंगे। लाड़ली बहनों को मिलने वाली यह 24वीं किस्त है। योजना में प्रत्येक लाड़ली बहना को प्रत्येक माह 1250 रूपये की राशि उनके खातों में अंतरित की जाती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कार्यक्रम में 56 लाख 68 हजार सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों के खातों में 340 करोड़ रूपए की राशि अंतरित करेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री 25 लाख से अधिक बहनों को सिलेंडर रिफिलिंग की 57 करोड़ रुपए की राशि भी उनके खातों में सिंगल क्लिक से अंतरित करेंगे।

### झारखंड में तीन सड़क हादसों में छह की मौत

**रांची।** झारखंड में बुधवार को तीन अलग-अलग सड़क हादसों में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पहली दुर्घटना पश्चिमी सिंहभूम जिले में चाईबासा-चक्रधरपुर हाईवे पर बाईहातू गांव के पास हुई। यहां विपरीत दिशा से आ रही छोटी मालवाहक गाड़ी और ट्रक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। इस हादसे में तीन लोगों, 35 वर्षीय सीनू पूरति, 36 वर्षीय गंगा जारिका और 30 वर्षीय शिवराम हेंब्रम की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो-** मंत्री विजय शाह की आपत्तिजनक टिप्पणी पर हाईकोर्ट ने स्वत: संज्ञान लिया है।

**चुहिया- हां प्रिये-** बेकाबू जबान पर लगाम जरूरी है।

## मोदी मंत्रिमंडल का फैसला

# जेवर में बनेगी भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के जेवर में एक 3,706 करोड़ के सेमीकंडक्टर प्लांट को मंजूरी दे दी है। यह प्लांट एचसीएल और फॉक्सकॉन की साझेदारी में लगाया जाएगा और इसमें मोबाइल, लैपटॉप और गाड़ियों के लिए डिस्प्ले ड्राइवर चिप्स बनाए जाएंगे।

मामले में सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि यह देश का छठा सेमीकंडक्टर प्लांट होगा और इसकी उत्पादन क्षमता 20,000 वेफर्स प्रति माह होगी, जिससे हर महीने 3.6 करोड़ चिप्स तैयार की जाएंगी।

### 3,706 करोड़ की मंजूरी दी

केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने बताया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने उत्तर प्रदेश के जेवर में भारत की छठी सेमीकंडक्टर इकाई को मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया कि भारत सेमीकंडक्टर मिशन के तहत अब तक 5 सेमीकंडक्टर इकाइयों को मंजूरी दी गई है और वहां तेजी से निर्माण कार्य चल रहा है। एक इकाई में इसी साल उत्पादन शुरू हो जाएगा। यह इकाई एचसीएल और फॉक्सकॉन का संयुक्त उपक्रम है। एचसीएल का हार्डवेयर विकसित करने और निर्माण करने का लंबा इतिहास रहा है। फॉक्सकॉन इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण में एक वैश्विक प्रमुख कंपनी है।

## केन्द्र सरकार से शीर्ष अदालत का सवाल

# महिलाएं राफेल उड़ा सकती हैं, तो सेना की कानूनी शाखा में क्यों नहीं जा सकतीं?

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** आज के समय में महिलाएं हर क्षेत्र में तेजी से आगे बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से एक सवाल किया है, जो सुर्खियों में है।



दरअसल, सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल करते हुए पूछा है कि यदि भारतीय वायुसेना में एक महिला राफेल लड़ाकू विमान उड़ा सकती है, तो सेना की जज एडवोकेट जनरल ब्रांच के जेंडर-न्यूट्रल पदों पर कम हमला अधिकारी क्यों हैं? दो महिला अधिकारियों अर्शनूर कौर और आस्था त्यागी ने याचिका दायर की थी कि उनके चौथा और पांचवां रैंक होने के बावजूद, मेरिट में अपने पुरुष साथियों की तुलना में ज्यादा होने के बाद भी, महिलाओं के लिए कम वैकेंसीज की वजह से जेएजी डिपार्टमेंट के लिए उन्हें सेलेक्ट नहीं किया गया। इस पर सुनवाई करते हुए जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस मनमोहन की बेंच ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

दोनों महिला अधिकारियों ने पुरुषों और महिलाओं के लिए असमानुपातिक रिक्तियों को चुनौती दी थी।

# मध्यप्रदेश अब बनेगा मेट्रो और रेल निर्माण का नया हब : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे क्षेत्र में अद्भुत काम हुआ है। अलग-अलग कम्पनियों ने इस क्षेत्र में जो कार्य किया है वह मेड इन इंडिया का सबसे उत्कृष्ट उदाहरण है।

देश में मेट्रो और वन्देभारत जैसी आधुनिक रेल के विभिन्न उपकरणों का निर्माण हो रहा है। बीईएमएल, मध्यप्रदेश में रोलिंग स्टॉफ और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक से मध्यप्रदेश के संबंध प्रगाढ़ होंगे। हम अनेक कार्यों में परस्पर विकास के नये रास्ते खालेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को बेंगलुरू में बीईएमएल कार्यशाला के भ्रमण के दौरान यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बेंगलुरू स्थित बीईएमएल लिमिटेड के अत्याधुनिक रेल कोच विनिर्माण संयंत्र से 2100वें मेट्रो कोच को हरी झंडी दिखाकर राष्ट्र को समर्पित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने रायसेन जिले के उमरिया क्षेत्र में बीईएमएल की नई रोलिंग स्टॉक विनिर्माण इकाई की स्थापना के लिए भूमि आवंटन-पत्र कंपनी के चेयरमेन और एमडी शांतनु रॉय को सौंपा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह क्षण मध्यप्रदेश ही नहीं, पूरे देश के

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर




- ♦ मुख्यमंत्री ने बीईएमएल के 2100वें मेट्रो कोच की टेस्ट राइड कर किया रवाना
- ♦ बीईएमएल के चेयरमेन को सौंपा रायसेन में नई इकाई के लिए भूमि आवंटन-पत्र

## पाकिस्तान ने भारत से की अपील

# सिंधु जल समझौते पर फिर से करें विचार

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** पाकिस्तान ने सिंधु जल समझौते को बहाल करने के लिए फिर से भारत से गुहार लगाई है। पाकिस्तान की सरकार ने बुधवार को भारत के जल शक्ति मंत्रालय को चिट्ठी लिखकर सिंधु जल समझौते को स्थगित करने को लेकर दोबारा विचार करने की अपील की है।

पाकिस्तान के जल संसाधन सचिव सय्यद अली मुर्तज़ा ने भारत को लिखी चिट्ठी में कहा, सिंधु जल समझौता स्थगित होने की वजह से पाकिस्तान में खरीफ की फसल के लिए पानी का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। हालांकि अभी तक इस पर भारत का कोई रिएक्शन नहीं आया है।

राष्ट्र को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने साफ-साफ कहा कि पानी और खून एक साथ नहीं बह सकते हैं। पीएम ने चेतावनी देते हुए कहा कि पाकिस्तान के आतंकी और सैन्य ठिकानों पर कार्रवाई को अभी सिर्फ स्थिगित किया गया है और आने वाले दिनों में हम पाकिस्तान को इस कसौटी पर मापेंगे कि वह क्या रवैया अपनाता है। पीएम ने कहा कि यह युग युद्ध का नहीं है, लेकिन यह युग आतंकवाद का भी नहीं है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने मंगलवार को कहा कि अगर भारत सिंधु जल संधि को फिर से शुरू नहीं करता है और हमारी तरफ आने वाले पानी को मोड़ने की कोशिश करता है तो दोनों देशों के बीच लागू हुआ संघर्ष विराम खतरे में पड़ सकता है। उन्होंने कहा, हम भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध विराम का स्वागत करते हैं, लेकिन दोनों पक्षों द्वारा एक-दूसरे के क्षेत्रों में बड़े सैन्य अभियानों के बाद, जल मुद्दे को जल्द हल करने की आवश्यकता है।

- ♦ पाकिस्तान की सरकार ने भारत के जल शक्ति मंत्रालय को लिखी चिट्ठी
- ♦ फसलों के लिए पानी का संकट खड़ा होने की बात कही
- ♦ पानी को लेकर मोदी ने दी थी पाकिस्तान को चेतावनी

### जेएनयू ने तुर्किये की यूनिवर्सिटी से करार तोड़ा

भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच जवाहर लाल यूनिवर्सिटी (जेएनयू ) ने तुर्किये की इनोनू यूनिवर्सिटी के साथ करार खत्म कर दिया है। जेएनयू ने एक्स पर लिखा- हम देश के साथ खड़े हैं। इस बीच, भारतीय व्यापारियों ने तुर्किये से सेब के आयात से इनकार कर दिया है। व्यापारियों का कहना है कि तुर्किये, पाकिस्तान को ड्रोन भेजता है। इन्हीं ड्रोन्स से पाकिस्तान ने भारत पर हमला किया। अब हम तुर्किये के सेब नहीं बेचेंगे। भारत तुर्किये से सालाना 1200 करोड़ रुपए का सामान आयात करता है।

### पाकिस्तान ने अगवा जवान को छोड़ा, 20 दिन बाद वापसी

**अमृतसर।** पाकिस्तान ने सीमा सुरक्षा बल के जवान पूर्णम कुमार साहू को पंजाब में अटारी-वाघा सीमा पर भारत को सौंप दिया। उन्हें 23 अप्रैल को पाकिस्तान रेंजर्स ने पंजाब में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास से पकड़ लिया था। बीएसएफ ने बताया कि पाकिस्तान रेंजर्स ने सुबह 10.30 बजे पूर्णम कुमार को अमृतसर जिले में अटारी में संयुक्त जांच चौकी पर (पाकिस्तान में वाघा सीमा के सामने) उसके हवाले कर दिया। बीएसएफ ने पूर्णम की एक तस्वीर जारी की जिसमें उन्हें दाढ़ी, मूंछ और बिखरे बालों के साथ देखा जा सकता है। वह गोल गले की हरे रंग की टीशर्ट पहने हुए हैं।



## रक्षा | भारत ने हवाई सुरक्षा में एक और कदम बढ़ाया

# दुश्मनों के ड्रोन का काल बनेगा 'भार्गवास्त्र'

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत स्वदेशी हथियारों और रक्षा प्रणाली पर लगातार जोर दे रहा है। हाल ही में भारत ने पाकिस्तान के नापाक आतंकी इरादों को धूल चटाई है। और अब पाकिस्तान और उनके दोस्तों के लिए एक और बुरी खबर है। भारत में अब ड्रोन झुंडों से होने वाले खतरे को रोकने के लिए एक नया और कम लागत वाला समाधान तैयार हो गया है। भार्गवास्त्र नामक इस हार्ड किल मोड काउंटर ड्रोन सिस्टम को सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड (SDAL) ने डिजाइन और विकसित किया है। इसका पहला टेस्ट हुआ है जिसमें यह पास हो गया है। यह सिस्टम माइक्रो रॉकेट्स के जरिए ड्रोन हमलों को जवाब देने में सक्षम है। इसे खास तौर पर ड्रोन खतरों को रोकने के लिए विकसित किया गया है।

**माइक्रो रॉकेट्स का परीक्षण**–असल में इस सिस्टम की माइक्रो रॉकेट्स का परीक्षण 13 मई 2025 को ओडिशा के गोपालपुर स्थित सीवर्ड फायरिंग रेंज में किया गया। इस दौरान भारतीय सेना के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। कुल तीन परीक्षण किए गए। दो में एक-एक रॉकेट दागा गया जबकि एक परीक्षण में दो रॉकेट्स को मात्र दो सेकंड के अंतर में सल्वो मोड में लॉन्च किया गया। सभी चारों रॉकेट्स ने अपेक्षित प्रदर्शन किया और सभी परीक्षण मानकों को पूरा किया।



सोलर डिफेंस एंड एयरोस्पेस लिमिटेड के मुताबिक भार्गवास्त्र ने बड़े पैमाने पर ड्रोन हमलों से निपटने के लिए नई तकनीक की दिशा में एक बड़ा कदम साबित किया है। इस सफलता के साथ यह सिस्टम भविष्य में भारत की ड्रोन रोधी क्षमताओं को मजबूत करेगा और सेना को आधुनिक खतरों से लड़ने के लिए नई ताकत देगा।

### सफल परीक्षण किया गया

**नाम के पीछे का कारण**–इसके नाम के पीछे की कथा भी मजेदार है। महाभारत में कुछ विनाशकारी अस्त्र प्रयोग में आए थे। इन्हीं में से एक था भार्गवास्त्र, जिसका नामकरण महर्षि भार्गव परशुराम के नाम पर हुआ। अब इसी नाम को प्रेरणा मानते हुए भारत ने एक अत्याधुनिक माइक्रो-मिसाइल आधारित काउंटर-ड्रोन सिस्टम विकसित किया है। यह नया 'भार्गवास्त्र' आधुनिक युद्ध में देश की सुरक्षा को एक नई ऊंचाई पर ले जाने के लिए तैयार है। दुश्मनों के ड्रोन पर यह काल बनकर टूटेगा। इसे भारत का आयरन डोम भी कहा जा रहा है।







# देश-विदेश

## सीडीएस चौहान, तीनों सेना प्रमुख राष्ट्रपति मुर्मु से मिले

**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान और थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए पी सिंह तथा नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश त्रिपाठी के साथ बुधवार को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। इन शीर्ष सेना अधिकारियों ने राष्ट्रपति को पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों, उनके अड्डों और उनकी मदद करने वालों के खिलाफ भारतीय सशस्त्र बलों के अभियान- ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी।

## भारतीय मूल की अनीता आनंद कनाडा की नई विदेश मंत्री बनीं, गीता पर हाथ रखकर ली शपथ

**ओटावा।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद को विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। आनंद को मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को कनाडा की नई विदेश मंत्री के रूप में शपथ दिलाई गई। उन्होंने मेलोनी जोली की जगह ली है, जिन्हें परिवहन और आंतरिक व्यापार मंत्रालय में भेजा गया है। कनाडा की लिबरल पार्टी की सदस्य अनीता आनंद ने हिंदू ग्रंथ भगवद गीता पर हाथ रखकर पद की शपथ ली।

पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर तालमेल बनाकर अमेरिका के साथ संबंधों को मजबूत करना होगा। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। जनवरी में उन्होंने कहा था कि वे राजनीति को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में लौटेंगी। लेकिन पिछले महीने हुए चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद पीएम कार्नी ने उन्हें मंत्रिमंडल में वापस आने और विदेश मामलों का मंत्रालय संभालने के लिए राजी कर लिया।



कार्नी को पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कैबिनेट विरासत में मिली थी। लेकिन उनके पास अब अपनी छाप छोड़ने का मौका है, उन्होंने पिछले महीने हुए चुनाव में लिबरल पार्टी को जीत दिलाई।

## लखनऊ में भिक्षावृत्ति के खिलाफ अभियान में 36 को भेजा गया आश्रय स्थलों पर

### जिलाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण, प्रोत्साहित करने वालों के विरुद्ध मामला दर्ज

**लखनऊ, देशबन्धु।** जनपद लखनऊ को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त कराने के उद्देश्य से गठित की गई टीमों द्वारा किए जा रहे कार्यों के सत्यापन के उद्देश्य से जिलाधिकारी विशाख जी. द्वारा अर्जुनगंज और टेढ़ी पुलिया चौराहे का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद को बाल भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के लिए शहर के 19 मुख्य चौराहों हजरतगंज, सिकंदरबाग, बर्लिंग्टन चौराहा, हुसैनगंज, चारबाग, अवध चौराहा, आलमबाग, फोनिक्स माल, इन्दिरागांधी प्रतिष्ठान/पॉलीटेक्निक, अलीगंज/कपूरथला, इन्जीनियरिंग कॉलेज/टेढ़ीपुलिया चौराहा, अर्जुनगंज, तेलीबाग, भूतनाथ, लालबत्ती, बंदरियाबाग पर AHTU, नगर निगम, प्रोबेशन कार्यालय की संयुक्त टीम लगाकर सिग्नल्स पर भिक्षावृत्ति करने वालों की सतत् निगरानी करते हुए उनकी काउंसलिंग करके उनको समाज की मुख्य धारा से जोड़ने के प्रयास किए जा रहे है।

जिलाधिकारी द्वारा अर्जुनगंज चौराहे पर पहुंच कर निगरानी कर रही टीम के साथ संवाद किया गया। टीम द्वारा बताया गया कि इस चौराहे पर एक महिला अपने बच्चे के साथ भिक्षावृत्ति करते मिले थी। जिसको रेस्क्यू किया गया है। जो अपने को रायबरेली जनपद का निवासी बता रही है। टीम द्वारा बताया गया कि महिला से पुछताछ में ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति द्वारा 5-6 महिलाओं को अर्जुनगंज चौराहे पर भिक्षावृत्ति करने के लिए छोड़ दिया जाता है और शाम को वह व्यक्ति इनको वापस ले जाता है। जिलाधिकारी ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कराया और याचकों को आश्रय स्थलों पर भिजवाया। उक्त निरीक्षण में मुख्य विकास अधिकारी श्री अजय जैन, उप जिलाधिकारी सरोजनीनगर डॉ सचिन वर्मा, उपजिलाधिकारी, बी0के0टी0, अपर नगर मजिस्टेªट (सप्तम), जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास सिंह, पिछड़ा कल्याण अधिकारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।


### सार्वजनिक सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने निम्न वाहन के संबंध में एक नीलामी का आयोजन किया है।

1) AL_4825_CHASSIS
Vehicle No. CG13AV5989
YOM 2023
Minimum Reserve Price 3000000

2) TATA LPT_3718
Vehicle No. MP13ZE8915
YOM 2017
Minimum Reserve Price 700000

मेसर्स कोटक महिंद्रा बैंक के साथ दृष्टिबंधक के तहत इसकी 'जहाँ है जैसी स्थिति है' में बिक्री के अधीन है। इच्छुक पक्ष इस पेपर के प्रकाशन के **8 दिनों** के भीतर यानी **21-05-2025** को या उससे पहले अपने कोटेशन (ऑनलाईन/ ऑफलाईन) दे सकते हैं

kotak Kotak Mahindra Bank

**शाखा का पता :**
**कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड**
846, छत्रपती भवन, निवार गंज एक्सटेंशन, राईट टॉउन जबलपुर (म.प्र.) 482001
**संपर्क : नितिनकुमार रजक / मोहनिशकुमार साहू**
**कोटक महिंद्रा बैंक लि.**
**संपर्क: 9329687818 - 8655657871**
ई-मेल : nitin.kumarrajak@kotak.com
mohnishkumar.sahu@kotak.com


## ट्रंप के बयान पर चुप्पी के बजाय जवाब दें मोदी: कांग्रेस

### सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय पर हर मंच पर बयान दे रहे हैं ट्रंप

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** कांग्रेस ने कहा है कि पाकिस्तान के विरुद्ध सैन्य कार्रवाई रोकने के निर्णय तथा कश्मीर को लेकर राग अलापने का हर मंच से जो काम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की तरफ से किया जा रहा है वह देश की सुरक्षा और संप्रभुता के लिए गंभीर चिंता का विषय है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को इसको लेकर चुप्पी साधने की बजाय देश को जवाब देना चाहिए।

कांग्रेस के संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की यहां हुई बैठक के बाद पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सैन्य कार्रवाई रोकने को लेकर पहली घोषणा अमेरिका से होती है जो गंभीर सवाल खड़े करती है और मोदी सरकार को इस सवाल का जवाब देना चाहिए। अब अमेरिका की ओर से कश्मीर को लेकर चर्चा करने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि इस मुद्दे पर

### इस मुद्दे पर सिर्फ संसद में ही बात होनी चाहिए

सिर्फ भारतीय संसद में ही बात होनी चाहिए, लेकिन इस बारे में भी श्री मोदी चुप्पी साधे हैं।

प्रधानमंत्री बुनियादी सवालों का जवाब देने की बजाय आपरेशन सिंदूर पर राजनीति कर रहे हैं और इसे एक पार्टी का ब्रांड बनाने का प्रयास किया जा रहा है इसलिए सिर्फ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों की बैठक बुलाई जा रही है। यह इस आपरेशन सिंदूर के राजनीतिकरण करने का प्रयास है और इसे पार्टी का ब्रांड बनाने की कोशिश हो रही है। कुछ दिन पहले एक उद्योगपति घराने ने भी आपरेशन सिंदूर को ब्रांड बनाने की कोशिश की थी।

### देश के बारे में निर्णय कौन ले रहा

सवाल है कि देश के बारे में निर्णय कौन ले रहा है और बेतुके निर्णय लेने की बात क्यों की जा रही है। देश की संप्रभुता के लिए यह खतरनाक है लेकिन श्री मोदी तथा विदेश मंत्री इस पर चुप हैं। इसका खंडन नहीं कर रहे हैं।

## अमृतसर में जहरीली शराब ने ली 23 लोगों की जान

**अमृतसर।** अमृतसर पुलिस ने दिल्ली के मॉडल टाउन से जहरीली शराब मामले में दो और लोगों को गिरफ्तार किया है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) ने इसकी जानकारी दी है। पंजाब पुलिस के महानिदेशक (डीजीपी) के 'एक्स' अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते हुए बताया, अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने नकली शराब मामले में तेजी से कार्रवाई करते हुए दिल्ली के मॉडल टाउन से दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### कर्नल सोफिया कुरैशी पर.....

कि इसे अलग संदर्भ में ना देखा जाए क्योंकि 'हमारी बहनों' ने बहुत ताकत से सेना के साथ मिलकर पहलगाम हमले का बदला लिया है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि मंत्री ने कर्नल सोफिया कुरैशी के खिलाफ एक व्यंग्यात्मक टिप्पणी की, जो किसी और के लिए नहीं बल्कि उनके लिए ही हो सकती है। उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को पहलगाम में 26 निर्दोष भारतीयों की हत्या करने वाले आतंकवादियों की बहन बताया है। अखबारों की रिपोर्ट और इंटरनेट पर उपलब्ध डिजिटल सामग्री में मंत्री के भाषण है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को आतंकवादियों की बहन को उन्हें सुलझाने के लिए भेजने की बात कही है। उनकी यह टिप्पणी संबंधित अधिकारी के लिए बल्कि सशस्त्र बलों के लिए भी अपमानजनक और खतरनाक है। मंत्री विजय शाह द्वारा दिए गए बयान प्रथम दृष्टया मुस्लिम धर्म के सदस्यों और अन्य व्यक्तियों के बीच वैमनस्य और दुश्मनी या घृणा या दुर्भावना पैदा करने की प्रवृत्ति है। युगलपीठ ने बी.एन.एस. के विभिन्न प्रावधानों के अवलोकन कर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को निर्देश किया जाता है कि मंत्री विजय शाह के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की धारा 152, 196(1)(बी) और 197(1)(सी) के अंतर्गत तत्काल एफआईआर दर्ज करें। यह कार्य आज शाम तक आवश्यक रूप से किया जाना चाहिए। आदेश का पालन नहीं होने पर गुरुवार को मामला सूचीबद्ध होने पर उनके खिलाफ अवमानना कार्यवाही करने पर विचार किया जा सकता है। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि महाधिवक्ता कार्यालय यह आदेश तत्काल राज्य के पुलिस महानिदेशक कार्यालय को प्रेषित करते हुए उसका परिपालन सुनिश्चित रूप से करवाये। युगलपीठ ने रजिस्ट्रार आईसी से अनुरोध है कि उपलब्ध लिंक के अलावा विजय शाह द्वारा दिए गए अपमानजनक भाषण के वीडियो से संबंधित सभी लिंक एकत्रित करें।

### मध्यप्रदेश अब बनेगा....

लिए गौरवपूर्ण है। बीईएमएल में निर्मित 2100वें मेट्रो कोच का शुभारंभ भारत की उन्नत निर्माण क्षमता, इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और स्वदेशी तकनीक के बढ़ते प्रभाव का प्रतीक है।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश के रायसेन में बीईएमएल की इकाई स्थापना को एक अभूतपूर्व कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे देश-प्रदेश का औद्योगिक इको सिस्टम सशक्त बनेगा। साथ ही युवाओं, एमएसएमई और स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार और अवसरों के नए द्वार खुलेंगे। रायसेन में मेट्रो और रेल कोच निर्माण इकाई की स्थापना प्रदेश के समावेशी एवं सतत् विकास की दिशा में एक सशक्त कदम है। मध्यप्रदेश शासन, मध्यप्रदेश औद्योगिक विकास निगम और बीईएमएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। मध्यप्रदेश शासन ने इस इकाई के लिए कुल 60.063 हेक्टेयर भूमि आवंटन को मंजूरी दी है। प्रस्तावित इकाई मुख्य रेल एवं नगरीय परिवहन परियोजनाओं के लिए रोलिंग स्टॉक और मेट्रो कोच का निर्माण करेगी। इससे प्रदेश और देश के अन्य भागों में रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर सशक्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का आभार मानते हुए बीईएमएल के चेयरमेन और एमडी शांतनु रॉय ने कहा कि बीईएमएल उनके विश्वास पर खरे उतरेगी। रायसेन में हमारी इकाई का विस्तार भारत के नगरीय रेल इंफ्रास्ट्रक्चर को और गतिशीलता एवं सशक्त बनाएगा। 2100वां मेट्रो कोच का निर्माण इस बात का प्रमाण है कि हमारे सहयोगी संस्थानों ने बीईएमएल पर निरंतर विश्वास जताया है। यह उपलब्धि हमारे नवाचार, स्वदेशीकरण एवं गुणवत्ता के प्रति समर्पण को दर्शाती है। साथ ही देश की औद्योगिक उन्नति एवं रोजगार सृजन में हमारी भूमिका को सुदृढ़ करती है। बीईएमएल का 2100वां मेट्रो कोच मुंबई महानगर क्षेत्र विकास प्राधिकरण के लिए दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के माध्यम से निर्मित किया गया है। इसमें ग्रेड ऑफ ऑटोमेशन मानकों के अनुसार ड्राइवरलेस संचालन की सुविधा उपलब्ध है। इस कोच में अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन (यूटीओ) स्मार्ट सुरक्षा प्रणालियाँ और वैश्विक मानकों के अनुरूप अनेक आधुनिक सुविधाएँ शामिल की गई हैं। इस नवीन कोच की विशेषता ऑन बोर्ड कंडीशन मॉनिटरिंग सिस्टम है, जो भारत में पहली बार किसी मेट्रो ट्रेन में शामिल किया गया है। इस प्रणाली में पाँच प्रमुख मॉड्यूल - रेल ट्रैक स्थिति की निगरानी, ओवरहेड इक्विपमेंट (ओएचई) की स्थिति, पैंटोग्राफ-ओएचई संपर्क, आर्क डिटेक्शन और रेल प्रोफाइल विश्लेषण शामिल हैं। इन प्रणालियों की मदद से डिपो कंट्रोल सेंटर से ही रियल-टाइम प्रिडिक्टिव मेंटिनेंस और रिमोट डाइग्नोसिस संभव होगा। इस मेट्रो कोच में यात्रियों की सुविधा के लिये एर्गोनॉमिक इंटीरियर, डायनॉमिक रूट मैप्स, सीसीटीवी, डिजिटल फायर डिटेक्शन, एडवांस्ड एयरकंडिशनिंग सिस्टम और साइकिल स्टैंड जैसी सुविधाएँ भी उपलब्ध हैं।


### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया Central Bank of India

**अचल संपत्तियों का विक्रय नोटिस ई-नीलामी दिनांक- 31/05/2025**
क्षेत्रीय कार्यालय - साउथ एवेन्यू मॉल के सामने, ग्वारीघाट रोड, पोलीपाथर, जबलपुर (म.प्र)

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परंतुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई- नीलामी विक्रय नोटिस

आम लोगों को तथा विशेष रूप से उधार लेने वाले और प्रत्याभूति-दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो प्रतिभूत लेनदार के पास गिरवी/प्रभारित है, का प्रलक्षित कब्जा (नीचे वर्णित) प्रतिभूत लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा लिया गया है, को "जहाँ है जैसा है और जो कुछ भी है, जिस प्रकार है, एवं दायित्व रहित" के आधार पर निम्नलिखित देनदारों, प्रत्याभूति-दाता तथा जमानतदारों से प्रतिभूत लेनदार की बकाया राशि की वसूली हेतु ई- नीलामी द्वारा बेचे जाने हेतु विस्तृत विवरण निम्नानुसार है :

| क्र. | ऋण खाता/ ऋणी/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार एवं संबंधित शाखा | मांग सूचना दिनांक आधिपत्य दिनांक बकाया राशि (मांग सूचना के अनुसार) | साम्यबंधक अचल संपत्तियों का विवरण/ कब्जे का प्रकार | आरक्षित मूल्य / अग्रिम धरोहर जमा राशि / बिड वृद्धि राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री ईश्वर सिंह ठाकुर पिता श्री प्यारे लाल (उधारकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता)<br>श्रीमति शुभकीर्ति सिंह ठाकुर पति श्री ईश्वर सिंह ठाकुर (सह उधारकर्ता / संपत्ति बंधककर्ता)<br>संबंधित शाखा: एम.आई.सी.आई. | 08/11/2024<br>16/01/2025<br>रु 694034.00 + ब्याज + विधिक व्यय | स्थावार संपत्ति का विवरण: (1) संपत्ति ऐसे सभी भाग, जिसमे मौज़ा गंगई, न.ब.नं. 120, प.ह.नं. 67(पुराना), नया 75, खसरा नं. 572/3 का हिस्सा, र.न.म. चरगवां, तह. शहपुरा, जिला जबलपुर म.प्र., एरिया 0.070 हेक्टेयर या 7532 वर्गफुट।<br>जिसकी चतु:सीमा है उत्तर -खसरा नं. 575 की संपत्ति, दक्षिण - खसरा नं. 571 की संपत्ति, पूर्व - कच्चा रास्ता, पश्चिम - खसरा नं. 573 की संपत्ति<br>भू-स्वामी/संपत्ति बंधककर्ता : 1) श्री ईश्वर सिंह ठाकुर पिता श्री प्यारे लाल 2) श्रीमति शुभकीर्ति सिंह ठाकुर पति श्री ईश्वर सिंह ठाकुर<br>प्रलक्षित कब्जा | रू. 14,33,500/-<br>रू. 1,43,350/-<br>रू. 10,000/- |

विक्रय के निबंधन और शर्तों के ब्योरे के लिए कृपया नीचे दिये गए प्रतिभूत लेनदार की वेबसाइट अर्थात www.centralbankofindia.co.in देखें या बैंक अनुबंधित सेवा प्रदाता PSB alliance के वेबपोर्टल http://baanknet.com पर उपलब्ध लिंक देखें। क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर प्राधिकृत अधिकारी (मो. 8226014333) से संपर्क कर सकते है। ये ऋणियों/ प्रत्याभूति-दाता/ जमानतदार को सरफेसी अधिनियम 2002 के नियम 8 (6) के अधीन पन्द्रह (15) दिनों की वैधानिक विक्रय सूचना है।

दिनांक: 15/05/2025 कृते सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्राधिकृत अधिकारी



### पश्चिम मध्य रेल

**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना संख्या/ईपीएस/73/2025)**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक,पश्चिम मध्य रेल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदायें आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किये जायेंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए वेबसाइट https://ireps.gov.in पर ई निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| क्रमांक | टेंडर नं. | संक्षिप्त विवरण | निविदा मात्रा | नियत तारीखः |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 20244417 | सेट ऑफ हैंगर लीवर पिंस फॉर ब्रेक रिगिंग ऑफ wap7 लोको | 138 सेट | 26.05.2025 |
| 2 | 30251021 | रियर कवर फॉर Axle बॉक्स | 3904 नंबर | 29.05.2025 |
| 3 | 38251584 | कॉपलेर बॉडी विथ शैंक वियर प्लेट | 13906 नंबर | 05.06.2025 |
| 4 | 38254178 | dia bull लॉक बोल्ट पिन (राउंड हेड) & कालर जिंक प्लेटेड | 66926 सेट | 16.06.2025 |
| 5 | 80251038A | इन्हिबिटेड मिनरल इंसुलेटिंग ट्रांसफार्मर आयल | 62491 लीटर | 23.06.2025 |
| 6 | 50245177A | PVC इंसुलेटेड आर्मर्ड unscreened rly सिग. केबल | 44.60 | 04.07.2025 |

50 लाख रूपये से कम अनुमानित मूल्य वाली निविदाओं के लिए इच्छुक फर्मों को www.ireps.gov.in पर जाने की सलाह दी जाती है।

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर



### OFFICE OF THE MUNICIPAL COUNCIL PANNA (M.P.)

S.No. /1636/ Public works section / Mu.Co.Panna /2025 Panna Date 10.05.2025

TENDER INVITING NOTICE

On Line Tender is Invited For Following Works the Discription Of Works Can be Seen On www.mptender.gov.in

| S. No. | Tender No | NIT. No | Name of Work | Proable Amount PAC (Rs.Lakh) | Earnest Money | Completion period (Month) | Cost of bid Document |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2025_UAD_422571_1 | 1636 | REPAIRING WORK OF OWN HOUSE MLA GUNOUR VIDHAN SABHA SHRI RAJESH KUMAR VERMA FOR FACILITY OF VIDEO CONFERENCING NEAR TALIYA FIELD AT WARD NO 13 AND MLA PANNA SHRI BRAJENDRA PRATAP SINGH FOR FACILITY OF VIDEO CONFERENCING NEAR RAJ LAXMI HOTEL AT WARD NO 22 PANNA MP | 135500.00 | 2800/- | 01 month | 1000/- |

1-Interested bidders can view only the detailed NIT & Other document on website https://www.mptender.gov.in/ (Department Name. "Urban Administration & Development Department"), Any Amendment of tender in show only website.

2 - Tender documents can be purchased only online at https://www.mptender.gov.in/ from 13.05.2025 17:30 (time) TENDER END DATE 02.06.2025 (date) to 17:30 by making online payment for Tender Document Cost plus Service & Gateway Charges as per key datels.

CHEIF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL PANNA (M.P.)



### आम सूचना

आप सभी जन सामान्य को सूचित किया जाता है कि सारणी में दर्शाये गये निर्माणकर्ताओं द्वारा कालोनी के बाह्य विद्युतीकरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है, स्वीकृत किया जाना प्रस्तावित है -

| क्र. | पटवारी हल्का नंबर | खसरा नंबर | पता | कालोनी निर्माणकर्ता |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17/41 | 191/3/2(S), 192/4/2 | श्री नरसिंह कालोनी,रानीअवंती बाई वार्ड कंदेली नरसिंहपुर | प्रो.प्रा.ज्ञानचंद स्वामी आ.ओंकार प्रसाद स्वामी |
| 2 | 41 | 101/1/2/2(S) | चंदा नगर कालोनी, महारानी लक्ष्मी बाई वार्ड कंदेली नरसिंहपुर | प्रो.प्रा. श्री अंकित निगम आ. श्री एस.के. निगम |
| 3 | 43 | 104/2 | एकता नगर कालोनी, ग्राम नकटुआ नरसिंहपुर | श्रीमति खुशतर खॉ पत्नि श्री बन्ने खॉ |

अतः जिस किसी जनकल्याण को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो 07 दिवस के भीतर दर्शाये गये पते पर संपर्क करें -

पता- कार्यालय अधीक्षण अभियंता (सं.सं.) वृत म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि. झिरना रोड नरसिंहपुर म.प्र. दूरभाष नं. 07792-230630 ई-मेलः sensp_487001@yahoo.co.in

अधीक्षण अभियंता (सं.सं.)
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं.लि.



### कार्यालय नगर परिषद पाटन, जिला जबलपुर (म.प्र.)

फोन नं. -07621-220435 ईमेल-cmopatan@mpurban.gov.in

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि | क्र. |
|---|---|---|---|---|---|
| 2025_UAD_422907_1 दि. 14-05-2025 NIT 208/PWD/NP/2025 | वार्ड क्रं. 04 में रविदास चबूतरा के पास ट्यूबवैल खनन कार्य | 01 माह 1,64,377/- | 1,000/- 3,300/- | 30-05-2025 | 1 |
| 2025_UAD_422908_1 दि. 14-05-2025 NIT 208/PWD/NP/2025 | वार्ड क्रं. 05 में पीपल के पेड़ के पास ट्यूबवैल खनन कार्य | 01 माह 1,64,377/- | 1,000/- 3,300/- | 30-05-2025 | 2 |
| 2025_UAD_422910_1 दि. 14-05-2025 NIT 210/NP/2025 | 01 नग कचरा वाहन (हाईड्रोलिक सहित) टाटा ACE | 07 दिन 9,88,000/- | 2,000/- 19,800/- | 30-05-2025 | 3 |
| 2025_UAD_415734_1 दि. 14-05-2025 NIT 212/NP/Res/2025 | दैनिक एवं साप्ताहिक बाजार बैठकी ठेका (2nd Call) | 10 माह 17,40,520/- | 5,000/- 1,74,050/- | 21-05-2025 | 4 |

**शर्ते :-** निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाइड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**आचार्य जगेन्द्र सिंह**
**अध्यक्ष**
**नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर**

**जयश्री चौहान**
**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर**



### कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर (म.प्र.)

**// षष्टः निविदा सूचना //**

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://mptender.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | लागत राशि एवं समयावधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Tender ID-2025_UAD_423184_1 PRO-125 Date-14/05/2025 | संभाग क्रं. 02 कछपुरा वीरेन्द्रपुरी वार्ड में पुरवा में रंगमंच निर्माण कार्य। | 02 माह 1.69 लाख | 2,000/- 3390/- | 26/05/2025 |

नोट-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की वेबसाइट https://mptender.gov.in पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री, नगर पालिक निगम जबलपुर**



### MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.

BLOCK NO.7, SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No:0761 2702473, Fax No.0761-2660048 e-mail: cepurez@yahoo.in
CIN U40109MP2002SGC015120

No. CGM(S&M)/EZ/GM-II/III/328 Jabalpur, dtd: 09.05.2025

**TENDER NOTICE**

Online Tenders are invited for following items:-

| Sr. No. | T.S. No. (For e-Tendering) DISCOM/ EZ/PUR | NAME OF ITEMS | APPROX VALUE (RS. IN LAKHS) | TENDER FEE (in Rs.) | DUE DATE OF OPENING OF TENDER ONLINE FROM 17.30 HRS.(*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | TS-1570 (E-Tender No. 2025_PKVVC_421370_1) | Stay Wire 7/3.15 mm | 154.31 | 5900 | 28.05.2025 |

* For updated / extended due dates for opening of tender (EMD in Cover -I & Techno-commercial bid in Cover-2) please refer to the online key dates. For other details visit Company's website: www.mpez.co.in or https://mptenders.gov.in.

SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW

बिजली संबंधी शिकायतों के निराकरण के लिए 1912 डायल करें

CGM (S&P)

# देश-प्रदेश



उवाच

## मध्यप्रदेश में उद्योगों के लिए सभी सुविधाएं उपलब्ध : मुख्यमंत्री



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि व्यापारी और निवेशक मध्यप्रदेश आएं और उद्योग को बढ़ावा दें। आज मेड इन इंडिया का जमाना है। मध्यप्रदेश सरकार ने नई उद्योग केंद्रित नीतियां लागू की हैं। सभी जिलों में उद्योग प्रकोष्ठ खोले गए हैं। इंडस्ट्री शुरू करने के लिए राज्य में सिंगल विंडो सिस्टम लागू है। निवेशकों के लिये मुख्यमंत्री सहजता से उपलब्ध है। राज्य में पर्याप्त लैंड बैंक, पानी और बिजली उपलब्ध है। राज्य सरकार ने उद्योगपतियों को सब्सिडी के बैकलॉग का एक-एक रुपया लौटाया है। सरकार बड़े उद्योगों के साथ छोटे निवेशकों को भी प्रोत्साहन दे रही है।

गोटेगांव में हुआ 218 जोड़ों का विवाह, मुख्यमंत्री ने वर्चुअली दिया आशीर्वाद, कहा-

# आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के हमेशा साथ है हमारी सरकार



### 26 मई को नरसिंहपुर में लगेगा विशाल कृषि मेला

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी कि आगामी 26, 27 एवं 28 मई को जिला मुख्यालय में नरसिंहपुर में विशाल कृषि मेला आयोजित किया जाएगा। 26 मई को वे स्वयं नरसिंहपुर जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस कृषि मेले में कृषि आधारित उद्योगों के बारे में जानकारी के अलावा दुग्ध उत्पादन, मत्स्य उत्पादन, शाक-सब्जी उत्पादन, श्रीअन्न उत्पादन, उद्यानिकी, बागवानी, उन्नति किस्म के बीज, खाद, उर्वरक की जानकारी सहित उन्नत कृषि उपकरणों का प्रदर्शन भी किया जाएगा। उन्होंने नरसिंहपुर जिले के सभी किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे इस त्रि-दिवसीय विशाल कृषि मेले में आकर कृषि की नई तकनीकों और इस क्षेत्र में हो रहे नवाचारों की जानकारी लें और इन्हें अपनाकर अपनी फसल का उत्पादन बढ़ाएं।

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि विवाह हमारी संस्कृति की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी है। यह हमारे समाज और परिवार का आधार है। सामूहिक विवाह सम्मेलन गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए संबल और सहयोग के प्रतीक हैं। आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के साथ हमारी सरकार दोस्त बनकर हमेशा साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव बुधवार को नरसिंहपुर जिले के नई कृषि उपज मंडी प्रांगण, गोटेगांव में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह सम्मेलन में वर्चुअली सहभागिता कर संबोधित कर रहे थे। सामूहिक विवाह सम्मेलन में कुल 218 जोड़े (216 कन्याओं का विवाह और 02 बेटियों का निकाह) परिणय सूत्र में बंधे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार माताओं, बहनों और बेटियों के हितों की रक्षा के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि बहन, बेटियों के लिए हमने अपने सालाना बजट में 27 हजार 147 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है। प्रदेश में ग्रामसभा से लेकर विधानसभा तक महिलाओं की प्रभावी उपस्थिति है। शासकीय नौकरियों में हमने महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत तक आरक्षण का प्रावधान किया है। प्रदेश में 40 प्रतिशत से अधिक स्टार्ट-अप्स का संचालन महिलाएं कर रही हैं। बीते वर्षों में 5 लाख स्व-सहायता समूहों के माध्यम से करीब 62 लाख ग्रामीण बहनें आत्मनिर्भर बन चुकी हैं। यह हमारे लिये गौरव का विषय है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी नवविवाहित जोड़ों को दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने वर-वधूओं से अपील की कि वे सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाकर अपने जीवन को आत्मनिर्भर और सुखमय बनाएं।

सम्मेलन को गोटेगांव विधायक महेन्द्र सिंह नागेश ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम में पूर्व राज्य मंत्री जालम सिंह पटेल, पूर्व विधायक हाकम सिंह चढ़ार, समाजसेवी रामस्नेही पाठक, महंत पीतम पुरी, दादूराम पटेल सहित स्थानीय जनप्रतिनिगण, वर-वधू एवं बड़ी संख्या में उनके परिजन एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# मंत्री विजय शाह पर देशद्रोह का प्रकरण हो दर्ज : कांग्रेस



**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश के मंत्री विजय शाह की ओर से ऑपरेशन सिंदूर और सेना की महिला अधिकारी के लिए दिए गए आपत्तिजनक और अमर्यादित बयान के संबंध में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखते हुए मंत्री शाह को बर्खास्त करने और उन पर देशद्रोह का प्रकरण दर्ज करने की मांग की है।

पटवारी ने अपने पत्र में कहा कि मंत्री विजय शाह द्वारा कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में दिया गया बयान, न केवल एक गंभीर अपराध है, बल्कि भारतीय सेना की गरिमा, देश की एकता और सामाजिक सद्भाव पर भी खुला हमला है। यह बयान विजय शाह की संकीर्ण मानसिकता, सांप्रदायिक विद्वेष और गैर-जिम्मेदाराना रवैये का भी नमूना है, जो उन्हें एक जनप्रतिनिधि, विशेषकर मंत्री के पद के लिए पूरी तरह अयोग्य सिद्ध करता है। उन्होंने मांग की कि मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से तत्काल बर्खास्त किया जाए और उनके खिलाफ देशद्रोह सहित कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही वे कर्नल सोफिया कुरैशी से सार्वजनिक माफी मांगें। उन्होंने कहा कि यदि मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की कार्रवाई नहीं की गई, तो प्रदेश कांग्रेस पूरे प्रदेश में व्यापक आंदोलन शुरू करेगी। पटवारी ने श्यामला हिल्स थाना प्रभारी को संबोधित शिकायत में लिखा है कि चूंकि मंत्री विजय शाह उन्हीं के थाना क्षेत्र में निवास करते हैं, इसलिए वे शाह के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करें। ऐसा होने पर विजय शाह के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई हो सकेगी। पटवारी के साथ प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारी जे.पी. धनोपिया, विधायक आरिफ मसूद, पी सी शर्मा, मानक अग्रवाल, मुकेश नायक और अन्य नेता भी थाने पहुंचे। विजय शाह का एक वीडियो कल से सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है, जिसमें वे बेहद आपत्तिजनक बयान देते हुए सुने जा रहे हैं। यह वीडियो इंदौर जिले के महू विधानसभा क्षेत्र में एक सार्वजनिक कार्यक्रम का बताया गया है। इस मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के केंद्रीय नेतृत्व ने भी संज्ञान लिया है और अब विजय शाह अलग थलग पड़ते हुए नजर आ रहे हैं। इस बीच उनके मंत्री पद से त्यागपत्र की अटकलें सामने आने लगी हैं। सोफिया कुरैशी मामले में मंत्री विजय शाह के खिलाफ मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश के बाद मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। माना जा रहा है कि अब राज्य पुलिस अदालत के आदेश के अनुरूप वैधानिक कदम उठाएगी। इसके साथ ही उनका मंत्री पद भी जाना तय माना जा रहा है। वे अक्सर विवादास्पद बयान देते रहते हैं।

पटवारी ने आवेदन पत्र में लिखा है कि विजय शाह ने देश की महिला सैन्य अधिकारी कर्नल सोफिया के संदर्भ में जो बयान दिया है, वह देश की एकता, अखंडता को बिगाड़ने का कृत्य है। इस वजह से देशवासी दुखी और आक्रोशित हैं। उनका यह कृत्य भारतीय न्याय संहिता की धारा 351, 352, 353, 78 और धारा 152 के तहत गंभीर अपराध की परिधि में आता है।

छत्तीसगढ के पुलिस महानिदेशक ने दी जानकारी

# सुरक्षा बलों के साथ 21 मुठभेड़ों में 31 नक्सली ढेर

**बीजापुर, देशबन्धु।** केन्द्रीय सुरक्षा बल के पुलिस महानिदेशक जीपी सिंह और छत्तीसगढ राज्य के पुलिस महानिदेशक अरूणदेव गौतम ने बुधवार को बताया कि बीजापुर के कर्रेगुटटा की पहाड़ी में 21 दिनों तक चलाये गये नक्सल विरोधी ऑपरेशन के दौरान कुल 21 मुठभेड़ों में 31 माओवादी मारे गए। मारे गए 28 नक्सलियों की शिनाख्त हो चुकी है जिनपर एक करोड़ बहत्तर लाख रुपए का इनाम घोषित था।

> मारे गए 28 नक्सलियों की शिनाख्त हुई

उन्होंने बताया कि सभी मारे गए 31 माओवादियों के शव के साथ 31 हथियार भी बरामद किए गए हैं। इसमें एसएलआर, इसांस समेत आटोमेटिकल हथियार शामिल हैं। अब तक 28 नक्सलियों की शिनाख्ती हो चुकी है। शेष शवों की पहचान प्रक्रिया जारी है। दोनों अधिकारियों ने कहा कि अनुमान लगाया जा रहा है कि 21 दिनों तक चलाए गए इस ऐतिहासिक एंटी नक्सल ऑपरेशन में कई बड़े नक्सली लीडर या तो मारे गए हैं या घायल हुए हैं। भौगोलिक परिस्थितियों के कारण हमारे जवान बाकी नक्सलियों के शव बरामद नहीं कर पाए हैं।

# राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने संबंधी याचिका खारिज



**लखनऊ, देशबन्धु।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की नागरिकता रद्द करने की मांग करने वाली जनहित याचिका को बुधवार को खारिज कर दिया।

> विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई थी

याचिका में गांधी की नागरिकता के मुद्दे के लंबित रहने के दौरान उनके विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग की गई थी। गौरतलब है कि गांधी की नागरिकता को चुनौती देने वाली सामाजिक कार्यकर्ता एस विग्नेश शिशिर द्वारा दायर यह तीसरी याचिका है। उनकी पिछली याचिकाओं को भी कोर्ट ने खारिज कर दिया था। हालांकि, कोर्ट ने शिशिर को उनकी दूसरी याचिका पर पांच मई को पारित पहले के आदेश की समीक्षा दायर करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति दी थी। न्यायमूर्ति ए आर मसूदी और न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने राहुल गांधी की नागरिकता के मुद्दे के संबंध में दायर नई जनहित याचिका पर बुधवार को आदेश पारित किया। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने केंद्र सरकार के समक्ष एक अभ्यावेदन प्रस्तुत किया है, और अदालत तब तक इस क्षेत्र में प्रवेश नहीं कर सकती जब तक कि उसके समक्ष कुछ कानूनी रूप से उचित प्रस्तुत न किया जाए। अंततः, अदालत ने शिशिर को पिछले आदेश की समीक्षा दायर करने की स्वतंत्रता के साथ वर्तमान याचिका वापस लेने की अनुमति दी। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि उसके पास एक वीडियो है जिसमें गांधी ब्रिटिश पासपोर्ट के साथ वियतनाम में प्रवेश करते हुए दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि यूके सरकार ने पासपोर्ट भारत सरकार को भेजा था। शिशिर ने दावा किया, मेरे पास यह दिखाने के लिए 200 पृष्ठ हैं कि गांधी यूके के नागरिक हैं।

# पूर्वोत्तर के 3 दिवसीय दौरे पर रहेंगे शिवराज



**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान गुरुवार से तीन दिन की पूर्वोत्तर क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे और असम, मिजोरम एवं नागालैंड में विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने बताया कि दौरे के दौरान कृषि, बागवानी, पशुपालन एवं ग्रामीण विकास से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रमों की समीक्षा करेंगे और परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे। वह किसानों तथा स्थानीय संगठनों के प्रतिनिधियों से सीधा संवाद भी करेंगे। चौहान 29 मई से शुरू होने वाले देशव्यापी विकसित कृषि संकल्प अभियान में राज्यों की सहभागिता पर चर्चा करेंगे।


## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, ANJALI KUMARI is legally wedded spouse of Army no 13773502X Rank HAV CLK Name ASHWANI KUMAR SHUKLA of Unit-RECORDS JAK RIF, JABALPUR Presently residing at ADDRESS-SF COLONY, QTR NO 175, VILL-DATIA, PO- DATIA, TEH- DATIA, DISTT- DATIA, STATE- MP, PIN- 475661, शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम ANJALI KUMARI से ANJALI KUMARI परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 14/05/2025 नोटरी जबलपुर मप्र। कृति

## नाम परिवर्तन सूचना

I, Army No 10363265P Rank HAV Name ARVIND SINGH RANA Presently residing at Vill- DHUNDLA PO-DHUNDLA Teh- BANGANA Distt UNA (HP) PIN-174308 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम PRAKASH SINGH RANA दर्ज है। जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम PRAKASH CHAND RANA है जो कि मेरे पिता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातो मे दर्ज है एवं मेरे पिता के इस नाम को पढा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 33AA 136296 दिनांक 14/05/2025 नोटरी जबलपुर म. प्र। कृति

गलत नाम- PRAKASH SINGH RANA
सही नाम- PRAKASH CHAND RANA

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं, NISHA DEVI is legally wedded spouse of Army No 13771647K Rank HAV Name RAJESH KUMAR Presently residing at Vill- BALGHAR PO- BALGHAR Teh- JHANDUTTA Distt BILASPUR (HP) PIN-174031 शपथ पूर्वक कथन करती हूं कि मेरा नाम NISHA DEVI to NISHA KUMARI में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र No 33AA 136297 दिनांक 14/05/2025 नोटरी जबलपुर म. प्र.।

INCORRECT NAME - NISHA DEVI
CORRECT NAME - NISHA KUMARI

कृति

# निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 14/05/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति सोनल कमलबंशी पत्नी स्व. श्री राजेश कमलबंशी ने वार्ड क्र.54 वार्ड का नाम पं. जवाहर लाल नेहरू वार्ड के भवन क्रमांक 895 ध-1 समीक्षा टाउन के संपत्ति पिन क्रमांक-1000448659, जलकर सर्विस क्रमांक 1002529842 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1200 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 700 व.फु. आर.सी.सी. प्रथम तल ..... व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र अनु.विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री मुकेश सेठ पिता स्व. कैलाश नारायण सेठ का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 426

## नाम सुधार सूचना

मैं VIJAY DATTATARAYA JOGLEKAR उम्र 66 वर्ष s/o DATTATARAYA DINKAR JOGLEKAR मेरे पासपोर्ट न. N6536479 में मेरा नाम VIJAY KUMAR JOGLEKAR लिखा हुआ है जो की गलत है मेरा सही नाम VIJAY DATTATARAYA JOGLEKAR है जो मेरे आधार और अन्य सरकारी दस्तावेजों में दर्ज है अत: मुझे मेरे सही नाम VIJAY DATTATARAYA JOGLEKAR से जाना पहचाना जाए।

नया नाम
VIJAY DATTATARAYA JOGLEKAR
पुराना नाम
vijay kumar joglekar

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 14/05/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति पिंकी कुमारी पत्नी श्री विकास कुमार ने वार्ड क्र.67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 319 चैतन्य सिटी फैस-2 पार्ट-2 के संपत्ति पिन क्रमांक-1004339599 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1500 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल .... व.फु. आर.सी.सी. प्रथम तल ..... व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्रीमति शुभांगी खण्डेलवाल पति श्री हेमन्त खण्डेलवाल, श्रीमती अक्षयरानी कानूनगो पत्नी निरंजन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 427

## कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./ सं.क्र.11/19-20.. दि. 16/05/2025

### भवन नामांतरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति रेनुबाला मिंज पत्नी श्री सुबोध मिंज ने वार्ड क्र.66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक पीएन नं.-184 राजुल सिटी के संपत्ति पिन क्रमांक-1000388193, 47000977 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/ रकवा 1499 व.फु. जिस पर निर्मित भूतल .... व.फु. आर.सी.सी. प्रथम तल ..... व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज फिलोमिना पन्ना पति स्व. ललित पन्ना का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

र.नं. 426

## कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2025-26/11 दिनांक 09/05/2025

### भवन नामांतरण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि इन्द्र कु., विजय कु., शिव कु., विमल कु., मालती बाई, संध्या, मंजू, शीला, सबके पिता स्व. काशी प्रसाद ने भवन क्रं. 899 वार्ड महात्मा गांधी वार्ड, क्षेत्रफल .... भूतल 1155 आ. प्रथम तल 1155 आ. द्वितीय तल 1155 आ. शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं.899 पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी कु. बीना बाई केशरवानी पति स्व. काशी प्रसाद केशरवानी भवन क्र. 899 पिन. नं. 1000367897, 41301158 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-5,
नगर निगम जबलपुर

र.नं. 427

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/2249/अ-6/2024-25

### इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सीमाबाई पारस पति स्व. सुनील पारस निवासी म.नं. 84, टैगोर नगर, बादशाह हलवाई मंदिर के पास, जबलपुर के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक... के माध्यम से मौजा रामपुर प.ह.नं. 32 ख.नं. 79 रकवा 2400 वर्गफुट विक्रेता म.प्र. शासन, मोदी को-ऑपरेटिव हाउसिंग सोसायटी लिमि. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र वसीयतनामा/ बटवारा नामा/हस्तांतरण पत्र/ हकत्याग पत्र/ एवं नक्शा बटांक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अत: उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 29/5/2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 14/5/2025 को जारी।

जारी दिनांक- 14/5/2025
पेशी दिनांक- 29/5/2025

र.नं.- 421 नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर, जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)

क्र./23,24/राज.शा/
सिहोरा, दिनांक 29.04.2025

### इश्तहार सूचना-पत्र

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, श्रीमति नाजिरा बी मंसूरी पति शेख जलील एवं मो. रजा मंसूरी पिता शेख जलील वार्ड 01 मे स्थित मकान / भूमि प्लाट, खसरा न. 511/2/1 एक होने से कुल रकवा 675 एवं 675 पृथक-पृथक श्री रामकुमार गुप्ता पिता फूलचंद गुप्ता से पंजीकृत बैनामा के आधार पर कृय भवन / भूमि को अपना नाम नगर पालिका रिकार्ड में दर्ज करवाने हेतु नामांतरण किया जाना है। जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन दिनांक की तिथि से 15 दिवस के अंदर कार्यालय में सहप्रमाण सहित आपत्ति दर्ज कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
र.नं.- 423 नगर पालिका सिहोरा

## न्यायालय सुश्री उर्वशी यादव तृतीय व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ट खण्ड सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

आर.सी.एस ए. 73/2025
राकेश पहारिया वगैरा वि. आम जनता
पेशी.. 19/06/2025

आम जनता को सूचनार्थ,
जिला जबलपुर म.प्र. ।

आम जनता को सूचित किया जाता है कि राकेश पहारिया वगै. वि. आम जनता वगैरा में इस न्यायालय में पेश किया है, जो कि इस न्यायालय में दिनांक 19.06.2025 को आम जनता की उपस्थिति हेतु नियत है. इसलिए नियत पेशी दिनांक को स्वयं अथवा मार्फत अधिवक्ता के माध्यम से अपनी उपस्थिति दर्ज करायें। यदि उक्त नियत पेशी दिनांक को आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित नहीं होते है या कोई जवाब या आपत्ति पेश नहीं करते हैं तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

अत: आपको सूचित किया जाता है। कि यदि आप नियत पेशी दिनांक पेशी. 19/06/25 को न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो उक्त प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जावेगा।

न्यायालय की मुद्रा -

सुश्री उर्वशी यादव
न्यव्यहार न्यायाधीश वरिष्ट खण्ड
र.नं.- 423 सिहोरा जबलपुर म.प्र.

## कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर

पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2024-25/10 दिनांक 08/05/2025

### भवन नामांतरण

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि 1. सुलिल गुप्ता पिता स्व. राजेश गुप्ता 2. श्रीमति सरिता कुचया एड. पिता स्व. श्री राजेश गुप्ता ने भवन क्रं. 557/1 का भाग वार्ड जवाहरगंज वार्ड, क्षेत्रफल 1020 भूतल 162+ 858व्या./आ. प्रथम तल 457 आ. द्वितीय तल .... आ. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं.557/1 का भाग पर नामांतरण हेतु, पंजीकृत स्वामी श्री जितेन्द्र, शैलेन्द्र, धर्मेन्द्र, नवीन भूरा पिता इंदर चन्द भूरा भ.क्र. 557/1 का भाग पिन. नं. 1000390630, 42000705 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रमांक-5,
नगर निगम जबलपुर

र.नं. 427

## In The Court of XXVII Civil Judge Class-I District Court Jabalpur

Presiding Officer: श्वेता खरे
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000057/2025 )
श्रीमती बबली अवस्थी....... आवेदक
Vs
आम जनता .......अनावेदक
Process Id-/2025
पेशी दिनांक : 26/06/2025

प्रेषिती-
( 1 ) आम जनता पता- जबलपुर मध्यप्रदेश
( 2 ) आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती बबली अवस्थी निवासी 21 जैतना रोड बम्हनौदा कालाडूमर पनागर जबलपुर पता ने मृतक स्व. कालूराम अवस्थी निवासी 21 जैतना रोड बम्हनौदा पनागर जबलपुर (मध्यप्रदेश) की सब पोस्ट ऑफिस पनागर जबलपुर के बचत खाता क्रं. 8251940494 में जमा संपूर्ण राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 26 जून 2025 को नियत है।

यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/ संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 26 जून 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 10 मई 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा-

टिप्पणी- प्रकाशन हेतु नोटिस के साथ आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम 1925 की छायाप्रति संलग्न है।

कृपया ध्यान दें: 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

(श्वेता खरे)
सत्ताईसवें व्यवहार न्यायाधीश (वरिष्ठ खण्ड)
र.नं. 418 जबलपुर, (म.प्र.)

## आम जनता तहसील सिहोरा जिला जबलपुर म.प्र.

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि वादी सुरेन्द्र कुमार साहू उम्र 50 वर्ष पिता प्रेमदत्त साहू निवासी पोस्ट अगरिया टिकरिया त. सिहोरा जि. जबलपुर म.प्र. वाले ने इस न्यायालय मे गारम अगरिया टिकरिया ह नं. 52/139 रा.नि. म. मझगवां त. सिहोरा स्थित भूमि ख.नं. 205/1,655/1,699 रकवा क्रमश 0080.0.150,0.160 हे. भूमि के बाबद घोषणा हेतू वाद संस्थित किया है। आम जनता इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिए उपसंजात / हाजिर होने के लिए समस किया जाता है आप न्यायालय में स्वय या किसी प्लीडर अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है। जिसे संमस अनुदेश दिये गये हो आर जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान का उत्तर दे सकें आपको यह निर्देश भी किया जाता है कि इस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करे और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज आपके कब्जे में है पेश करे जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराइ का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अंन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति मे हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसे सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूचि में प्रविष्टि करे। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगे तो वांद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थित में किया जायेगा साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक है तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें।

यह आज दिनांक-8.5.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुहर लगाकर दिया गया है।

न्यायाधीश
(दीपशिखा दांगी)
न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी
सिहोरा जिला-जबलपुर (म.प्र.)

र.नं.- 43

## न्यायालय पंकज मिश्रा, पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी, राजस्व अधारताल जिला जबलपुर

राजस्व प्रकरण कमांक 002 / बी-113/2025-2026
प्रारूप-4
(सूचना पत्र नियम-5(1) देखिए)
म.प्र.लोकन्यास अधिनियम 1951 की धारा 25 के अंतर्गत

चूंकि प्रकरण में श्री साई दरबार ट्रस्ट / श्री साई नारायण दरबार द्वारा मैनेजिंग न्यासी डॉ. टी. के. श्रीनिवासन पिता स्व. श्री टी. कृष्णा स्वामी 1167 राईट टाउन जहांगीराबाद प. भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड जिला जबलपुर के द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत म. प्र. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा 25 के तहत न्यासीस श्री व्ही.डी. खिरवरड़कर के स्थान पर श्री अजय सूरे पिता गंगाराम सूरे निवासी 1057/10 नागपुर रोड त्रिपुरी वार्ड आकाश किराना शाप के पास ओल्ड शास्त्री नगर जबलपुर को नवीन न्यास के रूप में पंजीयन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

अत: एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उक्त आवेदन पर संधारित प्रकरण मेरे न्यायालय में दिनांक 26/05/2025 को विचार के लिए नियत है। कोई भी व्यक्ति / संस्था उक्त न्यास या सम्पत्ति में हिंत रखता हो और उक्त नियुक्ति के बारे में कोई आपत्ति प्रस्तुत करने या सुझाव देने का विचार रखता हो उसे इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से एक माह के भीतर दो प्रतियों में लिखित कथन/दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अथवा उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में मेरे समक्ष स्वयं या अपने अभिभावक या अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। उपरोक्त अवधि की समाप्ति के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों / दावों / सुझावों पर कोई विचार के लिए ग्राहय नहीं किया जावेगा।

जारी दिनांक 15/05/2025
पेशी दिनाक 26/05/2025

श्री रंग
पंजीयक लोक न्यास एवं अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग आधारताल जबलपुर

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार सुमित कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री नरेन्द्र कुमार मिश्रा यह कि मेरे पिता की मृत्यु 24.05.2023 को हो गई है उनकी मालिकाना हक की भूमि मौजा गोहलपुर, खसरा नं. पुराना 148, नया 148/1 ऐरिया 600 वर्गफुट का फौती नामांतरण का आवेदन मेरे द्वारा किया जा रहा है। यदि इस फौती आवेदन में किसी संस्था /शासकीय / अर्द्ध शासकीय बैंक वित्तय संस्थान / आम या खास व्यक्ति को कोई आपत्ति या इतराज हो तो वह मुझसे मेरे कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की अवधि के सात दिवस के अंदर मय कागजात के सबूत के साथ संपर्क करें। अवधि पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य व अस्वीकार होगी एवं मेरे पक्षकारगण उक्त जायजाद की फौती करवाने के लिए पूर्ण रूपेण स्वतंत्र होगा।

जबलपुर, दिनांक 13.05.2025

अभय श्रीवास्तव, एडवोकेट
म.प्र. उच्च न्यायालय, कार्या. जिला एवं सत्र न्यायालय अधिवक्ता बिल्डिंग एस-3 सांईमठ द्वितीय मंजिल जबलपुर
र.नं.- 424 मोबा.-9074068582

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकारगण नजमा पति स्व. फारूख, मोहम्मद शाहनबाज एवं मोहम्मद शाहरूख पिता स्व. फारूख यह कि हमारे पति /पिता की मृत्यु 03.02.2025 को हो गई है उनकी मालिकाना हक की भूमि मौजा कंठौदा, खसरा नं. 408/222 एवं 222 ऐरिया 1200 वर्गफुट का फौती नामांतरण का आवेदन हम वारसानो के द्वारा किया जा रहा है। यदि इस फौती आवेदन में किसी संस्था / शासकीय / अर्द्ध शासकीय बैंक / वित्तय संस्थान / आम या खास व्यक्ति को कोई आपत्ति या इतराज हो तो वह मुझसे मेरे कार्यालय में इस सूचना प्रकाशन की अवधि के सात दिवस के अंदर मय कागजात के सबूत के साथ संपर्क करें। अवधि पश्चात् की गई आपत्ति अमान्य व अस्वीकार होगी एवं मेरे पक्षकारगण उक्त जायजाद की फौती करवाने के लिए पूर्ण रूपेण स्वतंत्र होगा।

जबलपुर, दिनांक 13.05.2025

अभय श्रीवास्तव, एडवोकेट
म.प्र. उच्च न्यायालय, कार्या. जिला एवं सत्र न्यायालय अधिवक्ता बिल्डिंग एस-3 सांईमठ द्वितीय मंजिल जबलपुर
र.नं.- 424 मोबा.-9074068582

## आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरा पक्षकार मोहम्मद शरीफ पिता अब्दुल रशीद निवासी म.नं. 256/1 गाजीबाग अब्दुल हमीद चौक वार्ड 38 पंडित मोतीलाल नेहरू वार्ड जिला-जबलपुर म.प्र. के निवासी है मेरे पक्षकार के मेरे दो पुत्र है मो. शाहिद एवं मो. समीर दोनों पुत्र मेरे साथ मेरे उपरोक्त पते पर रहते है। मेरे पक्षकार का बड़ा पुत्र मो. शाहिद अपने दोस्तों की बुरी संगत में पड़कर यहां वहां लोगों से पैसा लेता फिरता है। मेरे पक्षकार का बड़ा पुत्र अपनी इन्ही हरकतों के कारण कई संस्थाओं एवं व्यक्तियों से पैसे लोन पर लिया है। एवं बड़े पुत्र के हरकतों से तंग आकर मेरे पक्षकार अपने बड़े पुत्र मो. शाहिद एवं उसकी पत्नी शबनम आरा को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति जमीन एवं जायदाद से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में अगर मेरा पुत्र मो. शाहिद व उसकी पत्नी शबनम आरा किसी भी व्यक्ति या संस्था से किसी भी तरह का पैसों का लेन-देन करते हैं या कोई अन्य घटना दुर्घटना करते हैं तो मेरा या मेरे परिवार के अन्य किसी भी सदस्य का कोई लेना देना नहीं है ना ही हमारी कोई जिम्मेदारी होगी।

जबलपुर
दिनांक-14/05/2025

अविनाश यादव
अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर
पता- 254 मिलौनीगंज कोतवाली वार्ड जिला जबलपुर म.प्र.
र.नं. 419 मो. 8839721182

## FOR CHANGE OF NAME

It is for general information that I, ANITA SARAF W/o Late MUNNA LAL, declare that name of mine has been wrongly written as ANITA BAI in Pension Payment Order of P.C.D.A. (Pension) Allahabad. The actual name of mine is ANITA SARAF, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(ANITA SARAF)
Res. H.No. 309, Beside Bhairav Mandir, Hanumantal, Sardar Vallabh Bhai Patel Ward, Jabalpur (M.P.) 482001
RN-417

देशबन्धु

जबलपुर, गुरूवार 15 मई 2025

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## देश के नए मुख्य न्यायाधीश पर जिम्मेदारी

जस्टिस भूषण रामकृष्ण (बी आर) गवई ने देश के 52वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में बुधवार को शपथ ली। उनके शपथ ग्रहण से पहले ही उनके निजी जीवन के अनसुने किस्से खबरों में आने लगे। सूचना विस्फोट के दौर में यही होता है कि किसी व्यक्ति पर सुर्खी बनाने से पहले उसके बारे में छोटी सी छोटी बात को भी खबरों में शामिल किया जाता है। इसी सिलसिले में बताया गया कि जस्टिस बीआर गवई बौद्ध धर्म को मानने वाले पहले और अनुसूचित जाति से आए दूसरे मुख्य न्यायाधीश हैं। उनकी नियुक्ति को ऐतिहासिक और प्रतीकात्मक दोनों बताया गया, क्योंकि यह न्यायपालिका द्वारा पोषित समावेशिता और संवैधानिक नैतिकता के मूल्यों की प्रतीक है। पहली नजर में इस बात में कुछ अटपटा नजर नहीं आता। बल्कि सुखद गौरव वाली बात लगती है कि एक अनुसूचित जाति के व्यक्ति को देश की न्यायपालिका का शीर्ष स्थान मिला है। लेकिन थोड़ा गहराई से सोचें तो इसमें समाज का खोखलापन और संविधान के प्रति आस्था का दिखावा ही नजर आएगा। क्योंकि संविधान में मुख्य न्यायाधीश के पद पर आसीन होने के लिए जो योग्यताएं बताई गई हैं, उनमें कहीं भी जाति या धर्म का जिक्र नहीं है। मगर हम फिर भी इसे रेखांकित कर रहे हैं और इसे समावेशिता, संवैधानिक नैतिकता का प्रतीक बता रहे हैं, तो इसका मतलब यह है कि हमने संविधान का असली भाव ग्रहण ही नहीं किया है। अगर किया होता तो इस बात पर गौर ही नहीं किया जाता कि मुख्य न्यायाधीश की आसंदी पर बैठने वाला शख्स किस जाति और धर्म का है। जस्टिस गवई के बारे में चर्चा करना ही है तो उनके अब तक के किए गए फैसलों पर की जा सकती है। या उनके निजी जीवन का यह पहलू कि वे अमरावती में नगरपालिका के विद्यालय में प्रारंभिक शिक्षा हासिल करके इस मुकाम तक पहुंचे हैं। ऐसी बातें निस्संदेह प्रेरणा देती हैं।

जस्टिस बी आर गवई ऐसे समय में प्रधान न्यायाधीश बने हैं, जब देश में संसद बनाम सुप्रीम कोर्ट के वर्चस्व का अप्रिय विवाद खड़ा हुआ है। ऐसा नहीं है कि संसद और सुप्रीम कोर्ट में सर्वोच्चता को लेकर पहले बहस नहीं छिड़ी, लेकिन ध्यान देने वाली बात यह है कि पिछले 11 सालों में न्यायपालिका को लेकर कई ऐसे विवाद खड़े हुए, जो इससे पहले कभी नहीं हुए। सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों ने आजादी के बाद के इतिहास में पहली बार प्रेस कांफ्रेंस कर अपनी व्यथा व्यक्त की। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सेवानिवृत्त होने के बाद राज्यसभा के सांसद बने। हाईकोर्ट के एक न्यायाधीश ने संघ के प्रति अपना झुकाव दिखाया और गांधी या गोडसे में किसी एक को चुनने के सवाल पर सोचने का वक्त मांगा। सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ने राम मंदिर के फैसला देने से पहले देवी के सामने बैठकर चिंतन करने की बात कबूली। ऐसे कई वाकये एक के बाद एक हुए, जिनसे न्यायपालिका पर भी उंगली उठी और आम आदमी को इसमें अपना नुकसान नजर आया। क्योंकि अदालतों में मामले चाहे जितने लंबे खिंचे, चाहे कितनी बार तारीख पर तारीख वाला संवाद बोलकर अपनी मुश्किल जाहिर की जाए, लेकिन फिर भी देश के आम नागरिक का न्यायपालिका पर अटूट भरोसा था कि उसके रहते संविधान की रक्षा होगी और नागरिक हितों की भी। इंसाफ देर से ही सही लेकिन मिलेगा और सुप्रीम कोर्ट जो फैसला लेगा वह देशहित, जनहित और संविधान की कसौटी पर ही लेगा। लेकिन जब से न्यायपालिका को लेकर विवादास्पद खबरें आईं, लोगों का भरोसा कहीं न कहीं हिल गया।

ऐसे माहौल को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे जैसे लोगों की बेतुकी टिप्पणियों ने और संगीन कर दिया, जब सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कर्तव्यनिष्ठा पर ही सवाल उठाए गए। याद कीजिए कि वक्फ संशोधन अधिनियम पर दायर याचिकाओं पर जब जस्टिस संजीव खन्ना ने फैसला सुनाया तो भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने बयान दिया था कि 'इस देश में जितने गृहयुद्ध हो रहे हैं, उसके ज़िम्मेदार केवल यहां के चीफ़ जस्टिस ऑफ़ इंडिया संजीव खन्ना साहब हैं।' इतनी बेहूदी टिप्पणी कभी किसी मुख्य न्यायाधीश पर नहीं हुई, लेकिन भाजपा ने अब तक इसके लिए अपने सांसद को कोई सजा नहीं दी है।

वक्फ संशोधन अधिनियम पर कम से कम एक दर्जन याचिकाएं दाखिल हुई हैं, जिन पर अभी सुनवाई होना और फैसला आना बाकी है, लेकिन इससे पहले जब सुनवाई हुई तो जस्टिस खन्ना ने केंद्र का जवाब आने तक आदेश दिया था कि कोई भी वक्फ संपत्ति गैर अधिसूचित नहीं की जाएगी, यानी यथास्थिति बहाल रहेगी। इसी पर भाजपा सांसद को शायद तकलीफ हो गई। वैसे पूर्व मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव खन्ना का कार्यकाल महज छह महीनों का ही रहा, लेकिन इसमें उन्होंने कुछ महत्वपूर्ण फैसले लिए। जैसे उपासना स्थल क़ानून में मंदिर मस्जिद विवाद के नए मामलों पर अंतरिम रोक का आदेश दिया था। संभल की मस्जिद समेत कई धार्मिक स्थलों पर विवाद पिछले दिनों खड़े हुए और हर आए दिन नए-नए मामले अदालत पहुंच रहे थे। ऐसे में अपने आदेश में जस्टिस खन्ना की अगुवाई वाली पीठ ने कहा कि जब तक पुराने मामलों की सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी नहीं होती तब तक कोई अदालत इन मुद्दों पर कोई क़दम नहीं उठा सकता और न ही कोई नए मामले दाखिल कर सकता है। ऐसे फ़ैसले की मांग मुस्लिम पक्ष के साथ कई और लोग बहुत समय से कर रहे थे।

इसके अलावा संविधान की प्रस्तावना को बदलने की मांग वाली याचिकाएं जस्टिस खन्ना ने खारिज की थीं। उनके कार्यकाल में ही जस्टिस यशवंत वर्मा के घर अधजले नोटों के बरामद होने का मामला भी सामने आया। वहीं इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज शेखर यादव की मुसलमानों को लेकर कथित हेटस्पीच का मामला भी उठा। यानी राजनैतिक और धार्मिक विवादों के साथ-साथ न्यायपालिका के भीतर उठे विवाद भी जस्टिस खन्ना के कार्यकाल का हिस्सा बने। उन्हीं के कार्यकाल में अप्रैल में फैसला लिया गया कि सुप्रीम कोर्ट के सभी जजों को अपनी संपत्ति की जानकारी भारत के चीफ़ जस्टिस को देनी होगी और यह जानकारी कोर्ट की वेबसाइट पर सार्वजनिक रूप से प्रकाशित की जाएगी। अब तक, सुप्रीम कोर्ट जज अपनी संपत्ति की जानकारी सिर्फ़ चीफ़ जस्टिस को सौंपते थे। उसे वेबसाइट पर डालना ज़रूरी नहीं था।

कहा जा सकता है कि अपनी तरफ से भरपूर पारदर्शिता जस्टिस खन्ना ने बरती और अपना संक्षिप्त कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा किया। सबसे अहम बात यह है कि उन्होंने ऐलान कर दिया था कि वे सेवानिवृत्ति के बाद कोई पद नहीं लेंगे। आज के वक्त में ऐसी घोषणाएं व्यक्ति के किरदार की ऊंचाई दिखा देती हैं। अब जस्टिस खन्ना के बाद मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई पर न्यायपालिका की साख और देश के नागरिकों की उम्मीदों को जिंदा रखने की जिम्मेदारी आई है।

# भाजपा के भस्मासुर पीछे लग गए हैं

## दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

भाजपा ने अपने वोट बढ़ाने के लिए जिस सांप्रदायिक ध्रुवीकरण को हथियार बनाया था और इसके लिए अपनी एक अघोषित सेना तैयार की थी, अब वही सेना भस्मासुर बनकर भाजपा के पीछे लग गई है। इसकी ताजा मिसाल मध्यप्रदेश से आई है। जहां भाजपा सरकार के मंत्री विजय शाह ने एक बेहद अशिष्ट, अभद्र और अशोभनीय टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए की थी। जनजातीय कार्य मंत्री विजय शाह सोमवार को इंदौर के महू के रायकुंडा गांव में आयोजित एक कार्यक्रम में पहुंचे थे। इस दौरान उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर बेहद घटिया बयान दे दिया। जिसका वीडियो मंगलवार को वायरल हुआ।

वीडियो में उन्होंने इतनी निर्लज्जता भरी टिप्पणी कर्नल सोफिया कुरैशी के लिए की कि यहां उसे दोहराना कर्नल सोफिया की बेकद्री ही मानी जाएगी, लेकिन टिप्पणी का सार यही था कि धर्म के कारण उन्होंने कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध आतंकवादियों से जोड़े थे। ऐसा करते हुए विजय शाह को यह उम्मीद रही होगी कि सरदार उन्हें शाबासी देगा। लेकिन अब सरदार को भी समझ आ गया है कि मामला पूरा उल्टा पड़ गया है। इसलिए सरदार और उनके सिपहसालार अब मामले को संभालने में लग गए हैं।

खुद विजय शाह को समझ आ गया कि इस समय सांप्रदायिक सेना का कोई सिपाही साथ खड़ा नहीं होगा, तो उन्होंने माफी मांग ली, लेकिन ये माफी काफी नहीं मानी जा रही है। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने बुधवार को इस मामले पर स्वत: संज्ञान लेते हुए आदेश दिया कि 4 घंटों के भीतर विजय शाह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। और इस पर सोमवार को सुनवाई भी होनी है। इधर कांग्रेस ने मंगलवार को ही विजय शाह के घर के बाहर प्रदर्शन किया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत तमाम नेताओं ने इस मामले की कड़ी भर्त्सना की। भाजपा के दोहरे रवैये पर सवाल उठाए, तो अब भाजपा नेतृत्व चौकन्ना हो गया है। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने खुद संज्ञान लिया और मध्यप्रदेश भाजपा अध्यक्ष वी डी शर्मा ने विजय शाह को तलब किया, जिसकी एक तस्वीर सामने आई है जिसमें विजय शाह हवाई चप्पलों में ही प्रदेश अध्यक्ष के सामने बैठे हैं। उन्होंने मीडिया के सामने भी कहा कि मैं बहन सोफिया से हजार बार माफी मांग सकता हूं।

कल तक जिन्हें आतंकवादियों की बहन बता रहे थे, अब श्री शाह उन्हें अपनी बहन बता रहे हैं। लेकिन यह कोई हृदय परिवर्तन नहीं है, यह केवल मौके की नज़ाकत भांप कर दिया गया बयान लग रहा है। क्योंकि असल में तो देश का पूरा माहौल ही इस कदर नफरत और सांप्रदायिकता से भरा बना दिया गया है कि कदम- कदम पर मुसलमानों से उनकी देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं। अगर कोई कहीं नमाज पढ़ते दिख जाए तो उसे संदेह की नजर से देखा जाता है। अभी एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक व्यक्ति ट्रेन में अपनी सीट पर बैठकर नमाज़ पढ़ रहा है और उसके सहयात्रियों में से एक चुपके से उसका वीडियो बना रहा है मानो उसने कोई अपराध किया हो। मोदी के 11 सालों के शासन का निचोड़ अब ऐसी ही जहरीली बूंदों में नजर आ रहा है।

> कल तक जिन्हें आतंकवादियों की बहन बता रहे थे, अब श्री शाह उन्हें अपनी बहन बता रहे हैं। लेकिन यह कोई हृदय परिवर्तन नहीं है, यह केवल मौके की नज़ाकत भांप कर दिया गया बयान लग रहा है। क्योंकि असल में तो देश का पूरा माहौल ही इस कदर नफरत और सांप्रदायिकता से भरा बना दिया गया है कि कदम- कदम पर मुसलमानों से उनकी देशभक्ति के सबूत मांगे जाते हैं।

इसलिए विजय शाह अब चाहे सोफिया कुरैशी को बहन का संबोधन दें या भाजपा नेता कर्नल सोफिया कुरैशी के घर जाकर उन्हें देश की बेटी बताएं, भाजपा की असलियत उजागर हो ही चुकी है। विजय शाह का मामला एकदम ताजा है और उस समय सामने आया जब प्रधानमंत्री मोदी युद्धविराम के ऐलान के बाद अपनी सरकार की मजबूती बताने में लगे थे, इसलिए इस समय भाजपा किसी किस्म का नुकसान नहीं देखना चाहती तो उसने अपने मंत्री को माफी मांगते हुए दिखा दिया।

लेकिन ध्यान दें तो पहलगाम हमले के बाद भी भाजपा का सांप्रदायिक चेहरा दिखा था। भाजपा छत्तीसगढ़ ने ट्वीट किया था कि धर्म पूछा था, जाति नहीं। इसके बाद आतंकी घटना के विरोध के नाम पर देश में मुस्लिमों को प्रताड़ित करने की खबरें आईं। करांची बेकरी में विजयवाड़ा, हैदराबाद आदि शहरों में उपद्रवियों ने तोड़फोड़ की, सिर्फ इसलिए क्योंकि बेकरी का नाम पाकिस्तान के शहर करांची पर है। नफरतियों को यह नजर नहीं आया कि यह दुकान किसकी है और क्यों इसका नाम करांची पर रखा गया। वैसे भी नाम कुछ भी हो, क्या किसी निर्दोष की दुकान या प्रतिष्ठान पर हमला करके आतंकवाद खत्म किया जा सकता है, यह सवाल इन अराजक तत्वों से पूछा जाना चाहिए। खैर इन्हें भी पता है कि कितने भी सवाल समाज में शांति और अमन चाहने वाले लोग पूछ लें, जब तक इनके आकाओं का हाथ सिर पर है, कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। इसलिए ट्रोलर्स ने हिमांशी नरवाल को भी ट्रोल किया और उन पर बेहूदा टिप्पणियां कीं। क्योंकि शहीद विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी ने केवल यही अपील की थी कि जो कुछ पहलगाम में हुआ उसके लिए देश के अल्पसंख्यकों या कश्मीरियों को निशाना बनाना गलत है। ऐसी नफरत मत दिखाइए।

जिन लोगों के जीवन में केवल नफरत रस का संचार होता है, वे भला ऐसी बात कैसे बर्दाश्त कर सकते थे, लिहाजा उन्होंने हिमांशी नरवाल के चरित्र पर ही कीचड़ उछाल दिया। सांप्रदायिक नफरत से भरे उन्मादी लोगों की यह भी एक खास पहचान है कि जब उन्हें किसी स्त्री का विरोध करना हो तो वे उसके चरित्र को दागदार करने की कोशिश करते हैं। कर्नल सोफिया कुरैशी के मामले को भी इस एंगल से देखने की जरूरत है।

वैसे जब युद्धविराम करने के फैसले के बारे में विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने जानकारी दी, तो ट्रोलर्स ने उन्हें भी निशाने पर ले लिया। उनके साथ-साथ उनकी बेटी के सोशल मीडिया एकाउंट्स पर जाकर ट्रोलिंग की गई। इस शर्मनाक वाकये पर आईएएस एसोसिएशन तो अपने सदस्य के साथ खड़ा नजर आया और उसने एक खिलाफ बयान जारी किया। लेकिन केंद्र सरकार ने इस पर एक शब्द नहीं कहा। न ही भाजपा की तरफ से कोई अफसोस या चिंता जाहिर की गई कि समाज में कैसे लोगों का दुस्साहस इतना बढ़ गया है कि वे एक अधिकारी को ट्रोल कर रहे हैं, जिसने केवल अपना कर्तव्य निभाया है।

भाजपा ने विजय शाह से माफी जरूर मंगवा ली है, लेकिन उसके रवैये में कोई बदलाव आ गया है, यह खुशफहमी नहीं पालनी चाहिए। भाजपा अब भी पहलगाम हमले और ऑपरेशन सिंदूर का सियासी फायदा लेना चाहती है, इसलिए ये सारा प्रहसन हो रहा है। अगर भाजपा को अफसोस होता तो उसकी तरफ से इस समय यूपीए सरकार को कोसने वाले ट्वीट नहीं किए जाते। कुछ दिन पहले भाजपा ने ट्वीट किया था कि यूपीए सरकार के वक्तए आतंकी हमलों के बाद कुछ नहीं किया गया और मोदीजी ने कितने कड़े कदम अभी उठाए हैं। इसके बाद एक ट्वीट भाजपा की कर्नाटक इकाई की तरफ से हुआ, जिसमें कसाब को बिरयानी खिलाने वाले झूठ को फिर कांग्रेस के खिलाफ इस्तेमाल किया गया और लिखा है कि उन्होंने बिरयानी खिलाई, हमने ब्रह्मोस दागी। भाजपा इस समय जिस तरह पूरे देश में तिरंगा यात्रा निकाल रही है और तमाम भाजपा नेता मोदीजी की शान में कसीदे पढ़ते हुए शौर्य रस वाले भाषण दे रहे हैं, यह सब ऑपरेशन सिंदूर को मोदी के खाते में डालने की कोशिश है। यानी सेना का नाम लेकर भी उसे श्रेय न देने का तरीका है।

वैसे मंगलवार को प्रधानमंत्री मोदी ने आदमपुर एयरबेस पर आपरेशन सिंदूर के लिए सेना की तारीफ करते हुए कहा कि 'आपके इस ऑपरेशन ने न केवल भारत की आत्मरक्षा की क्षमता को दिखाया, बल्कि देशवासियों में एकता और आत्मविश्वास को भी बढ़ाया।' उन्होंने कहा कि भारतीय सेना, वायु सेना और नौसेना ने मिलकर पाकिस्तानी सेना को क़रारा जवाब दिया, जिस पर आतंकवादी भरोसा करते थे। वहीं भाषण के आखिरी में सैनिकों के परिवारों को भी धन्यवाद देना मोदीजी नहीं भूले, उन्होंने कहा कि 'आपके परिवार भी इस युद्ध के सच्चे सिपाही हैं। उनकी प्रेरणा और बलिदान के बिना यह संभव नहीं होता।' प्रधानमंत्री ने सैनिकों से यह भी वादा किया कि सरकार उनकी ज़रूरतों को पूरा करने और सेना को और मज़बूत करने के लिए हर संभव क़दम उठाएगी।

इस भाषण के इन हिस्सों को दोहराना इसलिए जरूरी लगा क्योंकि चंद घंटे बीते भी नहीं थे कि विजय शाह ने उसी सेना का अपमान करने वाला बयान दे दिया। अब नरेन्द्र मोदी बताएं कि वे सेना और सैनिकों के परिवार के साथ किस तरह खड़े हैं।

# वैश्विक हथियार उद्योग में अभूतपूर्व वृद्धि

■ नन्तू बनर्जी

महत्वपूर्ण हथियारों की आपूर्ति के लिए आयात पर निर्भर देश के लिए लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में शामिल होना जोखिम भरा हो सकता है। वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक यूक्रेन, डोनाल्ड ट्रम्प के अमेरिकी राष्ट्रपति बनने के बाद यह कठोर सच्चाई जान गया। हाल ही में, यूक्रेन को रूस से लडऩे के लिए अमेरिकी हथियारों की आपूर्ति को सुरक्षित करने के लिए अपने पर्याप्त खनिज (दुर्लभ पृथ्वी) भंडार को छोड़ना पड़ा।

पिछले साल, यूक्रेन ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भारत को विस्थापित कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन के कुल हथियार आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा दिया, जबकि जर्मनी और पोलैंड ने क्रमश: 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत। अमेरिकी मदद के बिना, यूक्रेन संभवत: रूसी हमले के कुछ महीनों के भीतर रूस के सामने आत्मसमर्पण कर देता।

यूरोप, एशिया और एशिया-प्रशांत क्षेत्रों में बढ़ते सैन्य गतिविधियों के कारण हाल के वर्षों में हथियारों और गोला-बारूद की मांग में काफी वृद्धि हुई है। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सिप्री) के अनुसार, दुनिया में सैन्य व्यय में अभूतपूर्व वृद्धि देखी जा रही है। पिछले साल वैश्विक सैन्य व्यय 2.718 ट्रिलियन तक पहुंच गया, जो 2023 से वास्तविक रूप से 9.4 प्रतिशत की वृद्धि है। यह शीत युद्ध की समाप्ति के बाद से साल-दर-साल सबसे अधिक वृद्धि है। दुनिया के कई हिस्सों में सैन्य खर्च बढ़ा है। यूरोप और पश्चिम एशिया दोनों में इसमें तेजी से वृद्धि देखी गयी। शीर्ष पांच सैन्य खर्च करने वाले देश अमेरिका, चीन, रूस, जर्मनी और भारत हैं। कुल मिलाकर, इनका वैश्विक कुल खर्च का 60 प्रतिशत हिस्सा है, जिसका संयुक्त व्यय 1.635 ट्रिलियन है।

> पिछले साल, यूक्रेन ने दुनिया के सबसे बड़े हथियार आयातक के रूप में भारत को विस्थापित कर दिया। अमेरिका ने यूक्रेन के कुल हथियार आयात का लगभग 45 प्रतिशत हिस्सा दिया, जबकि जर्मनी और पोलैंड ने क्रमश: 12 प्रतिशत और 11 प्रतिशत। अमेरिकी मदद के बिना, यूक्रेन संभवत: रूसी हमले के कुछ महीनों के भीतर रूस के सामने आत्मसमर्पण कर देता।

पिछले साल यूरोप (रूस सहित) में सैन्य खर्च 17 प्रतिशत बढ़कर 693 बिलियन हो गया। यूक्रेन में युद्ध अपने तीसरे वर्ष में जारी रहने के साथ, पूरे महाद्वीप में सैन्य खर्च बढ़ता रहा, जिससे यूरोपीय सैन्य खर्च रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रूस का सैन्य खर्च 2024 में अनुमानित 149 बिलियन तक पहुंच गया. सकल घरेलू उत्पाद के 34 प्रतिशत के साथ, यूक्रेन पर 2024 में किसी भी देश का सबसे बड़ा सैन्य बोझ था।

जर्मनी का सैन्य खर्च 28 प्रतिशत बढ़कर 88.5 बिलियन तक पहुंच गया। पोलैंड का सैन्य खर्च 2024 में 31 प्रतिशत बढ़कर 38.0 बिलियन हो गया। नाटो के विशाल सैन्य खर्च का समर्थन करने के लिए राष्ट्रपति ट्रम्प की नापसंदगी के कारण, जर्मनी और कई अन्य यूरोपीय देशों द्वारा अपनायी गयी नीतियों से पता चलता है कि यूरोप उच्च और बढ़ते सैन्य खर्च के एक नये युग में प्रवेश कर चुका है।

अमेरिकी सैन्य खर्च में 5.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 997 बिलियन डॉलर तक पहुंच गया। यूरोपीय नाटो सदस्यों ने कुल 454 बिलियन डॉलर खर्च किये, जो गठबंधन में कुल सैन्य खर्च का 30 प्रतिशत है। वैश्विक हथियार निर्यात डेटा के अनुसार, शीर्ष 10 हथियार निर्माता देश हैं- अमेरिका, रूस, फ्रांस, चीन, जर्मनी, इटली, यूके, स्पेन, इजराइल और दक्षिण कोरिया।

पश्चिम एशियाई क्षेत्र में सैन्य व्यय 2024 में 15 प्रतिशत बढ़कर अनुमानित 243 बिलियन डॉलर हो गया। पिछले साल इजरायल का सैन्य व्यय 65 प्रतिशत बढ़कर 46.5 बिलियन डॉलर हो गया। लेबनान का सैन्य खर्च 2024 में 58 प्रतिशत बढ़कर 635 मिलियन डॉलर हो गया।

आश्चर्यजनक रूप से, क्षेत्रीय संघर्षों में शामिल होने और क्षेत्रीय प्रॉक्सी के लिए इसके समर्थन के बावजूद ईरान का सैन्य खर्च वास्तविक रूप से 10 प्रतिशत घटकर 2024 में 7.9 बिलियन डॉलर रह गया। ईरान पर प्रतिबंधों के प्रभाव ने सैन्य खर्च बढ़ाने की इसकी क्षमता को सीमित कर दिया हो सकता है। दुनिया में दूसरे सबसे बड़े सैन्य खर्चकर्ता चीन ने अपने सैन्य खर्च को सात प्रतिशत बढ़ाकर अनुमानित 314 बिलियन डॉलर कर दिया है। जापान की सेना 2024 में व्यय 21 प्रतिशत बढ़कर 55.3 बिलियन डॉलर हो गया। भारत का सैन्य व्यय, जो वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा है, मामूली रूप से बढ़कर 86.1 बिलियन डॉलर हो गया।

22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत के साथ बढ़ते तनाव के बीच, नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने अपने 2025-26 के बजट में रक्षा खर्च में 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी का समर्थन किया। चालू वित्त वर्ष के लिए भारत के रक्षा बजट में भी रिकॉर्ड 9.53 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि देश अपने सशस्त्र बलों को आधुनिक बनाने और बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों के खिलाफ स्वदेशी रक्षा उत्पादन पर विचार कर रहा है।

विडंबना यह है कि दो प्रतिद्वंद्वी दक्षिण एशियाई देश, पाकिस्तान और भारत, हथियारों के आयात पर बहुत अधिक निर्भर हैं। हथियारों पर भारत की ऐतिहासिक आयात निर्भरता पाकिस्तान, चीन और बांग्लादेश जैसे शत्रुतापूर्ण पड़ोसियों से घिरे देश के लिए वास्तविक चिंता का विषय होना चाहिए। रूस, जो खुद यूक्रेन के साथ लंबे समय से युद्ध लड़ रहा है, भारत का सबसे बड़ा हथियार आपूर्तिकर्ता बना हुआ है, हालांकि इसकी हिस्सेदारी कम हो गयी है। भारत अपने हथियारों के आयात में तेजी से विविधता ला रहा है। हालांकि, देश को वास्तव में सैन्य रूप से शक्तिशाली होने के लिए महत्वपूर्ण हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भर होने की आवश्यकता है। कोई भी देश आयातित हथियारों के साथ लंबे समय तक चलने वाले युद्ध को बर्दाश्त नहीं कर सकता। वर्तमान में, भारत के दो करीबी रक्षा सहयोगी और आपूर्तिकर्ता, रूस और इजराइल, खुद लंबे समय तक युद्ध में शामिल हैं।

पाकिस्तान भी महत्वपूर्ण हथियारों के लिए काफी हद तक आयात पर निर्भर है। हथियारों की आपूर्ति के लिए वह पड़ोसी देश चीन पर बहुत अधिक निर्भर है। 2020 से 2024 के बीच पाकिस्तान के हथियारों के आयात में चीन का हिस्सा 81 प्रतिशत था। पिछले एक दशक में इस क्षेत्र में चीन का दबदबा बढ़ा है। अब, पाकिस्तान, जो भारत के आकार का एक-चौथाई से भी कम है, वैश्विक स्तर पर पांचवां सबसे बड़ा हथियार आयातक है, जिसकी वैश्विक हथियार आयात में 4.6 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पिछले साल, दुनिया के शीर्ष पांच हथियार आयातक यूक्रेन, भारत, कतर, सऊदी अरब और पाकिस्तान थे। अत्याधुनिक हथियारों के लिए लगभग पूरी तरह से चीन पर निर्भर पाकिस्तान तब तक खुद को लंबे समय तक चलने वाले युद्ध में शामिल नहीं कर सकता जब तक कि उसे चीन से लगातार पर्याप्त तोपखाने का समर्थन न मिले।

## आपके पत्र

### भारत की आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्न

पहलगाम के आतंकवादी हमले 27 निर्दोष लोगों की निर्मम हत्या के जवाब में हमने ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के हवाई सुरक्षा ठिकानों को नष्ट करके उनके लगभग 100 आतंकवादियों को मार के एक आंशिक फतेह जरूर प्राप्त कर ली है। इससे यह तो पता चला कि हमारी सीमा की सुरक्षा व्यवस्था एकदम चुस्त और दुरुस्त है।

भारत मे बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ देश को अपनी आंतरिक सुरक्षा पर भी विशेष ध्यान देना होगा क्योंकि भारत में आंतरिक सुरक्षा भी एक बड़ा प्रश्नचिन्ह लेकर खड़ा हुआ है। क्या हम आंतरिक रूप से सुरक्षित हैं? इस यक्ष प्रश्न को विस्तृत रूप से समझने के लिए कुछ बातें अत्यंत आवश्यक है।

भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। स्वतंत्रता के बाद से भारत के संविधान में लोकतंत्र को सर्वोपरि स्थान दिया गया है। देश की भौगोलिक तथा जनसंख्यात्मक विशालता में कुछ तत्व सांप्रदायिक हिंसा एवं अराजकता के परिस्थितियों के कारण उत्पन्न हो सकते हैं, पर भारतीय लोकतंत्र की महानता एवं विशालता ही है कि जिसके कारण संवैधानिक भारतीय लोकतंत्र को बहुत ज्यादा फर्क नहीं पड़ता, पर यह तय है कि सांप्रदायिक हिंसा एवं धार्मिक कट्टरता से लोकतंत्र की अवधारणा थोड़ी दिग्भ्रमित जरूर होती है पर इसकी मजबूती ना तो पहले कम हुई है और ना ही भविष्य में होने की कोई गुंजाइश ही है। हिंसा, विवाद किसी भी मसले का कोई हल नहीं पर यह लोकतंत्र के लिए एक दाग के समान है। किसी भी देश में लोकतंत्र की आम धारणा आपसी सद्भाव और समभाव को लेकर आधारभूत रचनात्मक रूप से की गई है। विश्व के शांति प्रस्तावक भारत देश में हिंसा और हिंसक आंदोलन की कोई जगह नहीं एवं यह किसी धार्मिक, सामाजिक अथवा आर्थिक असहमति का परिणाम तो कतई नहीं हो सकती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक,प्रजातांत्रिक स्वतंत्र राष्ट्र है। वैचारिक चिंतन लोकतंत्र के प्रमुख अवयव होते हैं, राष्ट्र के किसी भी नीति में सहमत और असहमत होना एक सामान्य प्रक्रिया, प्रतिक्रिया हो सकती है, और आम जनमानस का किसी मुद्दे पर आज सहमत होना भी एक सामान्य बात हो सकती है पर किन्ही भी परिस्थितियों में असहमति हिंसा के रूप में कतई बर्दाश्त के योग्य नहीं होनी चाहिए, विरोध का स्वरूप राष्ट्रीय संपत्ति की बर्बादी तो किसी भी काल और खंड में स्वीकार्य नहीं है। यह राष्ट्र के लिए घातक और विकास की अवधारणा को अवरुद्ध करने वाला आत्मघाती कदम है। आंदोलन का स्वरूप सदैव शांतिपूर्वक हो तो राष्ट्र तथा आमजन के हित में ही होगा। आंदोलनकारियों को शायद यह गुमान नहीं है कि राष्ट्रीय सरकारी संपत्ति आपके द्वारा दिए गए टैक्स के रूप में रुपयों से ही निर्मित होती है, इसे नष्ट करके आप स्वयं अपनी संपत्ति का नुकसान ही कर रहे हैं। आजादी के बाद से भारत के समक्ष कई सामाजिक आर्थिक समस्याएं आई है। अक्सर सामाजिक क्षेत्र में समस्याओं ने अर्थव्यवस्था की उत्तरोत्तर प्रगति पर अवरोध खड़े किए हैं। देश की सामाजिक विषमताओं ने समाज में कई समस्याओं को जन्म दिया है एवं आर्थिक प्रगति पर विभिन्न सोपानों में लगाम लगाई है। भारतीय समाज में विषमता एवं विविधता भारत के लिए एक बड़ी समस्या बनकर सामने खड़ी है।

**संजीव ठाकुर**



## ललित सुरजन की कलम से

### हिंदी में साहित्येतर लेखन और एक अच्छी पुस्तक

*'मुझे जब कभी इस साहित्येतर लेखन के अंतर्गत प्रकाशित कोई पुस्तक पसंद आई है तो मैंने अक्षर पर्व में इस स्तंभ के अंतर्गत उसकी चर्चा यथासमय पर की है। एक बार फिर एक और अच्छी पुस्तक मेरे हाथों में है। वरिष्ठ पत्रकार अरविंद कुमार सिंह ने भारतीय डाक -सदियों का सफरनामा शीर्षक से जो पुस्तक दस साल पहिले लिखी, उसके अब तक छह संस्करण प्रकाशित हो चुके हैं। यह तो तय है कि भारतीय डाक विभाग ने इस पुस्तक की बिक्री में खासा योगदान किया होगा; फिर भी उसके छह संस्करण प्रकाशित होना इस बात का सबूत है कि सामान्य पाठकों के बीच भी पुस्तक लोकप्रिय हुई है। चूंकि इसे नेशनल बुक ट्रस्ट ने प्रकाशित किया है, इसलिए बिक्री के आंकड़े भी प्रामाणिक होंगे, इसमें संदेह नहीं।'' अरविंद ने भारतीय डाक लिखने हेतु सामग्री जुटाने में गहन शोध और अपार श्रम किया है। इसके लिए उन्होंने देश के विभिन्न हिस्सों में जाकर डाकघर की प्रणाली का अध्ययन किया, कुछ पड़ोसी देशों की डाक व्यवस्था को भी समझा, डाक विभाग के अभिलेखों में डूबकर तथ्य और आंकड़े जुटाए, नीति निर्माताओं याने डाक विभाग के मंत्रियों व अफसरान के साथ बातचीत कर उनका दृष्टिकोण समझा, तब कहीं जाकर 400 पृष्ठ की यह किताब तैयार हो सकी है।'*

**(अक्षर पर्व मई 2016 अंक की प्रस्तावना)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2016/05/blog-post_18.html

## आज अंतर्राष्ट्रीय परिवार दिवस

### परिवार से मजबूत कोई और संस्था नहीं

परिवार क्यों महत्वपूर्ण है? इस सवाल का उत्तर बढ़ा-चढ़ाकर नहीं दिया जाना चाहिए। यह हम सभी जानते हैं कि परिवार हमें बेहतर इंसान बनाने में अहम भूमिका निर्वहन करते हैं। जिनके पास परिवार नहीं, वे इसे गहराई से अनुभव कर सकते हैं। परिवार ही हमें रिश्तों का महत्व समझाता है। यह बाहरी दुनिया के साथ सार्थक संबंध बनाने में हमारी सहायता करता है। परिवार के साथ समय बिताना, प्यार बांटना और खुलकर बातचीत करना बेहतर भविष्य के द्वार खोल जाता है। परिवार ही हमारे भीतर धैर्य का संचार करता है। वास्तव में देखा जाए तो परिवार एक सामाजिक संस्था है। इसे ऐसी मजबूत संस्था माना जा सकता है जिसका अभ्युदय आपसी सहयोग व समन्वय की मजबूत गांठ का परिणाम होता है। परिवार में शामिल सभी सदस्य आपस में मिलकर अपना जीवन प्रेम, स्नेह एवं भाईचारे के साथ चलाया करते है। यदि एक खुशहाल परिवार की पहचान की बात की जाए तो वह उस विशेषता से परिपूर्ण होता है जिसमें संस्कार, मर्यादा, सम्मान, समर्पण, आदर तथा अनुशासन कूट- कूटकर भरे होते हैं। कोई भी व्यक्ति जिस परिवार में जन्म लेता है, उसकी पहचान उस परिवार की प्रतिष्ठा के साथ जुड़ी होती है। यह भी कटु सत्य है कि एक व्यक्ति अच्छे और बुरे कर्मों को भी अपने परिवार में रहकर ही सीखता है। कहा जाता है कि परिवार से बड़ा कोई धन नहीं, पिता से बड़ा कोई सलाहकार नहीं, मां के आंचल से बड़ी दुनिया नहीं, भाई से बड़ा कोई भागीदार नहीं, बहन से बड़ा कोई शुभचिंतक नहीं अत: सार रूप में कहा जाए तो परिवार के बिना जीवन की कामना नहीं की जा सकती है।

परिवार की एक शाखा संयुक्त परिवार के रूप में देखी गई थी। इस तरह के परिवार केवल परिवार नहीं कहे जा सकते वे पूरी पाठशाला हुआ करते थे। यही संयुक्त परिवार उद्यम के आधार थे। यही सामाजिक मंच हुआ करते थे। इन परिवारों में रहने वाले लोगों ने सभी सदस्यों को सुरक्षा प्रदान कर रखी थी। इन्हीं परिवारों की नींव स्वरूप बुजुर्गों ने बच्चों को संस्कार प्रदान करने की जवाबदारी बखूबी निभाई थी। युवाओं की आजादी पर लगाम भी संयुक्त परिवार के मुखियाओं ने ही लगाई थी। जरा कल्पना करें कि यदि यह सब न हुआ होता तो आज उच्श्रृंखलता और व्यभिचार किस कदर बढ़ चुका होता? अब नाम मात्र के रह गए संयुक्त परिवार के बाद ऐसा लगने के लगा है कि एकल परिवारों में रह रहे बच्चों को संस्कार कैसे दिया जाए? परिवार के सदस्यों को (बिखरने के बाद) सामाजिक सुरक्षा किस तरह प्रदान करे?

परिवार जीवन की वह अनमोल संपत्ति है , जिसके बिना जीवन अधूरा है । यह सिर्फ खून के रिश्तों का बंधन नहीं बल्कि प्यार , विश्वास और अपनेपन का खूबसूरत संगम होता है । जब दुनिया की भीड़ में हमें कोई नहीं पहचानता , तब परिवार ही हमारे कंधों को सहारा देता है । तकनीक और डिजिटली दुनिया ने भले ही हमें ग्लोबली कनेक्ट कर दिया हो , किंतु दिलों की दूरियां कहीं न कहीं बढ़ गई हैं । ऐसे में परिवार ही वह आधारशिला है जो हमें जमीन से जोड़े रखती है ।

**-डॉ. सूर्यकांत मिश्रा**

## दमोह नाका में फ्लाई ओव्हर के नीचे जर्जर सड़क और धूल बनी वाहन चालकों के लिये मुसीबत

**जवाबदार विभाग के आला अधिकारियों की खामोशी ने समस्या को बनाया जटिल**



**जबलपुर, देशबन्धु।** दमोह नाका से मदन महल का फ्लाई ओव्हर भले ही उपर की तरफ से बनकर तैयार है, लेकिन इसके नीचे की तरफ सड़क कई जगह बुरी अवस्था मे है।

दमोह नाका चौक पर सबसे ज्यादा स्थिति खराब है। जहां पर रोटरी बननी है वहां पर चारों ओर कहीं अस्थाई अतिक्रमण हैं तो कई जगह धूल के गुबार जो यहां से आने जाने वालो के लिये मुसीबत खड़े कर रहे हैं। इससे लोगों को सांस लेने तक में दिक्कत हो रही है।

उल्लेखनीय है कि इस फ्लाई ओव्हर का एक हिस्सा कृषि उपज मंडी की तरफ तो दूसरा सिरा गोहलपुर की ओर है। बीच में दमोह नाका चौक है। यहां पर अब तक नीचे की तरफ से संचालित होने वाले यातायात के लिये सड़क को नहीं बनाया गया है। जगह-जगह सड़क में गढ्डे देखने को मिल जाएंगे। खुद सड़क बनाने वाली ठेका कंपनी के अस्थाई निर्माण यातायात में बाधक बन रहे हैं।

**देशबन्धु** जन सरोकार

इस चौक को शहर का सबसे ज्यादा व्यस्तम स्थान माना जाता है। यहां पर सुबह से देर शाम तक बड़ी संख्या में वाहनों का आना जाना लगा रहता है। ऐसे में कई जगह तो पैदल तक चलने की स्थिति नही है। दो पहिया वाहनो और अन्य वाहन तो यहां रेंगते हुये चलाने पड़ते हैं।

### वाहनों की टूट-फूट बड़ी

इससे वाहनों में टूट फूट भी बढ़ी है। साथ ही वाहन चालकों को हड्डी की बीमारी के साथ ही गर्दन में दर्द की शिकायत आम बात हो गई है। इस मार्ग से रोजाना जनप्रतिनिधि और प्रशासन के आला अधिकारियों का आना जाना लगा रहता है, इसके बाद भी सड़कों की दुर्दशा कई तरह के सवाल खड़े कर रही है। संबंधित विभाग के अधिकारियों को इस तरफ ध्यान देने की जरूरत है ताकि लोगों को होने वाली असुविधा से निजात मिल सके।

## शासकीय शालाओं में दर्ज संख्या हो रही कम, शिक्षक हो रहे अतिशेष

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि आर टी ई के चलते शासकीय शालाओं में बच्चों की दर्ज संख्या कम होती जा रही है जिससे शिक्षक भी अतिशेष होते जा रहे हैं।

पालक अपने बच्चों को अशासकीय विद्यालयों में दाखिला दिलाने में ज्यादा रुचि रख रहे हैं। जबकि शासकीय शालाओं में पूरी व्यवस्थाएं होने के बाद भी अभिभावक शासकीय शालाओं में अपने बच्चों को दाखिला न दिलाकर अशासकीय शालाओं में दाखिला दिला रहे है द्य जबकी शासकीय शालाओं में बच्चों को भोजन एवं पुस्तक तथा खेल की सभी व्यवस्थाएं उपलब्ध होने के बावजूद भी पालक अपने बच्चों को अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश दिलाने के लिए रुचि रख रहे हैं। जिसका सीधा असर शासकीय शालाओं की दर्ज संख्या पर पड़ रहा है वर्तमान में आरटीई की प्रक्रिया के चलते शासकीय शालाओं में अभिभावक बच्चों को दर्ज नहीं कर रहे हैं अशासकीय शालाओं मे आर टी ई के तहत बच्चों को प्रवेश नहीं मिलता तब अभिभावक शासकीय शालाओं में अपने बच्चों को दर्ज कराते हैं। रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, शहीर मुमताज, दिनेश गोंड, राकेश श्रीवास, हेमंत ठाकरे, राजकुमार यादव, रऊफ खान, योगेश ठाकरे, एनोस विक्टर, गुडविन चार्ल्स, धनराज पिल्ले, फिलिप एंथोनी, देवेंद्र भट ने उक्त मांग की है।

## पलक जैन ने दसवी बोर्ड में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया



**जबलपुर, देशबन्धु।** सीबीएसई के दसवी बोर्ड की परीक्षा में पलक जैन माता सुनीता जैन एवं पिता जय कुमार जैन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उन्होंने प्रथम रैंक में परीक्षा को उत्तीर्ण किया है। उन्हें 99 प्रतिशत अंक प्राप्त हुये हैं। वे अपनी सफलता के लिये माता पिता का स्नेह एवं सहयोग एवं गुरूजनों का आशीर्वाद मानती हैं। वे लिटिल वर्ल्ड स्कूल तिलवारा की छात्रा हैं। शुभचिंतकों ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।






## अपोलो हॉस्पिटल में दवा के साथ भगवान की कृपा भी मिलेगी: धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री



**बागेश्वर धाम सरकार ने किया हॉस्पिटल का लोकार्पण, जनदर्शन एवं आशीर्वचन में भक्तों की भीड़,**

**जबलपुर, देशबन्धु।** बागेश्वर धाम सरकार पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के कर कमलों से बुधवार को अपोलो हॉस्पिटल का शुभारंभ हुआ। लाल फीता खोलकर हॉस्पिटल का शुभारंभ करने के पश्चात उन्होंने भगवान राधा कृष्ण की पूजा अर्चना की। अति आधुनिक सुविधाओं से युक्त हॉस्पिटल जनता के लिए समर्पित करते हुए उन्होंने इस सौगात के लिए चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया व उनके परिवार की प्रशंसा की। अस्पताल के शुभारंभ कार्यक्रम के उपरांत ग्लोबल कॉलेज परिसर में गुरुदर्शन एवं आशीर्वचन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस दौरान बागेश्वर धाम सरकार ने कहा कि अपोलो हॉस्पिटल में दवा के साथ भगवान की कृपा भी मिलेगी। क्योंकि इस हॉस्पिटल का प्रारंभ ही आध्यात्म के साथ किया गया है। जब हॉस्पिटल का निर्माण हो रहा था तब मैं सात दिन तक यहीं रुका था। जिस अस्पताल की शुरुआत ही भजन सत्संग और पूजा पाठ शुरू हो वहां पर सबका मंगल ही मंगल होगा। उन्होंने आगे कहा कि प्रार्थना के लिए दो ही जगह है एक मंदिर और दूसरा अस्पताल मानी जाती है।

धीरेंद्र शास्त्री ने कहा बड़ेरिया परिवार ने विश्व स्तरीय अस्पताल के रूप में आरोग्य की जो व्यवस्था दी है वह अपोलो जेबीपी हॉस्पिटल के रूप में आज से प्रारंभ हो रही है। जबलपुर में 14 मई में को नया इतिहास लिखा गया है। चिकित्सा के क्षेत्र में नई क्रांति की शुरुआत हो रही है। मां नर्मदा की पावन नगरी में चिकित्सा के क्षेत्र में अपोलो हॉस्पिटल बड़ी उपलब्धि है।

**इनकी रही उपस्थिति-** गुरुदर्शन व आशीर्वचन के मंचीय कार्यक्रम के दौरान अपोलो हॉस्पिटल जेबीपी के चेयरमैन सौरभ बड़ेरिया, राजीव बड़ेरिया, डॉ. शोभित बड़ेरिया सहित विधायक सुशील तिवारी इंदू, विधायक अशोक रोहाणी, विधायक नीरज सिंह सहित अन्य जन प्रतिनिधि व प्रदेशभर से आए गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## राहगीरों के लिये शीतल पेयजल


**जबलपुर, देशबन्धु।** भीषण गर्मी मे बुधवार 14 मई को जाएंट्स हेल्पिंग एसोसिएशन द्वारा राहगीरों के सेवार्थ उखरी रोड पर दो प्याऊ आरम्भ किये। पहला प्याऊ उखरी रोड समीप एस बी आई कालोनी मे मनीष किराना के पास तथा दूसरा उखरी रोड पर स्थित पतंजलि मेगा के समीप आरम्भ किया गया। पुण्य सेवा कार्य को सफल बनाने एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष द्वय खूबचंद मलगानी, अरविन्द पटेल के साथ ही राजेश सोनी एड राजेंद्र वर्मा, श्रीमती रीता सोनी, अंकित कुबेर इत्यादि का सहयोग रहा, संचालन श्रीमती दीपा पटेल एवं आभार प्रिंसि जैन ने किया।



### वन्दे भारत ट्रेन सेट में कम्पन (वाइब्रेशन) के सुधार हेतु प्रयास

**जबलपुर देशबन्धु।** मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा एवं प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर पश्चिम मध्य रेल जबलपुर एम विजय कुमार के उचित मार्गदर्शन में यांत्रिक विभाग द्वारा रीवा से रानीकमलापति जाने वाली वन्दे भारत एक्सप्रेस में कम्पन (वाइब्रेशन) को कम से कम करने हेतु आधुनिक तरीके अपनाए जा रहें हैं । इसके लिये आधुनिक उपकरण एक्स्लेरोमीटर का उपयोग किया जा रहा ।

## न्यू समदड़िया बिल्डर्स का धमाका




**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यू गोरखपुर में समदड़िया बिल्डर्स कार्यालय में पहले ही दिन लोगों का जन सैलाब देखा गया। यहां पर एक ही छत के करीब सभी बाजार जगह केंद्रित होंगे, इसी सोच के साथ निर्माण कार्य जारी है। लोगों की शहर के गोरखपुर में कामार्शियल और रेसीडेंसी वाले स्थान की तलाश पूरी होती दिख रही है। यहां पर बहुप्रतिक्षित प्रोजेक्ट के कार्यालय गोरखपुर में जानकारी प्राप्त करने लोग पहुंच रहे हैं। शॉप, ऑफिस और चेंबर के साथ शो रूम एवं फ्लैट्स के लिये लोग पसंद पर टिक कर रहे हैं। अगर आप नहीं आये है तो तुरंत साईड ऑफिस आये और अपनी पसंद पर टिक करें।

## निरंकारी श्रद्धालुओं द्वारा बाबा हरदेव सिंह को अर्पित किये श्रद्धा सुमन



**जबलपुर, देशबन्धु।** सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं सत्कार योग्य निरंकारी राजपिता रमित की असीम कृपा से जबलपुर गोलबाजार सत्संग भवन में सायं 6.30 से 09 बजे तक युगद्रष्टा बाबा हरदेव सिंह महाराज की पुण्य स्मृति में महात्मा राजीव पाण्डे सतना के सानिध्य में विशाल समर्पण दिवस के रूप में संत समागम का आयोजन किया गया। बाबा हरदेव सिंह महाराज ने 36 वर्षों तक निरंकारी मिशन की बागडोर संभाली उन्होंने अपनी सादगी व दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया, अपितु समस्त मानव जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई आपने आध्यात्मिक जागरूकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में भी सकारात्मक योगदान दिया जैसे रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वस्थ जांच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा जैंसी परियोजना अहम हैं संत निरंकारी मिशन द्वारा समर्पण दिवस का आयोजन सम्पूर्ण निरंकारी जगत् में किया गया। सतगुरू माता सुदीक्षा महाराज एवं निरंकारी राजपिता के सनिध्य में युगद्रष्टा बाबा हरदेव सिंह कि पुण्य स्मृति में भावनात्मक वर्चुअल संत समागम का आयोजन किया गया जहां देश- विदेश के लाखों श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि सतगुरू बाबा हरदेव सिंह महाराज का जीवन हर क्षण प्रेम त्याग सेवा और शिक्षाओं से परिपूर्ण था ऐसा ही भक्ति वाला जीवन हम सभी का हो, ये समर्पण केवल शब्दों तक सीमित न रहे व्यवहार में उतरे आप ने कहा कि सच्चा प्रेम केवल वाणी से नहीं कर्मों से प्रकट हो समर्पण केवल एक तिथि नहीं बल्कि अवसर है यह सोचने का कि क्या हम वाकई अपने जीवन को शिक्षाओं से जोड़ पाए प्रेम एकता, नम्रता हम अपने भीतर बसाकर ही इस दिवस को सार्थक बना सकते हैं।

## ओपनिंग एड्रेस में हुए दस्तावेजों की हुई जांच

**जबलपुर, देशबन्धु।** वनएमपी सिग्नल कम्पनी का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर कैम्प एकलव्य मॉडल रेसीडेंसी स्कूल में शुरू हुआ। शिविर संचालन 22 मई तक किया जाएगा। कैम्प में जिले के स्कूल और कॉलेजों से 352 कैडेट्स शामिल हुए। प्रथम दिन की शुरुआत कैडेट्स के दस्तावेजों की जांच की गई। इसके बाद बायोमेट्रीक उपस्थिति दर्ज की गई। कैम्प कमाण्डेंट कर्नल अंकुर वशिष्ठ ने कैडेट्स ने कैडेट्स जीवन के अनुशासन को दिनचर्या में शामिल करने की बात कही। सीजन के अकॉर्डिंग कैडेट्स को हाइड्रेटेड डाइट फॉलो करने की सलाह दी गई। इस मौके पर नायब सूबेदार देवेन्द्र, ट्रेनिंग एनसीओ सीएचएम अनिल साहू, सीएचएम धम्मन सिंह, हवलदार उपेन्द्र तिवारी, हवलदार महेन्द्र यादव, जीसीआइ हर्षिता सिंह का सहयोग रहा।

## श्रीमदभागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ जगदीश मंदिर गढाफाटक में



**जबलपुर, देशबन्धु।** कथा व्यास आत्मपुरोहित श्री दत्त जी महाराज के अमृतमय भाव का आनंद लें सभी नगर वासियों धर्मावलंबियों से बढ़ी संख्या में उपस्थित का निवेदन किया गया है। इस अवसर पर संतजनों का शुभागमन पूज्यपाद स्वामी मुकुंददास, पूज्यपाद स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज पूज्यपाद स्वामी श्यामदास महाराज, पूज्यपाद स्वामी पगलानंद महाराज माननीय अतिथिगण माननीय अभिलाष पाण्डेय विधायक उत्तर मध्य क्षेत्र,सहित श्रीमती सोनल तिवारी समाजसेवी प्रदेश संरक्षक, महिला प्रकोष्ठ म.प्र. माननीय डॉ. विजयकांत तिवारी चीफ कमिश्नर भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला जबलपुर म.प्र. न्यासी मंडल अधिवक्ता लाल ज्ञानेद्र सिंह बघेल, प्रबंध न्यासी, अधिवक्ता विपिन मिश्रा, न्यासी, अधिवक्ता राजकुमार साहू, न्यासी, अधिवक्ता तेजकुमार मोढ़, न्यासी, मोहित तिवारी, प्रबंधक जगदीश मंदिर सहयोगीगण लाल अच्युतेन्द सिंह बघेल, शासकीय अधिवक्ता, देवेन्द्र त्रिपाठी, ज्योतिषाचार्य, पं. श्री मनमोहन दुबे, देवेन्द्र नेमा, सत्यप्रकाश नामदेव, श्री श्याम मनोहर पटेल, मनोज गुलाबवानी, सुरेश विश्वकर्मा, विशाल पंड्या, छन्नूराम पटेल, नितिन चौबे, पुजारी देवेन्द्र त्रिपाठी, देवव्रत सोनी, अनिल चौबे, संतोष अग्रहरि, सत्यप्रकाश सराफ, संजय मिश्रा, नरेश पहार, सतीश तिवारी (छुट्ठ भैया) ने भक्तों से उपस्थिति का आग्रह किया गया है। कार्यक्रम की तैयारी पूरी हो गई हे। इस दौरान विविध धार्मिक झांकियां भी प्रस्तुत की जायेगी। इसके लिये कलाकारों को बुलाया गया है।

# नगर में निकली तिरंगा यात्रा

## उप मुख्यमंत्री देवड़ा के साथ सभी जनप्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में बुधवार को तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें प्रदेश के उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा के साथ ही भाजपा के नेता व जनप्रतिनिधि शामिल हुये। वन्दे मातरम चौक सिविक सेंटर में यात्रा को पूज्य संत दंडी स्वामी कालीकानंद जी महाराज, जगत गुरु सुखानन्द द्वाराचार्य राघव देवाचार्य जी, स्वामी गिरिशनानंद जी, स्वामी मुकुंददास जी महाराज, स्वामी चैतन्यानंद जी, स्वामी राधे चैतन्य जी, ज्ञानेश्वरी दीदी, स्वामी कालीनंद जी ने रवाना किया जो वंदे मातरम चौक सिविक सेंटर से करमचंद चौक अंधेरदेव बड़ा फुहारा लार्डगंज मालवीय चौक तीनपत्ती नवभारत चौराहा ब्लूम चौक शास्त्री ब्रिज छोटी लाइन गोरखपुर बाजार भगत सिंह चौराहा गणेश चौक टी आई क्रासिंग भारतमाता चौक डिलाइट चौक इंदिरा मार्केट कांचघर शीतलामाई घमापुर चौक होते हुए तहसील चौक स्थित बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा के समक्ष सम्पन्न हुई। राज्य सभा सांसद सुमित्रा वाल्मिकी, सांसद आशीष दुबे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, नीरज सिंह, रत्नेश सोनकर, रिंकू विज, डॉ जितेंद्र जामदार, प्रभात साहू, लेखराज सिंह मुन्ना, यात्रा संयोजक संदीप जैन, पंकज दुबे, रजनीश यादव, सह संयोजक सुधांशु गुप्ता, समीर दीक्षित, अभय सिंह ठाकुर, योगेंद्र सिंह राजपूत, शिवा चौधरी, उवैस अंसारी, सोनू बचवानी रंजीत पटेल, अभिनव यादव, प्रशांत केसरवानी, रविंद्र पचौरी, श्रीकान्त साहू, रवि शर्मा, संतोष यादव, प्रणय गुप्ता, नरेश पटेल, प्रशांत दुबे, शैलेंद्र विश्वकर्मा, ऋषि सोनकर, राम सोनकर योगेश बिलोहा, राहुल रजक, योगेश लोखंडे, अकील अंसारी, दामोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, गुड्डा केवट के साथ बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जबलपुर रेल मंडल द्वारा आज निकाली जाएगी तिरंगा यात्रा

जबलपुर रेल मंडल के मुख्य रेलवे स्टेशनों में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कल गुरुवार 15 मई 2025 को मंडल रेल प्रबंधक के निर्देशन पर रेलवे स्टेडियम जबलपुर से एक तिरंगा यात्रा प्रारंभ होकर दो नंबर ब्रिज से होते हुए रेलवे स्टेशन जबलपुर पहुंचेगी, इसी तरह मंडल के अन्य स्टेशनों से सुबह 8 बजे से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया जाना है । इस इस संबंध में वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक डॉक्टर मधुर वर्मा ने अपील की है कि इस तिरंगा यात्रा में मंडल के सभी रेलवे अधिकारी और कर्मचारी गण सम्मिलित हों और रैली के माध्यम से हमारे देश की सेना के प्रति ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर कृतज्ञता व्यक्त करने एवं सैनिकों का मनोबल बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्य है।

## क्षितिज श्रीवास्तव का सुयश



**जबलपुर,देशबन्धु।** मध्य प्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड 10वीं की सी बी एस ई में कक्षा दसवीं के छात्र एडवोकेट सागर श्रीवास्तव के पुत्र और माता नमिता श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में पुत्र क्षितिज श्रीवास्तव ने 96.2 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय और संस्कारधानी का नाम रोशन किया है क्षितिज का बैडमिंटन तैराकी संगीत गायन हॉकी आदि खेलों में खासी रुचि भी है।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**



**राकेश कुमार चौधरी-** गढ़ा देवताल निवासी राकेश कुमार चौधरी (चौधरी मसाब ) का निधन हो गया है। वे राहुल चौधरी के पिता थे एवं हितकारणी स्कूल से सेवानिवृत्त थे। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में किया गया ।



**अमित शुक्ला शानू -** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय स्थित कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय में कार्यरत कार्यालय सहायक अमित शुक्ला शानू का दुखद निधन हो गया । वे सुश्री मौली के पिता थे। अंतिम यात्रा आज को प्रात: 9 बजे निज निवास कृषिनगर अधारताल से गौरीघाट मुक्तिधाम के लिए रवाना होगी

**श्री गौरी शंकर रावत-** पुष्पक नगर अधारताल निवासी श्री गौरी शंकर रावत (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री अमित पटेल-** छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री राजेश पटेल के पुत्र श्री अमित पटेल (29) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश कुमार नेमा-** बाबा रामदेव ड्रीमलैंड माढ़ोताल निवासी श्री सुरेश कुमार नेमा (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्रीमती तेज कौर अरोरा-** अधारताल गुरूद्वारा के सामने निवासी श्री प्रेम सिंह अरोरा की धर्मपत्नी श्रीमती तेज कौर अरोरा का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री रमेश कमार मरावी-** कुम्हार मोहल्ला इंद्रा नगर व्हीकल निवासी रमेश कुमार मरावी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**सुश्री पविन्दर कौर पसरीचा-** नरसिंह बिल्डिंग रानीताल निवासी श्री लाल सिंह पसरीचा की पुत्री सुश्री पविन्दर कौर पसरीचा (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री कृष्ण राव बेंडे-** सुभाष नगर महाराजपुर निवासी श्री कृष्ण राव बेंडे (85) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री सुरजीत कोल-** चंडालभाटा चेरीताल निवासी श्री सुरजीत कोल (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत-** त्रिमूर्ति नगर गली नं. 3 निवासी श्री वीरेंद्र सिंह राजपूत (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश कोल-** माढ़ोताल कोल बस्ती निवासी श्री महेश कोल (47) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल में किया गया।

**श्रीमती लीलारानी सेन-** एसकेएफ साईं मंदिर के पास रांझी निवासी श्री शशांक शेखर सेन की धर्मपत्नी श्रीमती लीलारानी सेन (93) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री सरमन कुमार-** काछी मोहल्ला हृदय नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री सरमन कुमार (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री मनोज दुबे-** शांति नगर धनप्रभा परिसर निवासी श्री मनोज दुबे (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री राकेश बेन-** पुरानी बस्ती गौरीघाट रामलला मंदिर के पास निवासी श्री राम कुमार बेन के पुत्र श्री राकेश बेन (38) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती ममता देवी चौधरी-** एकता मार्केट गोरैयाघाट निवासी श्री सुशील चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती ममता देवी चौधरी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट भूमि में किया गया।

## दैनिक राशिफल

**गुरुवार 15 मई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। जेष्ठ कृष्ण पक्ष की तृतीया, नक्षत्र-जेष्ठा।**

**मेष** आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

**वृषभ** सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

**मिथुन** आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।

क- 278-590

**कर्क** व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

**सिंह** प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

**कन्या** आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

**तुला** नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

**वृश्चिक** निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

**धनु** आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

**मकर** कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

**कुंभ** आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

**मीन** आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।

म. 224-170

1,3,5,9,19,36,57,93,28,88,41,79

## कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, थाने पहुंचकर मामला दर्ज करने की मांग



**जबलपुर, देशबन्धु।** मंत्री विजय शाह द्वारा दिया गया अशोभनीय और आपत्तिजनक बयान न केवल एक वीर नारी का, बल्कि संपूर्ण भारतीय सेना और देश की बेटियों के आत्मसम्मान का अपमान है। इसा आशय की आवाज कांग्रेस ने नगर में उठाई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सौरभ नाटी शर्मा के नेतृत्व में बुधवार को ओमती थाने में प्रदर्शन कर मंत्री के खिलाफ मामला दर्ज करने की आवाज बुलंद की गई। इस मौके पर दिनेश यादव, कदीर सोनी, अतुल बाजपेई, अमरीश मिश्रा, सतीश तिवारी, कमलेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, अयोध्या तिवारी, आज़म अली खान, अनुभा शर्मा, बलविंदर मान, भावना निगम, संतोष दुबे, झल्ले लाल जैन, मुकेश राठौर, आरिफ बेग, गुड्डू नवी, गुड्डू तामसेतवार, सतेंद्र चौबे, कलीम खान, अख्तर अंसारी, देवकी पटेल, पूजा सिंह, ताहिर अली, अभिषेक यादव, मदन लारिया, राकेश सैनी, फिरोज ठाकरे, रितेश बंटी गुप्ता, प्रवेंद्र चौहान, रिजवान कोटी, रितेश नोटनानी, प्रिंस सलूजा, अदनान अंसारी, रविंद्र गौतम, राजेश पटेल, अमित सोनकर, अखिलेश शर्मा, हुस्ना अंसारी, आशीष उशरेठे सहित सैकड़ों कांग्रेसजन उपस्थित रहे। इसी तरह कांग्रेस पूर्व प्रवक्ता टीकाराम कोष्टा ने भी मंत्री शाह की आलोचना करते हुये तत्काल उन्हें हटाने की मांग भाजपा से की है।

**अल्पसंख्यक कांग्रेस ने जलाया पुतला-** कर्नल सोफिया कुरैशी पर की गई अशोभनीय बयानबाजी के विरोध में अल्पसंख्यक कांग्रेस के पदाधिकारी ने रद्दी चौकी में तौफ़ीक़ चंकी के नेतृत्व में मंत्री विजय शाह का पुतला जलाकर उन्हें मंत्रिमंडल से बर्खास्त करने की मांग की। पुतला दहन के दौरान मुख्य रूप से। मतीन अंसारी जी, ताहिर अली,आजम अली खान, राहुल बघेल, प्रेंस सलूजा ,मजहर उस्मानी,आसिफ इक़बाल,शेख फारुख , एड बहार अंसारी, मुख्तार अली ,रिजवान कोटी,परवेज अख्तर,आजम कुरैशी, लतीफ अंसारी, अमीर पहलवान, मो अली, नदीम राईन, वाजिद , फिज्जू, जहूर खान, हाशिम खान ,शम्मी खान, सलमान मौजूद थे।

## महापौर ने वृक्षारोपण कर कर्मचारियों को दी सौगातें



**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर निगम के अजाक्स संघ, नगर निगम अधिकारी कर्मचारी संघ एवं चालक संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) का जन्मदिवस मनाया गया। जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर वृक्षारोपण कर द्वारा नगर निगम के समस्त कर्मचारियों को अनेकों सौगात प्रदान की गई। महापौर महोदय को निगम के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा उनके जन्मदिवस के उपलक्ष्य पर शुभकामनाऐं दी महापौर के जन्मदिवस के कार्यक्रम में अजाक्स संघ के अध्यक्ष अमित मेहरा नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अचैया कोरी चालक संघ के अध्यक्ष मन्नूलाल पटेल मध्यप्रदेश शासकीय वाहन चालक संघ के अध्यक्ष राजेन्द्र पटेल, गुलशन जबलपुरी, राममूर्ति इंजीनियर भूपेन्द्र मेहरा आदि संघ के पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## कैम्प में चयन के लिए पार की बाधा, देशभक्ति का दिखाया जज्बा

**जबलपुर,देशबन्धु।** जबलपुर 4 एमपी सीटीआर और वनएमपी सिग्नल कम्पनी का संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण कैम्प में कैडेट्स को टीएससी ऑब्सटेकल ट्रेनिंग दी जा रही है। कैम्प कमाण्डेंट लेफ्टिनेंट कर्नल अमृता सिंह के निर्देशन में कैडेट्स को थल सैनिक कैम्प के लिए तैयारी करवाई जा रही है। इसके चलते ऑब्सटेकल ट्रेनिंग के लिए प्रैक्टिकल परीक्षा आयोजित हुई। चयन में एनसीसी ग्रुप हैडक्वॉर्टर के अंतर्गत आने वाली विभिन्न यूनिट के एसडी और एसडब्ल्यू कैडेट्स शामिल हुए। इसके साथ ही कैम्प में आए जूनियर डिवीजन के कैडेट्स की शॉर्ट रेंज में फायरिंग भी हुई। कल्चरल प्रोग्राम का छाया रंग शाम को कैडेट्स के लिए कल्चरल प्रोग्राम का आयोजन हुआ। इस दौरान देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति और नृत्य किया गया। खेल विधाओं में भी कैडेट्स ने दमखम दिखाया। कैम्प में सूबेदार रामाश्रय सिंह, नायब सूबेदार एमके यादव, नायब सूबेदार एसके जेना, जीसीआइ प्राची साहू, हवलदार गीते, हवलदार अमरीक सिंह, हवलदार कुशवाहा, हवलदार गुरजीत सिंह, हवलदार हसन्त सिंह, हवलदार बृजेश कुमार, हवलदार बीजे खान, हवलदार सपन कुमार, नायक धर्मेन्द्र कुमार का सहयोग रहा।

# अज्ञात की टक्कर से दो की मौत, एक घायल

**ग्राम धनेटा की घटना**

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाटन थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को रौंद दिया। इस घटना में दो युवकों की घटनास्थल में मौत हो गयी तथा एक युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। तीनों युवक विवाह समारोह में शिरकत कर वापस लौट रहे थे।

पाटन पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार अतुल कुशवाहा और सचिन दहिया निवासी ग्राम ननुसर और श्रीकांत कुशवाहा निवासी जुगतरा तीनों बाइक से शादी समारोह में शिरकत करने शहपुरा गए थे। विवाह समारोह में शामिल होने के बाद तीनों बीती रात वापस जुगतरा लौट रहे थे। ग्राम धनेटा के पास एक अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड गए और तीनों युवक सडक पर जा गिरे। घटना के बाद आरोपी चालक वाहन लेकर फरार हो गया। देर रात मार्ग सुनसान होने की वजह सेघायल युवक काफी देर तक सडक किनारे ही प?े रहे। जब कुछ ग्रामीणों की नजर उन पर पडी तो उन्होंने तुरंत 108 एम्बुलेंस और पाटन थाना पुलिस को सूचना दी।

इस घटना में अतुल व सचिन की घटनास्थल में मोत हो गई थी। घायल श्रीकांत कुशवाहा को गंभीर हालत में उपचार के जबलपुर मेडिकल कॉलेज में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर वाहन तथा उसके संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। पुलिस के अनुसार आरोपी वाहन चालक के संबंध में कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

# ज्वेलर्स पर चाकू से जानलेवा हमला

**अधारताल क्षेत्र में वारदात**

**जबलपुर, देशबन्धु।** अधारताल थाना क्षेत्रातंर्गत एक ज्वलेर्स को नापतौल की मशीन वापस करने वाले से चाकू रखने का कारण पूछना जानलेवा हो गया। युवक ने ज्वेलर्स पर चाकू से हमला कर दिया। जिससे उसके सीने और कंधे में गंभीर चोट आ गई। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

अस्पताल पहुंची पुलिस को संजय नगर कमेटी हाल के समीप निवासी 29 वर्षीय राधेकृष्ण सोनी ने बताया कि वह सोने-चांदी का व्यापार करता है और कोचिंग प?ाता है। बीते दिवस व्यापार के लिये महाराजपुर गया था, जहां से लौटते समय उसके सोना-चांदी तोलने की मशीन रास्ते में कही गिर गई। जिसके बाद शाम करीब चार बजे उसके मोबाइल पर फोन आया, जिसने अपना नाम चिन्टू बताया और कहा कि तुम्हारी मशीन गिर गई है, जो मुझे मिली है दुर्गा चौक आकर ले जाओ। जब राधेकृष्ण ने उससे कहा कि तुम लखपति की दुकान के सामने आ जाऊं तो उसने मना कर दिया कि दुर्गा चौक आ जाओं, वहीं मशीन दूंगा, इसके बाद दो तीन मर्तबा फोन कर उसे दुर्गा चौक बुलाया। जब वह दुर्गा चौक पहुंचा तो उसने फोन करने वाले व्यक्ति को पहचाना, वह दो माह पूर्व पासी मोहल्ला खेरमाई मंदिर के समीप रहने वाली रोशनी पासी के यहां जब चांदी की बिछिया देने गया था, तब उक्त युवक को रोशनी के घर पर देखा था। वहीं पर उसके कोचिंग पढने वाली ल?की मिली, जिसने बताया कि यह रोशनी का देवर है। जब आरोपी ने मशीन वापस की तो राधेकृष्ण ने उससे पूर्व में चाकू रखने के संबंध में पूछा, जिससे नाराज होकर आरोपी ने गालीगलौज करते हुए चाकू से राधेकृष्ण पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल रेफर किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सड़क हादसे में घायल वृद्धा की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** पनागर थाना क्षेत्रातंर्गत ग्राम मुडि?ा मो? पर स?क हादसे में घायल हुई खितौला के ग्राम गरचपा निवासी 80 वर्षीय जानकी बाई पटेल की निजी अस्पताल में उपचार दौरान मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# शासकीय राशि का दुरूपयोग करने के आरोप में ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला पंचायत के सीईओ अभिषेक गहलोत ने शासकीय राशि के दुरूपयोग करने, कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही बरतने एवं उच्च अधिकारियों के आदेश की अवहेलना करने का दोषी पाये जाने पर जनपद पंचायत कुंडम की ग्राम पंचायत कुड़ेहरदुली के सचिव सुकरत सिंह मरावी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिला पंचायत के सीईओ ने यह कार्यवाही जनपद पंचायत स्तरीय जांच दल से प्राप्तक प्रतिवेदन के आधार पर की है।

जनपद स्तसरीय जांच दल द्वारा ग्राम पंचायत कुड़ेहरदुली के सरपंच द्वारा की गई शिकायत की जांच में सचिव सुकरत सिंह मरावी को 2 लाख 55 हजार रूपये की शासकीय राशि का दुरुपयोग करने तथा ग्राम पंचायत कार्यालय से अनुपस्थित रहने, शराब का सेवन कर कार्यालय में उपस्थित होने, हितग्राही मूलक योजनाओं का कार्य नहीं करने एवं पदीय दायित्वों का निर्वहन न करने का दोषी पाया गया था।

निलंबन की कार्यवाही के पहले कुड़े हरदुली के सचिव सुकरत सिंह मरावी को नोटिस जारी कर जनपद पंचायत कार्यालय में जवाब प्रस्तुत करने का अवसर भी प्रदान किया गया था। नोटिस का जवाब समाधानकारक न पाये जाने पर सचिव सुकरत सिंह मरावी के विरूद्ध मध्याप्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 89 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय जनपद पंचायत कार्यालय कुण्डम नियत किया गया है तथा ग्राम पंचायत कुड़े हरदुली का सचिवीय प्रभार आगामी आदेश तक अस्थाई रूप से ग्राम पंचायत बिलटुकरी के सचिव कमल मरावी को वर्तमान दायित्वों के साथ सौंपा गया है।

# पति ही निकला हत्यारा, चरित्र पर था संदेह

## माढ़ोताल पुलिस ने चंद घंटों में किया अंधी हत्या का खुलासा

जबलपुर। माढोताल में हुई महिला की अंधी हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पति ही हत्यारा निकला जिसने चरित्र संदेह पर वारदात की।

मा?ौताल थाना प्रभारी नीलेश दोहरे ने बताया कि अर्जुन सिंह च?ार पिता बेनी प्रसाद चढार 41 वर्ष निवासी ग्राम मंगेला थाना माढोताल जिला जबलपुर (सरपंच) ने सूचना दिया कि एक अज्ञात महिला उम्र 30 वर्ष करीबन का शव नाला मे प?ा हुआ है। 12 मई को मृतिका कि चचेरी बहन रामबती कुन्जाम थाना उपस्थित आकर फोटोग्राफ देखे जिसकी हुलिया के आधार पर अज्ञात मृतिका कि पहचान कर चचेरी बहन पारबती वरकडे पति षिवकुमार वरकडे 35 साल निवासी- ग्राम भवरदा मनेरी पो. मनेरी तह. निवास थाना बीजाडॉडी जिला मण्डला हाल ग्राम मंगेला थाना माढोताल जिला जबलपुर के रूप में किया। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज किया। मृतिका के पति शिवकुमार बरके के उपर संदेह होने पर मृतिका के पति शिवकुमार का तलाष पतासाजी कर अभिरक्षा में लेकर घटना के संबध में पूछताछ किया गया जिन्होने बताया कि यह अपनी पत्नि एंव गांव के अन्य लोगों के साथ मजदूरी करने ग्राम मंगेला आये थे इससे पूर्व में भी यह लोग कई बार मजदूरी करने आते-जाते थे। इसकी पत्नि कई लोगों से हस-हसकर बातें करती थी जो इसे अच्छा नही लगता था। इसके पत्नि की चरित्र पर इसे संदेह था, जो 10 मई की रात्रि ये दोनो पति पत्नि खाना खाकर सो रहे थे इसी दौरान इसके पत्नि बिस्तर से उठकर गायब हो गई थी जो रहवास स्थान से दूर खेत पर अर्धनग्न सोते पाया, जिससे इसने चरित्र संदेह के कारण गुस्से में आकर वही पडी कुल्हाडी और डंडा से सिर में एंव छाती पर मार दिया, और शव को साडी से बांधकर नाला किनारे फेक कर अपने गांव चला गया। आरोपी मृतिका के पति शिवकुमार वरके को प्रकरण में विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

# पांच हजार की मांग कर युवक पर तलवार से हमला

**जबलपुर, देशबन्धु।** गढ़ा थानातंर्गत खेरमाई मंदिर के समीप एक असमाजिक तत्व ने एक युवक से पांच हजार रुपयों की मांग करते हुए उस पर तलवार से हमला कर दिया। जिससे युवक के कंधे व पीठ में चोट आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। पुलिस ने बताया कि छुई खदान पीएचई ऑफिस के सामने रहने वाला 25 वर्षीय अंतरिम सिंगरहा पार्लर का काम करता है, उसी के मोहल्ले में रहने वाला राहुल कोरी उसे खेरमाई मंदिर के पास मिला, जिसने शराब पीने के लिये पांच हजार रुपयों की डिमांड शुरु कर दी। अंतरिक्ष ने रुपये देने से मना किया तो राहुल कोरी ने गालीगलौज करते हुए तलवार से हमला कर दिया, जिसकी नोंक लगने से उसके कंधे पर चोट आ गई, इसके बाद आरोपी ने उल्टी तलवार से युवक पर हमला कर दिया। उक्त हमले में पीडित की सोने की चौन भी गिर गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# सिर कटी लाश की हुई शिनाख्त

**आरोपियों के गिरेबान तक पहुंचे पुलिस के हाथ**

**जबलपुर, देशबन्धु।** गोहलपुर थाना अंतर्गत कृष्णा कालोनी के नंदन विहार के समीप नाले में बोरी के अंदर पांच टुकडो में युवक की लाश मिली थी। युवक की लाश के हाथ-पैर कटे हुए थे और सिर गायब था। मृतक युवक की शिनाख्त हो गयी है और पुलिस ने उसका सिर भी बरामद कर लिया है। पुलिस ने हाथ आरोपियों के गिरेबान तक पहुँच गये है। पुलिस ने पूछताछ के लिए तीन संदेहियों को अभिरक्षा में लिया है।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आनंद कलादगी से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम को कृष्णा नगर नंदन हिवार के समीप निवासी स्थानीय लोगों को नाले से दुर्गंध आ रही थी। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस टीम ने स्थल में जाकर जायजा लेने पहुँची।

पुलिस टीम ने पाया कि दुर्गंध नाले के किनारे प? हुए बोरे से आ रही थी। बोरे को खोलकर देखा तो उसमें लाश थी। लाश को बाहर निकाला गया तो उसका सिर गायब था और हाथ पैर अलग-अलग हिस्सों में कटे हुए थे।मृतक के एक हाथ में मंजू परम लिखा हुआ था।

मृतक के हाथ में गुदे मंजू परम शब्द के आधार पर उसकी शिनाख्त कजरवारा थाना गोरा बाजार निवासी परम सिंह पिता श्याम सिंह उम्र 40 साल के रूप में हुई है। मृतक का सिर भी पुलिस ने बरामद कर लिया है। प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई है कि आपसी रंजिष के कारण युवक की हत्या कर उसके षव को टुकडो में काटने के बाद उसे फेंका गया है। युवक की शिनाख्त नहीं हो सकते इसलिए सिर को ध? से अलग कर कही और फेंका गया था। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन संदेहियों को पूछताछ के लिए गिरफ्तार किया है और हत्या के संबंध में महत्वपूर्ण सुराग मिले है।

# व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु संभागीय आईटीआई में प्रवेश की प्रक्रिया जारी.

## 28 व्यवसायों में दिया जायेगा युवाओं को प्रशिक्षण

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन के कौशल विकास संचालनालय के अधीन चुंगी नाका दमोह रोड माढ़ोताल स्थित संभागीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में वर्ष 2025 में व्यावसायिक प्रशिक्षण हेतु प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिये प्रवेश लेने के इच्छुक आवेदक 31 मई तक रजिस्ट्रेशन एवं च्वावइस फिलिंग के फॉर्म एमपीऑनलाइन अथवा स्वकयं के मोबाइल या कम्यूप्र टर द्वारा डीएसडी पोर्टल के माध्यिम से रजिस्ट्रेशन एवं च्वाईश फाइलिंग के फार्म भर सकते हैं।

प्राचार्य सुनील ललावत के अनुसार संभागीय आई टी आई जबलपुर में व्यावसायिक प्रशिक्षण के लिये 1 हजार 396 सीट पर आवेदकों को प्रवेश दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिये 28 व्यवसायों को चिन्हित किया गया है। इनमें इलेक्ट्री शियन, इलेक्ट्रॉ निक्सश मैकेनिक, टर्नर, ड्राफ्टमैन सिविल, ड्राफ्टमैन मैकेनिक, फिटर, मशीनिस्ट, मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक रेफ्रिजरेशन एवं कंडीशनिंग, टूल एण्डै डाई, सर्वेयर, मैकेनिक ट्रेक्टेर, मैकेनिक डीजल, शीट मेटल वर्कर, ड्रोन टेक्नीवशियन, जेरियाट्रिक केयर, फैशन डिजाइंग डिजाईन एवं टेक्नोरलॉजी, स्टेननो हिंदी, स्टेरनो अंग्रेजी, कोपा, कोपा ( व्हीआई), कोपा (एचआई), कारपेंटर, प्लंटबर, वेल्डमर, पेंटर जनरल, ड्रेस मेकिंग एवं मेंशन शामिल हैं।

प्राचार्य ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रत्येरक व्येवसाय में उम्मीदवारों के लिए वर्टिकल आरक्षण के अनुसार अनुसूचित जाति के आवेदकों के लिये 16 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिये 20 प्रतिशत, पिछड़ा वर्ग (क्रीमीलेयर को छोड़कर) के आवेदकों के लिये 14 प्रतिशत, आर्थिक रुप से कमजोर (सामान्यव) वर्ग के आवेदकों के लिये 10 प्रतिशत एवं महिला आवेदकों के लिये होरिजोन्टकल आरक्षण अनुसार 35 प्रतिशत सीट आरक्षित की गई हैं।

श्री ललावत के मुताबिक संभागीय आईटीआई में बालक एवं बालिका छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। आवेदकों के मार्गदर्शन के लिये संस्थाई में हेल्पल डेस्कक भी प्रारंभ की गई है। आवेदक इस हेल्प डेस्क से सुबह 9.30 बजे से शाम 5.30 तक उपस्थित होकर हेल्प डेस्क से जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रवेश के इच्छुक आवेदक अपना पंजीयन बेबसाईट www.dsd.mp.gov.in पर करा सकेंगे।

# दो सड़क हादसों में तीन घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** माढ़ोताल थाना क्षेत्र में एक गा?ी चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए एक कार को साईड से टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई और एक युवक को चोट आ गई। इसी प्रकार केण्ट क्षेत्र में एक स्कूटी सवार ने एक्टिवा सवार दो युवकों को टक्कर मार दी, जिससे दोनों को चोटे आ गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर उन्हें विवेचना में लिया है।

मा?ौताल पुलिस ने बताया कि अंधेरदेव कोतवाली निवासी 45 वर्षीय गुलाबचंद्र गुप्ता कप?ा व्यवसाी है। जो कि अपनी बैगनार कार क्रमांक एमपी 20 जेडसी-5539 से पाटन वायपास होते हुए अपने दोस्त रूपेन्द्र बिलैय्या, आशीष गुप्ता, पंकज के साथ अपने घर लौट रहा था, कार रूपेन्द्र चला रहा थ। जैसे ही वे आईटीआई के सामने नई बस्ती मेन रोड मा?ौताल पहुंचे, उसी समय गा?ी क्रमांक एमपी 20 जीबी 2483 का चालक तेज गति लापरवाही से चलाते हुये उसकी कार में वायें तरफ से टक्कर मार दिया। जिससे उसकी कार छतिग्रस्त हो गयी है और गुलाबचंद्र की बायीं आंख के पास चोट आ गई। इसी प्रकार केण्ट पुलिस ने बताया कि संजय गांधी नगर निवासी 22 वर्षीय सार्थक वर्षे अपने दोस्त रौनक कुरील के साथ एक्टिवा गा?ी से आईसक्रीम खरीदने सदर जा रहा था। रात्रि करीब सा? ग्यारह बजे जैसे ही वे आईस क्रीम खरीदकर वापस आ रहे थ, उसी समय स्कूटी क्रमांक एमपी 20 एसवाई-4246 के चालक ने उनकी एक्टिवा में टक्कर मार दी। जिससे सार्थक और रौनक गा?ी सहित गिर गये और उन्हें चोटे आ गई। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# ससुर-साले और दामाद आपस में भिड़े

**जबलपुर, देशबन्धु।** घेरलू बातों लेकर पति-पत्नी के बीच होने वाले विवाद ने ब?ा रूप ले लिया। पत्नी अपने घरवालों के साथ मायके आ गई, जिसे लेने पहुंचे पति का अपने ससुर और साले से विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ जमकर मारपीट की। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

पुलिस ने बताया कि कटंगा राजीव गांधी नगर निवासी 25 वर्षीय तरुण धानुक की बहन तरूणा धानुक की शादी खमरिया निवासी शनि बेन के साथ हुई थी। पति-पत्नी में घरेलू बातों को लेकर विवाद होता था, जिस पर 11 मई को तरूण अपने चाचा और मौसी के साथ जाकर अपनी बहन तरुणा को वापस अपने घर ले आया। बीती शाम शनि अपनी ससुराल पहुंचा और पत्नी तरूणा को ले जाने की जिद करने लगा। इसी बात को लेकर उसका अपने ससुर नीरज धानुक व साले तरूण धानुक से विवाद हो गया। जिसके बाद दोनों पक्षों ने एक दूसरे के साथ मारपीट करते हुए डंडों से हमला कर दिया। जिसमें दोनों पक्षों को चोटे आ गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# शहर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने करो प्रयास




## हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को दिये निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने राज्य शासन को जबलपुर से अन्य शहरों के लिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए सार्थक प्रयास करने कहा है। जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने राज्य के संबंधित अधिकारियों की एयरलाइन्स कंपनियों के अधिकारियों के साथ बैठक करने के निर्देश दिये है। युगलपीठ ने ने कहा इसमें जबलपुर से अन्य बड़े शहरों के लिए एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने पर सार्थक चर्चा की जाए। मामले पर अगली सुनवाई 25 जून को नियत की है।

नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच की ओर से 2024 में जनहित याचिका दायर कर जबलपुर से एयर कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की गई थी। नोटिस जारी होने के बाद विमानन कंपनियों ने अपने जवाब में कहा था कि अधिक टैक्स लिए जाने के कारण वे फ्लाइट संचालन में असमर्थ हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने दलील दी कि जबलपुर में अन्य शहरों की तुलना में कम फ्लाइट हैं। पूर्व में जबलपुर से मुम्बई पुणे कोलकाता बेंगलुरु आदि शहरों के लिए फ्लाइट संचालित होती थी। जबलपुर की एयर कनेक्टिविटी प्रदेश के इंदौर, ग्वालियर तथा भोपाल के सामान थी। फ्लाइट के लगातार बंद होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पूर्व में जबलपुर से औसतन 15 फ्लाइट संचालित होती थीं। वर्तमान में इनकी संख्या कम हो गई है। एयर इंडिया एक्सप्रेस की ओर से पेश जवाब में कहा गया है कि उनके द्वारा देश के 45 हवाई अड्डों से उड़ानों का संचालन होता है। भारत के जिन 73 एयरपोर्ट से उनकी कंपनी द्वारा उड़ाने नहीं भरती, उसमें जबलपुर भी शामिल है। विभिन्न एयरपोर्ट से फ्लाइट का संचालन लाभ-हानि की दृष्टि से तय होता है। मामले पर बुधवार को सुनवाई के दौरान सरकार की ओर से उप महाधिवक्ता विवेक शर्मा ने कोर्ट को बताया कि सरकार ने फरवरी 2025 में एक योजना बनाई है। इसमें एयरलाइन्स कंपनियों को रियायती दरों पर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। कोर्ट ने उक्त नीति के लिए सरकार की पहल की सराहना करते हुए उस पर अमल करने के निर्देश दिये है।

## पहलगाम आतंकी वारदात में सिविल डिफेंस की आड़ में बहानेबाजी पर कोर्ट सख्त

### सरकार पर पचास हजार का जुर्माना, दोषी से वसूलने के निर्देश

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के जस्टिस विवेक अग्रवाल व जस्टिस देवनारायण मिश्रा की युगलपीठ ने अपनी तल्ख टिप्पणी में कहा कि कोर्ट का मजाक नहीं बनाया जा सकता। यहां बहानेबाजी नहीं चलेगी। चूंकि पहलगाम में आतंकी वारदात के बाद सिविल डिफेंस की तैयारी का बहाना बेनकाब हो चुका है, अत- सरकार पर 50 हजार का जुर्माना लगाया जाता है। सरकार यह राशि दोषी अधिकारी से वसूलने स्वतंत्र है। उक्त राशि हाईकोर्ट विधिक सेवा समिति के खाते में जमा करनी होगी।

दरअसल बुरहानपुर के शेख अफजल के विरुद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम अंतर्गत की गई कार्रवाई को चुनौती संबंधी याचिका पर सुनवाई हो रही थी। इस सिलसिले में हाईकोर्ट ने राज्य शासन को केंद्र शासन को भेजी गई जानकारी का रजिस्टर कोर्ट में पेश करने के निर्देश दिये थे। एक तृतीय श्रेणी कर्मी गोरेलाल को रजिस्टर लेकर कोर्ट पहुंचा था। लेकिन वह समय पर नहीं पहुंच पाया। इस पर शासकीय अधिवक्ता की ओर से बहानेबाजी की गई कि पहलगाम में आतंकी वारदात के बाद से देश में गंभीर स्थिति बनी हुई है। इसलिए सिविल डिफेंस की व्यस्तता के कारण रजिस्टर समय पर कोर्ट में पेश नहीं किया जा सका है। कर्मचारी गोरेलाल द्वारा यह रजिस्टर मुख्य सचिव के आदेश के बाद ही लाया जा सकता था। लेकिन वे मुख्यमंत्री के साथ तैयारी और मीटिंग में व्यस्त थे। जब कोर्ट ने उससे जुड़े दस्तावेज मांगे तो जो नोटशीट कोर्ट के सामने पेश की गई, उसमें इसका कहीं भी उल्लेख नहीं था कि मुख्य सचिव मुख्यमंत्री के साथ मीटिंग में व्यस्त थे। यह सुनते ही विलंब से कोर्ट में उपस्थित हुए कर्मी गोरेलाल से सवाल किया गया कि क्या आप देश सेवा या सिविल डिफेंस की ड्यूटी कर रहे थे। इस पर उसने साफ कर दिया कि साहब मैं तो तृतीय श्रेणी कर्मी हूं, सिविल डिफेंस से मेरा क्या सरोकार। फिर क्या था, न्यायालय ने जमकर फटकार लगाते हुए सरकार पर 50 हजार का जुर्माना लगाते हुए उक्त निर्देश दिये।

## नवीन अधिवक्ताओं को वित्तीय सहायता क्यों नहीं दे रहे?

### हाईकोर्ट ने राज्य सरकार सहित अन्य से मांगा जवाब

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट ने मुख्यमंत्री कल्याण योजना-2012 के तहत नवीन अधिवक्ताओं को बारह हजार की वित्तीय सहायता उपलब्ध कराये जाने में बरती जा रहीं लापरवाही को गंभीरता से लिया। चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने मामले में राज्य सरकार सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

यह जनहित का मामला महाकौशल लॉ स्टूडेंट एसोसिएशन जबलपुर के अध्यक्ष अंकुश चौधरी की ओर से दायर किया गया है। जिनकी ओर से अधिवक्ता संजय वर्मा, सिद्धार्थ वर्मा और तनेश श्रीवास्तव ने पक्ष रखा। जिन्होंने मुख्यमंत्री कल्याण योजना 2012 के तहत स्वीकृत धनराशि जारी करने में राज्य सरकार की निष्क्रियता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि उक्त योजना का उद्देश्य नव नामांकित अधिवक्ताओं को अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए आवश्यक कार्यालय फर्नीचर जैसे टेबल और कुर्सियां खरीदने के लिए बारह हजार रुपये की राशि प्रदान करना था। आवेदक की ओर से कहा गया कि 16 मार्च 2023, 10 फरवरी 2025 को जारी स्वीकृति आदेशों और 24 मार्च 2025 को संशोधित आदेश में हजारों अधिवक्ताओं के लिए धन स्वीकृत करने के बावजूद, अंतिम लाभार्थी 2019 में नामांकित एक अधिवक्ता था। इसके कारण 2019 के बाद नामांकित कई अधिवक्ता महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता से वंचित रह गए हैं, जिससे उनकी व्यवसाय कार्यालय स्थापित करने और न्याय प्रणाली में प्रभावी ढंग से योगदान करने की क्षमता बाधित हुई है। सुनवाई दौरान न्यायालय ने टिप्पणी की कि राज्य सरकार ने योजना को पर्याप्त रूप से लागू नहीं किया है, जिससे नव नामांकित अधिवक्ताओं का कल्याण कमजोर हुआ है। मामले में मध्य प्रदेश शासन, गृह, विधि और वित्त विभाग और मध्य प्रदेश राज्य बार काउंसिल को पक्षकार बनाया गया है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने अनावेदकों को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये है।

# नागरिकों को समय पर अलर्ट और सूचना देने बनाया सिविलियन अवेयरनेस व्हाट्स अप चैनल

**जबलपुर, देशबन्धु।** सिविल डिफेंस प्लान के तहत जिले के नागरिकों को समय पर सूचना और अलर्ट पहुँचाने कलेक्टर दीपक सक्सेना की पहल पर जिला प्रशासन द्वारा सिविलियन अवेयरनेस व्हाट्स एप चैनल बनाया गया है।

कलेक्टर सक्सेना ने जिले के नागरिकों से इसे व्यापक रूप से फारवर्ड करने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस चैनल से जुड़ने के लिये प्रेरित करने का आग्रह किया है, ताकि आपदा की स्थिति में सही और सटीक सूचना तथा अलर्ट समय पर प्राप्त हो सके।

# जिले में पर्याप्त् मात्रा में उर्वरक उपलब्ध

**जबलपुर, देशबन्धु।** किसानों को अपनी फसलों के अच्छे उत्पादन के लिए फसल की विभिन्न अवस्थाओं में उर्वरकों की आवश्यकता होती है। जिले में सभी प्रकार के उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं एवं किसानों द्वारा लगातार उर्वरक उठाव भी किया जा रहा है। उप संचालक कृषि डॉ. एस. के. निगम के अनुसार वर्तमान में जिले में कुल 37 हजार 436 मेट्रिक टन उर्वरक उपलब्ध है। इसमें से 15 हजार 428 यूरिया, 2 हजार 266 डीएपी, 6 हजार 042 एनपीके, 1 हजार 639 पोटाश एवं 12 हजार 059 मेट्रिक टन सिंगल सुपर फास्फेट शामिल है। जिले के विभिन्न डबल लॉक केन्द्र 4, विपणन समिति, सहकारी समिति एवं निजी उर्वरक विक्रेताओं के पास उपलब्ध है। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले को विभिन्न कंपनियों की लगातार लग रही रैकों के माध्यम से उर्वरक प्राप्त हो रहा है।

आगामी खरीफ सीजन में किसानों को धान एवं मक्का फसलों की बोनी के समय उर्वरकों की आवश्यकता होगी। डॉ. निगम ने किसानों से अपनी आवश्यकता अनुसार पूर्व में ही उर्वरकों का उठाव करने का आग्रह किया है, ताकि उन्हें उर्वरक की अधिकतम मांग के समय किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े।

# सड़क में धूल का गुबार, पानी का अंबार, हो रहे हादसे

## परेशानी — जबलपुर सिहोरा मार्ग स्थित परियट का मामला, आमजन परेशान



**पनागर, देशबन्धु।** अधारताल से पनागर स्थित परियट में मुख्य मार्ग के इन दिनों हाल बेहाल हो चुके हैं। एक ओर जहां पर डेरी में भैंस का गोबर और पानी रोड में इकट्ठा होकर तालाब नुमा स्थिति बना चुके हैं। वही बीच मार्ग की दैनिक स्थिति सुबह से देर रात तक यहां से निकलने वाले राहगीरों को हादसों का न्योता दे रही है। बावजूद इसके प्रशासन और जनप्रतिनिधि इस और कोई भी ध्यान नहीं दे रहे हैं और लगातार हो रहे हादसों पर मूक दर्शक बने हुए हैं।

बताया गया कि अधारताल से पनागर आते वक्त परियट में नहर के आगे मुख्य मार्ग के हाल गड्ढे नुमा काफी समय से हो चुके हैं। यहां से निरंतर आवागमन करने वाले और राहगीरों को इन गड्ढों के बीच में सड़क की तलाश करनी पड़ती है। कोई भारी वाहन निकलने से यहां पर धूल के गुबार दिन और रात निरंतर छाए रहते हैं। स्थानीय जनों की माने तो पहले तो हालत बद से बदतर थे ही लेकिन,अब डेयरी में उपयोग होने वाले पानी और गोबर भी इस गड्ढे नुमा सड़क पर बह रहे हैं और एक छोटे तालाब जैसी स्थिति यहां बन चुकी है। जिसके कारण यहां से दो पहिया वाहन से आवागमन करने वाले सुबह से हादसों का शिकार हो रहे हैं। अनेकों लोग रोजाना शासकीय अस्पताल पनागर में इलाज के लिए आ रहे हैं। समस्या इतनी गंभीर होने के बाद भी इस ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, न तो सड़क के गड्ढे सही किए जा रहे। न ही डेयरी वालों को आगाह किया जा रहा है। इन सबके उलट राहगीरों को गंभीर से गंभीर हादसों के लिए छोड़ दिया जा रहा है।

**प्रशासन कब लेगा संज्ञान**-परियट एवं किवलारी के स्थानीय जनों ने जानकारी देते हुए बताया की रोजाना कम से कम 25 से 30 राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं। बावजूद इसके प्रशासन इस ओर न तो कोई ध्यान दे रहा है, न ही मुख्य सड़क गड्ढे की मरम्मत कर रहा है। लोगों की माने तो किसी दिन जब कोई गंभीर से गंभीर हादसा या फिर जान माल का नुकसान होगा, शायद तब प्रशासन इस और कोई संज्ञान ले पाएगा..!

### इनका कहना

नाले की सफाई विधिवत होती है लेकिन नाले में डेयरी का गोबर,भूसा और मृत बछड़े भी नाले में बहा दिए जाते है जिसके कारण नाला आए दिन जाम हो जाता है और नाले का पानी रोड में भर जाता है डेयरियों में पंचायत द्वारा नोटिस भेजे जाएंगे

**ज्योति पटेल,** सरपंच, कंदराखेड़ा

# रेत खदान कर्मचारी बने दरिंदे, पेट्रोल पम्प में की तोड़फोड़ और मारपीट

**अनूपपुर, देशबन्धु।** पेट्रोल पंप जैतहरी के सीसीटीवी में कैद ऐसी घटना जहां रेत खदान के छह कर्मचारियों द्वारा दरिंदगी की सारी हदें पार करते हुए परिसर के अंदर एक अधेड़ व्यक्ति पर लाठी-डंडो की बौछार करते हुए पेट्रोल पंप में जमकर तोड़फोड़ की गई। सीसीटीवी वीडियो वॉयरल होने के बाद जैतहरी सहित जिले के लोग स्तब्ध रह गये। वीडियो में रात के समय बोलेरो वाहन से पहुंचे गुंडे एक व्यक्ति को पंप परिसर में दौड़ा-दौड़ा कर पीट रहे हैं। कई घंटे चले इस आतंक पर अधेड़ को गुंडा से बचाने के लिये मदद मांगते देखा गया। इसके बाद लोगो में गुस्सा फुट पड़ा और सैकड़ों की संख्या में लोगो ने थाने का घेराव कर पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करने लगे।

इस पूरी घटना से जैतहरी के लोगों में जमकर आक्रोश देखा गया और 13 मई को नपाध्यक्ष जैतहरी उमंग गुप्ता के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने थाना जैतहरी का घेराव किया। उन्होंने पुलिस पर अपराधियों को संरक्षण देने तथा आरोपियों पर सामान्य धाराओं के तहत कार्रवाई किए जाने का आरोप लगााया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई तथा उपनिरीक्षक विपुल शुक्ला के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करने के साथ ही संपूर्ण घटना के आरोपियों पर अपराध की प्रकृति अनुसार भारतीय न्यास संहिता लगाये जाने हेतु संबंधी ज्ञापन एसडीओपी अनूपपुर सुमित केरकेट्टा को सौंपा गया। चार दिनों के अंदर निष्पक्ष कार्रवाई नही होने पर थाना जैतहरी के सामने अनिश्चित कॉलीन धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होने चेतावनी दी गई।

**यह है मामला** - नीरज पेट्रोल पंप जैतहरी में 12 मई की रात लगभग 10 बजे रेत खदान कंपनी एसोसियेटेड कॉपर्स जैतहरी के छह कर्मचारियों द्वारा तीरथ राठौर पिता रम्मू राठौर उम्र 49 वर्ष के साथ डंडो व प्लास्टिक पाइप से मारपीट करने तथा पेट्रोल पंप में तोड़फोड़ किये जाने का वीडियो सीसीटीवी में कैद हो गया था। रात के समय कई घंटों चली इस घटना की जानकारी पुलिस को होने के बावजूद जैतहरी पुलिस द्वारा मौके पर नही पहुंची।

वीडियो के सोशल मीडिया में वॉयरल होते ही पुलिस सकते में आई और दूसरे दिन 13 मई मंगलवार को तीरथ राठौर की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी अंकित सिंह तोमर, दिलीप सिंह, गोविंद सिंह जादौन, गोविन्द सिंह भदौरिया, विपिन जादौन और सुमित राजावर के खिलाफ मामूली धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर उन्हे गिरफ्तार किया है।

## सार-समाचार

### महिला कलाकारों ने भजनों और गीतों से बांधा समां



**शहपुरा, देशबन्धु।** जबलपुर की सूर मंजरी ग्रुप की संयोजिका शिल्पा किशोर के संयोजन में जवलपुर दंत मंदिर में महिला कलाकारों द्वारा सुंदर भजनों और गीतों की सुंदर संध्या गीत माला प्रस्तुत की गई जिसमें अल्पसंख्यक विभाग की महा मंत्री वलविदरकोर का सम्मान किया गया सराहनीय प्रस्तुति मै अध्यक्ष सूर मंजरी गुरूप की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आभारी हूं शिल्पा जी एवं ग्रुप की सभी बहनों का जिन्होंने मुझे एक पारिवारिक वातावरण के साथ सम्मान दिया।

### 13 दिवसीय समर कैंप का रंगारंग समापन समारोह आयोजित

**पनागर, देशबन्धु।** सान्दीपनि विद्यालय सिंगोंद में 13 दिवसीय समर कैंप का रंगारंग समापन समारोह आयोजित हुआ जिसमें बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए ।इस अवसर पर विद्यालय में प्रदर्शनी लगाई गई जिसमे विद्यार्थियों द्वारा बनाई गई विभिन्न कलाकृतियों को प्रदर्शित किया गया ।कार्यक्रम की मुख्य अतिथि सुश्री सोनम कटारे सहायक संचालक पनागर, विशिष्ट अतिथि अशोक उपाध्याय प्राचार्य सान्दीपनि विद्यालय सिहोरा रहे ।अतिथियों द्वारा अपने उद्बोधन में सभी प्रतिभागियों की प्रतिभा की सराहना की गई साथ ही सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सम्मानित भी किया गया ।इस अवसर पर प्राचार्य रत्नेश शर्मा सहित सभी शिक्षकों का सराहनीय सहयोग रहा। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रेमा सिंह शिक्षिका द्वारा किया गया। इस समर कैंप में दानिश अली द्वारा खेल अभिलाषा श्रीवास्तव द्वारा संगीत, अनमोल जैन द्वारा आर्ट एंड क्राफ्ट एवं हरिओम कुर्मी द्वारा कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया गया।

### शुभ मिश्रा का सुयश



**पनागर, देशबन्धु।** सीबीएसई 10वीं बोर्ड परीक्षा में शुभ मिश्रा, डॉ. धर्मेश मिश्रा के नाती ने 430/500 अंक प्राप्त कर 86 प्रतिशत पाए है। आप हमेशा ब्राह्मण समाज का नाम ऊंचा करे और पनागर की अलग पहचान बनें, यही उम्मीदों के साथ आपको बधाई।

### जमीनी विवाद में जमकर चले लाठी डंडे, पति-पत्नी घायल

**रीवा देशबन्धु।** जमीनी विवाद के चलते दो भाइयों के परिवारों के बीच जमकर खूनी संघर्ष हुआ। मामूली बातचीत से शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते खूनी संघर्ष में तब्दील हो गया, जिस दौरान दोनों पक्षों के बीच जमकर लाठी डंडे चले। इसमें एक पक्ष से घायल हुए पति पत्नी को उपचार के लिए रीवा के संजय गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया है तो वहीं दूसरे पक्ष का उपचार स्थानीय अस्पताल में कराया जा रहा है। दरअसल खूनी संघर्ष की यह घटना रीवा के सिरमौर थाना क्षेत्र स्थित दुलहरा बलहरा गांव की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक गांव में रहने वाले साहू परिवार के दो भाइयों के बीच चल रहे जमीनी विवाद के चलते मारपीट की घटना हुई है। एक पक्ष से घायल हुए भैयालाल साहू और उनकी पत्नी फूल कुमारी को उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल लाया गया है। घायलों के साथ आए परिजनों ने बताया कि जमीनी विवाद के चलते बड़े भाई और उसके परिवार ने मिलकर छोटे भाई और उसकी पत्नी पर हमला कर दिया। लाठी डंडा व धारदार हथियार से किए गए हमले में भैयालाल और उनकी पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई, जिन्हें उपचार के लिए संजय गांधी अस्पताल में लाया गया है।

### अड़ीबाजी का आरोपी गया जेल

**रीवा देशबन्धु।** अमहिया पुलिस द्वारा अड़ीबाजी के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है पूर्व में भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रीवा श्रीमती आरती सिंह के निर्देशन में तथा नगर पुलिस अधीक्षक- 1 रीवा श्रीमती डा. रितु उपाध्याय के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अमहिया उनि शिवा अग्रवाल ने थाना स्टाफ के साथ मिलकर अड़ीबाजी करने वाले आरोपी आरिफ उर्फ जानी बाबू खान पिता बारिश खान उम्र 20 वर्ष निवासी अजंता टाइल्स के सामने बिछिया थाना बिछिया जिला रीवा को गिरफ्तार कर पेश न्यायालय किया गया जहां से न्यायालय द्वारा जेल भेज दिया गया है।

# खेतों में फैला बिजली के तारों का जाल



**बरेला, देशबन्धु।** समीपस्थ ग्राम पंचायत कूड़ारीउमरिया में किसानों के खेतों में बिजली विहीन तारों का जाल फैला हुआ है ।यह बिजली विहीन तार बामुश्किल से 6 से 7 फुट की हाइट पर झूल रहे हैं। इसके कारण किसानों को परेशानी की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी आसु पासी ने बताया कि उनके खेतों के आसपास से पहले 11 केवी लाइन गई हुई थी, किंतु वर्तमान में यह लाइन बेकार हो गई है।

विद्युत मंडल द्वारा इस 11 केवी का ट्रांसफार्मर तो उठा कर ले गए हैं किंतु खेतों खेतों में फैली इस बिजली के जंजाल को साफ करने की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण बारिश के समय में इन बिजली विहीन तारों तारों के खंभे सहित गिरने की गुंजाइश बनी रहती है। बताया जाता है कि इन बिजली विहीन झूलते हुए तारों की वजह से खेतों में ना ही ट्रैक्टर पहुंच पाते हैं और ना ही हार्वेस्टर, इसके कारण कृषि संबंधी कार्य में भी किसानों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने के पश्चात विभाग द्वारा केवल तारों को एक दो जगह बांधने की खाना पूर्ति की गई है। किंतु इसके बाद विद्युत विभाग द्वारा आज तक इन तारों को खंभों से निकलने की कोई कोशिश नहीं की गई है। इसके कारण ग्राम कुढारी उमरिया के किसानों को समस्याओं से जूझना पड़ रहा हैकिसानों ने अभिलंब विद्युत मंडल के उच्च अधिकारियों से बिजली विहीन खेतों में झूलते तारों को हटाने की मांग की है।

# गांव-गांव और गली-गली बिक रही अवैध शराब

बरेला, देशबन्धु। प्रदेश सरकार जहां एक और नशा मुक्ति और अवैध शराब के खिलाफ कार्यवाही करने केनिर्देश जारी कर रही है तो वहीं दूसरी ओर नगर के शराब ठेकेदार द्वारा खुलेआम गांव-गांव और गली-गली अब शराब बिकवाई जा रही है। नगर में शराब दुकान का ठेका चेंज हुए लगभग 2 महीने हो गए हैं किंतु ठेकेदार बदल जाने के बाद भी गली मोहल्ला और गांव में यह शराब के अवैध ठेके बदस्तूर जारी हैं। इन शराब ठेकेदारों का नेटवर्क इतना मजबूत हो गया है कि अब यह लोग गली-गली चौराहा और यहां तक की घर-घर में शराब की आपूर्ति तेजी से कर रहे हैं। शराब ठेकेदार के गुर्गे दिन भर दो पहिया वाहन में गली-गली और मोहल्ले मोहल्ले शराब ढोते रहते हैं और उन्हें आबकारी और पुलिस विभाग का कोई भय नहीं है तथा चौपाइयां वहां में मैं भी शराब भरकर गांव-गांव पहुंचाई जा रही है शराब माफिया द्वारा न सिर्फ अवैध शराब बेची जा रही है बल्कि इस मोहल्ले मोहल्ले पहुंचकर सीधे लोगों के घरों तक पहुंच बनाए जा रही है जो कि शराब दुकान के नियमों के विरुद्ध है ।शराब ठेकेदार द्वारा नगर के युवा वर्ग को शराब में डूबाने के लिए तत्पर है। आबकारी विभाग और पुलिस विभाग की मिली भगत से अवैध शराब का यह गोरख धंधा नगर में धड़ल्ले से फल फूल रहा है ।दोपहिया वाहन में शराब धोने वाले नगर में थाने के सामने से भी निकल जाते हैं इसके बावजूद भी शराब माफियाओं पर कोई कार्यवाही नहीं हो रही है।

# छेड़छाड़ का विरोध करने पर जमकर चले लात घूसे और बेल्ट

**रीवा देशबन्धु।** महिला के साथ छेडछाड को लेकर दो पक्षो के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। बताया जा रहा है की एक पक्ष की महिला के साथ दूसरे पक्ष के युवकों ने छेड़खानी की, जिसके बाद विवाद बढ़ गया, और दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरु हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने अब मामले को संज्ञान में लेते हुए, मामले की जांच शुरु कर दी है, जिसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

यह पूरा मामला रीवा शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत पीटीएस चौराहे का बताया जा रहा है, जहां रात लगभग 8 बजे जब एक महिला अपने पति और परिजनों के साथ सब्जी खरीदने निकली थी। इस दौरान सड़क पर शराब के नशे में धुत कुछ असामाजिक तत्वों के गुट ने, महिला को लेकर अश्लील टिप्पणी कर दी। जिसके बाद विवाद बढ़ गया, और देखते ही देखते दोनों पक्षों के बीच मारपीट शुरु हो गई, और एक दूसरे पर बेल्ट बरसाने लगे। इस दौरान कुछ देर तक आवागमन भी बंद रहा, और लोग तमाशबीन बने घटना को देखते रहे।

# कर्नल सोफिया पर दिया बयान देशभक्ति पर उंगली उठाने वाला है

**शहपुरा, देशबन्धु।** प्रदेश शासन के मंत्री विजय शाह द्वारा भारत पर आतंकवाद फैलाने वाले आतंकियों को माकुल जवाब देने वाले ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय नारी कर्नल सोफिया कुरैशी के संबंध में सार्वजनिक रूप से दिया गया बयान उनकी देशभक्ति पर उंगली उठाने वाला है और अपमानित करने वाला है इस संदर्भ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुमन कुमार जैन ने गुस्सा जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन से ऐसे मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने की मांग की है।

सरदार दलबीर सिंह जस्सल ने कहा कि कहा कि सोफिया के सम्मान में कांग्रेस मैदान में मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री विजय शाह द्वारा हमारे बहादुर सैन्य अधिकारी सोफिया कुरैशी के खिलाफ आपत्तिजनक शर्मनाक बयान दिया गया उसकी हम घोर निंदा करते हुए उन्हें मंत्री मंडल से बर्खास्त करने की मांग करते है। राजेंद्र जैन बंधु ने कहा कि कर्नल सोफिया कुरैशी भारत की बेटी हैं। राष्ट्र का गौरव है। राष्ट्र का सम्मान है। हम सब का अभिमान है। आपका अपमान सारी नारी जाति का अपमान पूरे राष्ट्र का अपमान, जिसे कोई भी सच्चा देशभक्त बर्दाश्त नहीं करेगा।

अतुल जोसफ ने कहा पूरा देश आपके साथ है कर्नल सोफिया कुरैशी के साथ-साथ हर भारतीय सैनिक के साथ है जो देश की सरहद की रक्षा कर रहे हैं। संजय वर्मा ने कहा विंग कमांडर व्यमिका सिंह करनल सोफिया कुरैशी और उनकी पूरी टीम हिंदुस्तान की आन बान शान है और उनके सम्मान की रक्षा के लिए कांग्रेस पार्टी मैदान में राजकुमार जैन मामा ने कहा मां भारती की रक्षा में सभी भारतीय सैन्य जवानों को हमारा सलाम है हम उन पर गर्व करते हैं और उनका अपमान कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। मंत्री विजय शाह को मंत्रिमंडल से बर्खास्त किए जाने की मांग का पुरजोर समर्थन सहयोगी मित्र नेकराम पटेल शाकिर कुरैशी मार्को बाबा निर्मल चंद जैन डॉक्टर चंद्रेश जैन डॉक्टर महेंद्र जैन अमित जैन युवा संजय जैन प्रभु संजय किपी अब्दुल रहमान मलिक अभिमन्यु शर्मा हाजी हामिद खान मोहम्मद असलम डॉक्टर अलीम मंसूरी मकसूद मंसूरी नरेश साहू सुभाष पटेल शहिद शेख भाई जान दिलावर खान आदि ने करते हुए प्रधानमंत्री, राज्यपाल, मुख्यमंत्री ,मध्य प्रदेश मंत्रिमंडल के सदस्य विजय सहायक को बर्खास्त किए जाने कि मांग मांग की है।

# अभाविप ने किया जल मन्दिर का शुभारंभ



**सिहोरा, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की सिहोरा इकाई ने अपनी सेवार्थ विद्यार्थी गतिविधियों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल महाविद्यालय, सिहोरा के सामने एक सार्वजनिक प्याऊजल मंदिर का शुभारंभ किया। यह पहल भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों और विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से की गई है।

इस पुण्य कार्य का उद्घाटन एक भव्य समारोह में संपन्न हुआ, जिसमें सिहोरा नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती संध्या दुबे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। कार्यक्रम में अभाविप के पूर्व कार्यकर्ता अनुपम सराफ, महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष डॉ. धीरेंद्र कुमार बघेल, नरसिंहपुर विभाग की छात्रा प्रमुख सुश्री राशि जैन, सिहोरा जबलपुर ग्रामीण जिला संयोजक आनन्द श्रीवास, ग्रीष्मकालीन विस्तारक चैतन्य जी, महाविद्यालय इकाई अध्यक्ष संतोष विश्वकर्मा और सह मंत्री शरद शर्मा सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता और महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

संध्या दुबे ने इस अवसर पर अभाविप की इस सामाजिक सेवा और जनहितकारी पहल की सराहना की। अन्य अतिथियों ने भी युवाओं को सेवा भावना से प्रेरित करने वाले इस प्रयास को अनुकरणीय बताया।

# ट्रक और कंटेनर में जोरदार टक्कर, दोनों के हेल्पर घायल

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** ट्रक और कंटेनर में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में दोनों ट्रकों के हेल्पर घायल हो गए। उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। हादसा बुधवार सुबह 4 बजे एनएच 44 केंद्रीय विद्यालय तिराहे के पास हुआ है।

बताया गया कि ट्रक दिल्ली से नागपुर जा रहा था। वहीं कंटेनर सीमेंट लेकर नर्मदापुरम जा रहा था। एमएससी कंपनी का ट्रक (आरजे 11 जीसी 2055) रास्ता भटकने के कारण ट्रक गलत दिशा में एनएच 44 पर आ गया।

मैहर से नर्मदापुरम जा रहे कंटेनर (एमपी 19 एचए 5069) के चालक श्रवण पांडे ने बताया कि वह सही दिशा में था। अचानक सामने से आ रहे ट्रक ने उनकी गाड़ी को टक्कर मार दी।

श्रवण पांडे ने बताया कि हादसे के समय क्लीनर ने उन्हें खींचकर बचा लिया। इससे उनकी जान बच गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# अश्लील फोटो, छेड़छाड़ के मामले में एसपी से लगाई गुहार

## पाटन के आगासौद का मामला

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन थाना अंतर्गत ग्राम आगासौद में एक अनुसूचित वर्ग की महिला के साथ ग्राम सचिव और सहायक सचिव द्वारा अभद्रता के मामले में बसपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार के साथ पीड़ित महिला व परिजन पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर कार्यवाही की मांग करने पहुचें,प्राप्त जानकारी अनुसार महिला का आरोप है कि भवन निर्माण की योजना की बात को लेकर सचिव और सहायक सचिव उनके घर पहुचें जब महिला नहा रही थी तो उसी दौरान उनकी जेठानी के बताने के बाद भी वे वापस नही गये जैसे ही महिला बाहर निकली तो सचिव फोटो निकलने लगे महिला ने कहा भी की ये क्या कर रहे हो उसका हाथ पकड़कर अंदर धकेलने,केवल ब्लाउज में ही उसकी फोटो निकाली गई।

परिजनों ने जब पंचायत जाकर आपत्ति उठाई तो उनके साथ गली गलोंच की गई,इस मामले में पाटन थाना प्रभारी से शिकायत की गई लेकिन कार्यवाही ना होने से असंतुष्ट पीड़ित महिला और परिजनों ने बसपा कार्यालय आकार घटना बताई,उक्त मामले में संज्ञान लेकर कार्यवाही करने बहुजन समाज पार्टी पुलिस अधीक्षक से मिलकर ग्राम सचिव, सहायक सचिव पर रिपोर्ट दर्ज कर कार्यवाही करने की मांग की, साथ ही जिला कलेक्टर कार्यालय को भी ज्ञापन देकर दोनों पंचायत कर्मियों को पद से बर्खास्त करने की मांग की, बसपा नेताओ का कहना है, गाँव में जातिगत दुर्भावना और महिलाओं के प्रतिहीन भावना रखने वाले सचिव और सहायक सचिव पर हफ्ते भर मे कार्यवाही नहीं होती है तो बसपा धरना प्रदर्शन करेगी, जिसके लिये जिला प्रशासन जिम्मेदार होगा।

आज इस मामले में कार्यवाही की मांग करने पीड़ित के साथ बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार, जिला उपाध्यक्ष सुरेश बंसकार, राधेलाल रैदास, शिव प्रकाश, प्रेम लाल राज,अजय अहिरवार, बेड़ी लाल, पूजा अहिरवार, दिलीप चौधरी, संजय अहिरवार, राम प्रसाद सहित बडी संख्या में पीड़ित परिजन, बसपा समर्थक उपस्थित रहे।

### मारपीट करने वाले पिता-पुत्र को छह माह की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी धमेन्द्र नागवंशी के न्यायालय द्वारा आरोपीगण दशरथ जाटव आत्मज धनीराम जाटव, उम्र-50 वर्ष एवं राजकुमार जाटव आत्मज दशरथ जाटव, उम्र-24 वर्ष दोनो निवासी-ग्राम मोहद, चौकी आमगांव, थाना करेली, दोनों को क्रमशः पृथक पृथक से धारा 324/34 में 6 माह का कारावास से दंडित किया गया है।

## भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद दुनिया बेहतर स्थिति में है : संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र, (आईएएनएस)।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के बाद दुनिया बेहतर स्थिति में है। दुजारिक ने अपनी ब्रीफिंग में कहा, हमें उम्मीद है कि संघर्ष विराम जारी रहेगा। इसके साथ-साथ हम यह भी आशा करते हैं कि दोनों पक्ष इसका उपयोग अपने बीच के कई लंबित मुद्दों को निपटाने के लिए करेंगे। एक फिलिस्तीनी पत्रकार के सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम कायम है। दरअसल, पत्रकार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आलोचना की थी। पत्रकार ने कहा था कि पीएम मोदी के सोमवार के भाषण से पता चलता है कि संघर्ष विराम बहुत नाजुक है। अपने दावे के समर्थन में पत्रकार ने एक पाकिस्तानी बयान का हवाला भी दिया, जिसमें पीएम मोदी के राष्ट्र के नाम संबोधन के लहजे पर आपत्ति जताई गई थी। दुजारिक ने कहा, हम पहले की तुलना में बेहतर स्थिति में हैं। पाकिस्तान के सैन्य अभियान महानिदेशालय (डीजीएमओ) द्वारा भारत स्थित अपने समकक्ष को फोन किए जाने के बाद 10 मई को चार दिन से जारी संघर्ष को समाप्त करने पर सहमति बनी।

# ऑपरेशन सिंदूर में भारत ने पाक की मदद करने वाले तुर्की की भी निकाली हवा, दिया गहरा जख्म



**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद तनाव में कमी आई है। पिछले दिनों तनाव के समय पाकिस्तान को तुर्की-चीन जैसे देशों ने जमकर मदद की, जिसकी अब सच्चाई सामने आ रही है। तुर्की ने न सिर्फ भारत के खिलाफ लड़ाई में पाकिस्तान को 350 से ज्यादा ड्रोन भेजे, बल्कि उन्हें चलाने के लिए अपने मिलिट्री ऑपरेटर्स के जरिए भी मदद की। इस अभियान के दौरान भारत ने न सिर्फ तुर्की के ड्रोन को गिराकर उनकी हवा निकाल दी, बल्कि ऐसा जख्म दिया, जिसे जल्दी तुर्की भूलने वाला नहीं है।

'इंडिया टुडे' ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत चले अभियान में तुर्की के दो मिलिट्री ऑपरेटर्स भी मारे गए हैं। तुर्की के ये ऑपरेटर्स ड्रोन के जरिए भारत पर हमला करने में पाकिस्तानी सेना की मदद कर रहे थे। इसी दौरान, भारत ने इनको मार गिराया, जोकि तुर्की के लिए किसी गहरे जख्म से कम नहीं है। पाकिस्तान ने भारत के खिलाफ बायरकटर टीबी2 और वाईआईएचए ड्रोन का इस्तेमाल किया था। इन ड्रोन्स को तुर्की ने पाकिस्तान को दिया था। कुछ समय में पाकिस्तान और तुर्की के बीच दोस्ती काफी बढ़ी है। ऑपरेशन सिंदूर के समय तुर्की उन देशों में शामिल था, जिसने खुले तौर पर पाकिस्तान की मदद की और समर्थन किया।

पहलगाम आतंकी हमले में 26 लोगों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। ऑपरेशन सिंदूर चलाकर नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल और ड्रोन के जरिए से हमला किया, जिसमें 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। इसके बाद दोनों देशों में तनाव चरम पर पहुंच गया। पाकिस्तान ने लगातार कई रात ड्रोन के जरिए जम्मू से गुजरात तक हमले किए। हालांकि, इन हमलों को भारतीय एयर डिफेंस सिस्टम ने हवा में ही मार गिराया। भारतीय सेना ने भी प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए से साफ किया था कि पाकिस्तान ने तुर्की के ड्रोन का इस्तेमाल किया है। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने अंकारा में कैबिनेट बैठक की अध्यक्षता करने के बाद अपने संबोधन में पाकिस्तान के प्रति अपना समर्थन जताया है। एर्दोगन ने कहा कि अंकारा अच्छे और बुरे समय में पाकिस्तान के भाईचारे वाले लोगों का समर्थन करना जारी रखेगा।

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव पर टिप्पणी करते हुए, उन्होंने दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम का स्वागत किया। एर्दोगन ने कहा कि हमने तनाव को कम करने के लिए भी काफी प्रयास किए, जो बहुत खतरनाक स्तर तक बढ़ गया था। हालांकि, एर्दोगन के दावे से हकीकत एकदम अलग है। भारत पाकिस्तान के दौरान तुर्की ने तनाव कम करने के बजाए उसे बढ़ाने की कोशिश की, जिसके तहत उसने पाक को ड्रोन भेजे, जिसका इस्तेमाल पाक ने भारत के खिलाफ लड़ाई में किया।

# किम जोंग उन का आदेश, युद्ध के लिए तैयार रहें सशस्त्र बल

**सोल, (आईएएनएस)।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग-उन ने विशेष अभियानों के संयुक्त सामरिक अभ्यास का जायजा लेने के बाद सशस्त्र बलों को युद्ध के लिए तैयार रहने का आदेश दिया। बुधवार को स्थानीय मीडिया ने एक रिपोर्ट में इसकी जानकारी दी कि किम ने सशस्त्र बलों को सबसे महत्वपूर्ण कार्य युद्ध के लिए पूरी तैयारी करने को कहा है। योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से बताया कि पिछले दिनों विशेष अभियानों और टैंक सब यूनिट्स के संयुक्त फायर स्ट्राइक प्रदर्शन का संयुक्त सामरिक अभ्यास हुआ था। केसीएनए ने किम के हवाले से कहा, यह कहते हुए कि हमारे क्रांतिकारी सशस्त्र बल अब कुछ मोर्चों का ही प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं, बल्कि उनमें से सबसे महत्वपूर्ण साम्राज्यवाद-विरोधी वर्ग मोर्चा भी शामिल है और युद्ध के लिए पूरी तैयारी करना सबसे महत्वपूर्ण कार्य है।



उन्होंने यह भी कहा कि युद्ध अभ्यास पूरी सेना को एक कुलीन रैंक में बदलने में मदद करेगा। ऐसा प्रतीत होता है कि किम ने यूक्रेन के खिलाफ मास्को के युद्ध का समर्थन करने के लिए रूस में उत्तर कोरिया द्वारा सैनिकों की तैनाती को उचित ठहराने के लिए साम्राज्यवाद विरोधी वर्ग मोर्चे की अवधारणा को उजागर किया है।

राज्य मीडिया की ओर से प्रसारित तस्वीरों में छद्म सूट पहने उत्तर कोरियाई सैनिकों को ड्रोन संचालित करते हुए दिखाया गया है। दक्षिण कोरिया की जासूसी एजेंसी ने पहले कहा था कि उसे रूस में तैनात उत्तर कोरियाई सैनिकों के मास्को से ड्रोन संचालन और रणनीति सीखने के संकेत मिले हैं। पिछले महीने, उत्तर कोरिया ने पहली बार स्वीकार किया कि उसने यूक्रेनी सेना के खिलाफ लड़ने के लिए रूस में सैनिकों को भेजा है। पिछले सप्ताह प्योंगयांग में रूसी दूतावास की यात्रा के दौरान, किम ने कहा कि युद्ध में उत्तर कोरिया की भागीदारी उचित थी, इसे मास्को के साथ आपसी रक्षा संधि के तहत संप्रभु अधिकारों का प्रयोग कहा।

## आज का इतिहास

1242- दिल्ली के सुलतान मुइजुद्दीन बहराम शाह की सेना ने विद्रोह कर दिया और सुलतान की हत्या कर दी।
1817- समाज सुधारक देवेन्द्र नाथ टैगोर का जन्म।
1859- पियरे क्यूरी का जन्म। 1903 में इन्हें मैडम क्यूरी के साथ भौतिकी का नोबल पुरस्कार दिया गया था। मैडम क्यूरी इनकी पत्नी थीं और दोनों ने मिलकर रेडियम की खोज की थी।
1907- भगत सिंह और राजगुरु के साथ हंसते-हंसते फांसी के फंदे पर लटकने वाले सुखदेव थापर का जन्म।
1923- जॉनी वॉकर, भारतीय हास्य अभिनेता का जन्म।
1935- मास्को मेट्रो लोगों के लिए खोला गया।
1940- दो भाइयों रिचर्ड और मौरिस मैकडॉनल्ड्स ने कैलिफोर्निया के सैन बर्नार्डीनो में मैकडॉनल्ड्स शुरू किया।
1948- अरब देशों ने इजराइल पर हमला किया। एक दिन पहले ही इजराइल ने अपनी आजादी की घोषणा की थी।

## सुडोकू 6913

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 6 | 7 | 5 | | |
| | | | | | 8 | | 4 | 3 |
| | | | 4 | | 5 | | | 8 |
| 1 | | 4 | | | | | 9 | 6 |
| | | 9 | | | | 3 | | |
| 6 | 3 | | | | | 2 | | 5 |
| 9 | | | 5 | | 4 | | | |
| 2 | 4 | | 3 | | | | | |
| | | 5 | 6 | 9 | | | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## पाकिस्तान सरकार की राहत राशि से खूंखार आतंकी अजहर मसूद को मिल सकते हैं 14 करोड़ रुपये



पाकिस्तान की सरकार ने भारत के हमलों में मारे गए लोगों के परिजनों को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देने का ऐलान किया है। उसकी इस स्कीम का सबसे बड़ा फायदा खूंखार आतंकी अजहर मसूद को ही मिलता दिख रहा है। अजहर मसूद के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद के बहावलपुर स्थित मुख्यालय पर भारत ने एयर स्ट्राइक की थी। इन हवाई हमलों में जैश के मुख्यालय को जबरदस्त नुकसान पहुंचा। इसके अलावा उसके परिवार के ही 10 लोग मारे गए थे। 4 अन्य लोग उसके करीबी थे, जो मारे गए। अब इन सभी लोगों की एवज में 14 करोड़ रुपये अजहर मसूद और उसके करीबियों के परिवारों के खाते में जाएंगे। इस तरह पाकिस्तान सरकार की ओर से मदद के नाम पर जारी रकम सीधे तौर पर आतंकियों और उनके परिवारों को मदद देगी। पाकिस्तान पीएमओ की ओर से जारी प्रेस रिलीज में एक करोड़ रुपये की सहायता राशि का ऐलान हुआ था। अब मदद के नाम पर जारी इस रकम का सीधा फायदा मसूद अजहर को ही मिलेगा। ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने हाफिज सईद के मुरीदके स्थित ठिकाने और फिर बहावलपुर में जैश के ठिकानों पर जोरदार हमले किए थे।

## पाकिस्तान के पूर्व पीएम को अब भी डर- हमला कर सकता है भारत, गुस्से में हैं नरेंद्र मोदी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान जेल में बंद हैं, लेकिन भारत से तनाव पर उनकी पूरी नजर है। इमरान खान से जेल में मुलाकात करने उनकी बहनें पहुंची थीं। उन्होंने मीटिंग के बाद बताया कि इमरान खान को डर है कि भारत ने भले ही सीजफायर स्वीकार कर लिया है, लेकिन अब भी हमला हो सकता है। इमरान खान की बहन अलीमा खान ने कहा कि भाई को इस बात की चिंता है कि अब भी भारत अटैक कर सकता है। उन्होंने पाकिस्तान की सेना और सरकार से अलर्ट रहने को कहा है। जेल प्रशासन की तरफ से इमरान खान की बहनों को 8 सप्ताह के बाद मिलने की परमिशन दी गई थी। पाकिस्तानी अखबार द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार अलीमा ने इमरान से मिलने के बाद मीडिया से बातचीत में कहा, %उन्होंने कहा कि भारत की तरफ से अब भी अटैक हो सकता है। इमरान खान ने कहा कि नरेंद्र मोदी पाकिस्तान से नफरत करते हैं और गुस्से में फिर से कोई अटैक कर सकते हैं।% इमरान खान के हवाले से अलीमा ने कहा कि जंग में 60 फीसदी जंग तो मानसिक ही होती है। मुझे डर है कि नरेंद्र मोदी फिर से अटैक कर सकते हैं। अलीमा ने कहा कि इमरान खान ने देश की चिंताओं पर बात की। इमरान खान की ओर से इस दौरान मिलिट्री कोर्ट में चल रहे मुकदमों को लेकर भी बात की। दरअसल इमरान खान 9 मई, 2023 से ही जेल में बंद हैं।

# अनीता आनंद कनाडा की विदेश मंत्री नियुक्त, भारत के साथ संबंधों को मजबूत करने की जिम्मेदारी

**ओटावा, (आईएएनएस)।** कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री नियुक्त किया है। आनंद की विशेष जिम्मेदारी भारत के साथ संबंधों को बेहतर और मजबूत बनाने की होगी। पीएम कार्नी ने अनीता आनंद को विदेश मंत्री पद पर नियुक्त करते हुए कहा कि उनका मिशन भारत के साथ लगभग टूट चुके संबंधों को फिर से स्थापित करना होगा। इसके साथ ही राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर तालमेल बनाकर अमेरिका के साथ संबंध मजबूत करना होगा। नवनियुक्त विदेश मंत्री अनीता आनंद पहले परिवहन और रक्षा मंत्रालय संभाल चुकी हैं। जनवरी में उन्होंने कहा था कि वे राजनीति को छोड़कर शिक्षा के क्षेत्र में लौटेंगी। लेकिन पिछले महीने हुए चुनाव में फिर से चुने जाने के बाद पीएम कार्नी ने उन्हें मंत्रिमंडल में वापस आने और विदेश मामलों का मंत्रालय संभालने के लिए राजी कर लिया। कार्नी को पूर्व प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की कैबिनेट विरासत में मिली थी। लेकिन उनके पास अब अपनी छाप छोड़ने का मौका है, उन्होंने पिछले महीने हुए चुनाव में लिबरल पार्टी को जीत दिलाई थी। पीएम बनने के बाद कार्नी ने कई बड़े फैसले लिए हैं। पूर्व प्रधानमंत्री ट्रूडो की कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या 39 थी। कार्नी ने अपने कैबिनेट में 28 मंत्रियों को जगह दी है। सभी मंत्रियों से अपने काम में नए विचार, स्पष्ट फोकस और निर्णायक कार्रवाई करने का आदेश दिया है। पिछली कैबिनेट में शामिल भारतीय मूल के तीन राजनेताओं को अब जगह नहीं मिली है। नए मंत्रिमंडल में भारतीय मूल के कनाडाई कम हैं। कनाडा के पीएम ने मनिंदर सिद्धू को अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री और भारतीय मूल के दो अन्य लोगों को राज्य सचिव नियुक्त किया है। यह पद राज्य मंत्री के समकक्ष माना जाता है। रूबी सहोता, जो पहले लोकतांत्रिक संस्थाओं की मंत्री थीं, उन्हें राज्य सचिव बनाया गया है और अपराध से निपटने का प्रभार दिया गया है। रणदीप सराय दस राज्य सचिवों में से एक हैं और वे अंतर्राष्ट्रीय विकास से निपटेंगे। अमेरिका के साथ टैरिफ युद्ध के दौरान शायद सबसे महत्वपूर्ण मंत्रालय डोमिनिक लेब्लांक को सौंपा गया है, जो कनाडा-अमेरिका व्यापार के लिए जिम्मेदार मंत्री होंगे। क्रिस्टिया फ्रीलैंड, जो पहले वित्त मंत्रालय के साथ उप प्रधानमंत्री थीं, उन्होंने पार्टी नेतृत्व, उद्योग मंत्रालय के लिए कार्नी को चुनौती दी थी।




# बहामास में भारतीय-अमेरिकी छात्र की बालकनी से गिरकर मौत

**बॉस्टन, (आईएएनएस)।** बहामास में एक भारतीय मूल के अमेरिकी छात्र की बालकनी से गिरकर मौत हो गई। मैसाचुसेट्स स्थित श्रूजबरी के मूल निवासी गौरव जयसिंह, बेंटले यूनिवर्सिटी के छात्र थे और सीनियर क्लास ट्रिप पर थे। रॉयल बहामास पुलिस बल ने पहले इस घटना की पुष्टि करते हुए कहा था कि जयसिंह अपने होटल में अन्य रूममेट्स के साथ थे और अचानक ऊपरी मंजिल की बालकनी से गिर गए थे। जयसिंह डेल्टा सिग्मा पाई बिरादरी और यूनिवर्सिटी के साउथ एशियन स्टूडेंट्स एसोसिएशन के सदस्य थे। बेंटले यूनिवर्सिटी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर छात्र की दुखद मौत पर शोक जताया। यूनिवर्सिटी की तरफ से एक्स पर लिखा गया, पिछले कुछ दिन मुश्किल भरे रहे हैं और हमारा समुदाय गौरव जयसिंह (उम्र 25) की दुखद मौत पर भावनात्मक रूप से आहत है। हमारी संवेदनाएं गौरव के परिवार और दोस्तों के साथ हैं। हम स्नातक दीक्षांत समारोह में गौरव को सम्मानित करने की योजना बना रहे हैं।



पुलिस ने रविवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया, पैराडाइज आइलैंड पर संयुक्त राज्य अमेरिका के एक पुरुष की मौत के आसपास की परिस्थितियों की जांच शुरू की गई। शुरुआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, रात 10ः00 बजे के आसपास तक पीड़ित अपने होटल के कमरे में अन्य साथियों के साथ थे। फिर वे गलती से ऊपर की बालकनी से गिरे और फिर निचली मंजिल पर उन्हें बेहोश पाया गया। आपातकालीन स्थिति में छात्र को अस्पताल पहुंचाया गया जहां उनकी जांच हुई। चिकित्सकों के मुताबिक उनकी मौत अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही हो गई थीघटना की जांच जारी है।


## वर्ग पहेली 6913



**बायें से दायें:-**
१. सामान्य हितों की रक्षा के लिए संघठित संस्था, समूह राशि
३. दुखद, अफसोसनाक (उर्दू)
५. रक्त सिरा, नस
६. अनाथालय (उर्दू)
८. पंडितों के लिए एक आदरसूचक संबोधन
९. गांव, ग्राम
१०. दूसरे के अधीन
१२. भर्त्सना (उर्दू)
१३. दुर्भाग्यसूचक ग्रह योग
१४. भीख मांगते हुए घूमना
१६.. लहर
१८. मुग्ध करने वाला
२०. चितकबरा
२१. प्रस्थान (उर्दू)
२३. ख्याति प्राप्त करना

**ऊपर से नीचे:-**
१.मददगार
२. किसी कार्य के बनने-बिगड़ने की पूरी जिम्मेदारी
३. संतोष की बात (उर्दू)
४. जो किसी काम का न हो, निकम्मा (उर्दू)
५.'मनीऑर्डर' डाक द्वारा राशि भेजना
८. एक प्रकार का वाद्य यंत्र
१०. इम्तहान
११. बखान
१२. उत्पादन-व्यव
१३. कठिन, जटिल, विषम
१४. दीवारों पर बना चित्र
१५. बूंद-बूंद करके गिरना
१७. रंगयुक्त आशिक मिजाज
१८. लडडू
१९. किसी काम को अंजाम देना
२२. भीगा हुआ, तर

## वर्ग पहेली-6912



यूसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

कवायद | *ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाक की गोलीबारी के बाद चेती सरकार*

# राजौरी व पुंछ के कस्बों में बंकरों के निर्माण की बनी योजना

**जम्मू, (देशबन्धु)।** जम्मू शहर, राजौरी और पुंछ कस्बों को निशाना बनाकर पाक सेना द्वारा की गई भीषण गोलाबारी के बाद, जो पिछले कई वर्षों में अनसुनी घटना थी, सरकार दोनों सीमावर्ती कस्बों के अलावा कुछ अन्य छूटे हुए क्षेत्रों में सामुदायिक बंकरों के निर्माण की योजना बना रही है ताकि भविष्य में दुश्मन द्वारा किसी भी तरह की बढ़ोतरी की स्थिति में लोगों को शरण लेने में मदद मिल सके। ऐसे कस्बों में जम्मू शहर को भी शामिल किए जाने की योजनाएं हैं जो इस बार पाक मिसाइलों के हमलों का शिकार बना। अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय और पूर्ववर्ती राज्य सरकार ने पहले क्षेत्र में एलओसी और इंटरनेशनल बार्डर पर व्यक्तिगत और सामुदायिक दोनों तरह के बंकरों के निर्माण की सुविधा प्रदान की थी। कुछ लोगों ने अपने दम पर बंकरों का निर्माण भी किया है। हालांकि, राजौरी और पुंछ कस्बों में बंकरों का निर्माण नहीं किया गया था, क्योंकि पिछले कई वर्षों से भारी गोलाबारी और गोलीबारी की स्थिति में भी पाकिस्तानी सेना ने उन्हें निशाना नहीं बनाया था, जो कि अग्रिम क्षेत्रों तक ही सीमित हुआ करती थी। वैसे जम्मू शहर में भी कभी बंकर इसलिए नहीं बनाए गए थे क्योंकि इससे पहले हुई लड़ाइयों और लड़ाई के माहौल में कभी भी जम्मू शहर पर इस तरह की मिसाइलें नहीं गिरी थीं। जानकारी के लिए भारतीय सशस्त्र बल द्वारा पाकिस्तान में 'आपरेशन सिंदूर' के बाद 7 और 8 मई की मध्यरात्रि को पहली बार पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ शहर को सीधे निशाना बनाकर भारी गोलाबारी शुरू की, जिसमें 16 नागरिक मारे गए।



■ पहली बार पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ शहर को बनाया था सीधा निशाना

एक दिन बाद, पाक सैनिकों ने राजौरी शहर को निशाना बनाते हुए लंबी दूरी के मोर्टार गोले दागे, जिसमें एक जेकेएएस अधिकारी सहित तीन नागरिक मारे गए, जबकि पुंछ में एक अन्य नागरिक मारा गया। दोनों जिलों में पाक गोलाबारी में कुल 19 नागरिक मारे गए। अधिकारियों के अनुसार, राजौरी और पुंछ शहरों में लोग अचंभित थे क्योंकि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि पाक सेना लंबी दूरी के मोर्टार गोले से शहरों पर हमला करेगी क्योंकि पिछले कई सालों में ऐसा नहीं किया गया था। अधिकांश लोगों के पास छिपने के लिए बंकर नहीं थे और इस तरह वे शिकार बन गए। जबकि 19 नागरिक मारे गए, 75 से अधिक अन्य घायल हो गए। अधिकारियों के बकौल, अब सरकार राजौरी और पुंछ शहरों में सामुदायिक बंकरों के निर्माण की योजना बना रही है ताकि लोग सूत्रों ने कहा कि भविष्य में ऐसी किसी भी गोलाबारी की स्थिति में लोग वहां शरण लें।

# खेल जगत

## कोहली को बीसीसीआई से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला : कैफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने दावा किया है कि विराट कोहली को बीसीसीआई और चयनकर्ताओं से उम्मीद के मुताबिक समर्थन नहीं मिला, जिसके कारण उन्होंने तुरंत प्रभाव से अपना टेस्ट क्रिकेट करियर समाप्त कर दिया। कोहली, जिन्होंने 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाए, ने सोमवार को इंस्टाग्राम पर लिखा कि वह तुरंत प्रभाव से टेस्ट से संन्यास ले रहे हैं। उनका यह फैसला भारत के कप्तान रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के ठीक पांच दिन बाद आया है। कैफ ने कहा कि मुझे लगता है कि वह इस प्रारूप में खेलना जारी रखना चाहते थे। बीसीसीआई के साथ कुछ आंतरिक बातचीत हुई होगी, चयनकर्ताओं ने पिछले 5-6 वर्षों में उनके फॉर्म का हवाला दिया होगा और उन्हें बताया होगा कि टीम में उनकी जगह अब नहीं रह गई है।



## आईपीएल के बचे हुए मुकाबले खेलने के लिए भारत वापस आएंगे ट्रेंट बोल्ट

### सुनील नारायण व रसेल केकेआर से जुड़े, डी कॉक के जुड़ने की उम्मीद, मोइन का इंतजार

- दिल्ली के फ्रेजर आईपीएल से हटे, स्टार्क के आगे खेलने को ले संशय
- बोल्ट को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा 12 करोड़ 50 लाख रुपए में खरीदा था



■ सत्येन्द्र पाल सिंह

**नई दिल्ली,** 14 मई (देशबन्धु)। मुंबई इंडियंस के लिए अच्छी खबर है कि उसके रफ्तार के सौदागर ट्रेंट बोल्ट अब 17 मई से फिर से आगे शुरू हो रही बाकी 2025 आईपीएल में खेलने के लिए लौट सकते हैं। बेहद ढीली शुरुआत करने के बाद अपने घर मुंबई इंडियंस ने मुंबई में केकेआर को आठ विकेट से हरा पांच मैचों में पहली जीत के बाद अगले दो मैच हारने के बाद लगातार छह जीत मैच जीते। मुंबई फिलहाल शीर्ष पर चल रही गुजरात टाइटंस से डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर अपना 12 वां मैच तीन विकेट से हार कर कुल 14 अंकों के साथ चौथे स्थान पर है। बोल्ट ने मौजूदा संस्करण में मुंबई इंडियंस के लिए 12 मैचों में 18 विकेट चटका कर फिलहाल चौथे स्थान पर है। बोल्ट को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल नीलामी में सबसे महंगा 12 करोड़ 50 लाख रुपये में खरीदा था। बोल्ट के आईपीएल को स्थगित करने के चलते वापस मुंबई इंडियंस से खेलने के लिए जुड़ने का फैसला करने का इसलिए राहत भरा है क्योंकि उसके दक्षिण अफ्रीका के रेयन रिकल्टन और कार्बिन बॉस के साथ इंग्लैंड विल जैक भी आईपीएल 2025 के 10 मई को स्थगित होने से स्वदेश लौट गए थे।

शुभमन गिल की अगुआई वाली गुजरात टाइटंस और आरसीबी के 11 -11 मैचों से समान रूप से 16 -16 हैं लेकिन अपनी बेहतर नेट रन रेट के चलते गुजरात फिलहाल शीर्ष पर है। भारत और पाकिस्तान की बीच सरहद पर तनाव के चलते 10 मई को स्थगित 2025 आईपीएल अब 17 मई को आरसीबी और केकेआर के बीच बेंगलुरु में मैच से आगे शुरू होगी। आरसीबी के लिए चिंता का सबब है कि उसके लिए दस मैचों में सबसे ज्यादा 18 विकेट चटका कर फिलहाल मौजूदा सीजन में शीर्ष पर चल रहे उसके ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का कंधे में चोट के चलते उसके लिए आगे के मैचों के लिए उपलब्ध होना तय नहीं है। हेजलवुड को हालांकि ऑस्ट्रेलिया के 11 जून से लॉर्ड्स (इंग्लैंड) में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जाने वाले आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए अपने देश की 15 सदस्यीय टीम में शामिल है। वहीं दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक के बृहस्पतिवार को अपनी केकेआर टीम के 17 मई को बेंगलुरु में मेजबान आरसीबी के खिलाफ खेले जाने वाले मैच के लिए जुड़ने की पूरी उम्मीद है। डी कॉक ने केकेआर को अब आईपीएल के 17 मई से 3 जून तक के बाकी चरण के लिए खुद को उपलब्ध बताया है। केकेआर को प्ले ऑफ में पहुंचने की हल्की उम्मीद बनाए रखने के लिए आरसीबी के खिलाफ यह मैच जीतना बेहद जरूरी है। साथ ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अपनी टीम केकेआर को बताया है कि वह टीम के लिए बाकी आईपीएल में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। केकेआर इंग्लैंड के मोईन अली के भी वापस टीम से जुड़ने की उम्मीद कर रही है। वहीं आईपीएल के स्थगित होने के बाद दुबई में रुके वेस्ट इंडीज के सुनील नारायण व आंद्रे रसेल सबसे पहले बुधवार को अपनी टीम केकेआर के साथ बाकी आईपीएल के लिए वापस जुड़ गए।

## विराट और रोहित की जगह भरने के लिए भारत में प्रतिभाओं कमी नहीं : एंडरसन

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां। भारतीय क्रिकेट के मौजूदा समय के दो सबसे बड़े बल्लेबाज विराट कोहली और रोहित शर्मा ने टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह दिया है। इस बीच, इंग्लैंड के पूर्व तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन का मानना है कि भारत में ऐसी प्रतिभाएं हैं जो रोहित और विराट के जाने से खाली हुई जगह को भर सकती हैं। जेम्स एंडरसन ने विराट कोहली को टेस्ट क्रिकेट इतिहास के महान बल्लेबाजों में एक करार दिया। एंडरसन ने कहा कि विराट एक महान बल्लेबाज रहे हैं। उनकी कमी टेस्ट फॉर्मेट में निश्चित रुप से भारतीय टीम को खलेगी लेकिन भारत में प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का एक बड़ा समूह मौजूद है जो उन्हें रिप्लेस करेगा और उनकी कमी की भरपाई करेगा। विराट कोहली और जेम्स एंडरसन के बीच टेस्ट फॉर्मेट में हमेशा से एक कड़ी प्रतियोगिता देखने को मिली है। कभी एंडरसन तो कभी कोहली एक दूसरे पर भारी पड़ते रहे हैं। कोहली ने एंडरसन के खिलाफ 36 पारियों में 305 रन बनाए हैं। इस दौरान दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने 7 बार विराट कोहली को आउट किया है। जेम्स एंडरसन ने टॉकस्पोर्ट पर रोहित शर्मा के संन्यास पर कहा कि रोहित के जाने के बाद भारतीय टीम को नया कप्तान मिलेगा। भारतीय टीम मैनेजमेंट आईपीएल से नए और आक्रामक युवाओं को टेस्ट फॉर्मेट में जगह दे रहा है।

## आईपीएल में विराट का बल्ला कभी शांत नहीं रहता : कैफ

- मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है
- प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए एक कदम जीत से दूर

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारत के पूर्व क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने इस साल विराट कोहली के आईपीएल खिताब जीतने की संभावनाओं पर अपनी राय देते हुए कहा कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु इस साल शानदार फॉर्म में है और अपनी बेहतरीन ऑलराउंड टीम के साथ बेंगलुरु स्थित यह फ्रेंचाइजी निश्चित रूप से अपना पहला खिताब जीतेगी। मौजूदा सीजन में, आरसीबी 16 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने से एक जीत दूर है। इस बीच, विराट कोहली, जो ऑरेंज कैप जीतने वाले 2024 सीजन (741 रन) के दम पर टूर्नामेंट में शामिल हुए, वर्तमान में 505 रनों के साथ इस सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वालों की सूची में चौथे स्थान पर हैं, जो शीर्ष पर मौजूद सूर्य कुमार यादव (510 रन) से सिर्फ छह रन पीछे हैं। कैफ ने आईएएनएस से कहा कि अगर हम एक टीम के तौर पर आरसीबी की बात करें, तो वे शानदार रहे हैं। मैं %टीम% शब्द पर जोर दे रहा हूं क्योंकि वे हमेशा से बल्लेबाजी से भारी रहे हैं, वे अपने विरोधियों को आउटसोर्स करने की मानसिकता रखते थे। लेकिन इस बार रजत पाटीदार ने अपने गेंदबाजों का इस्तेमाल करके शानदार काम किया है, 170-180 के स्कोर का बचाव करते हुए विरोधियों को रोका है।



## मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है : वॉन

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने टेस्ट क्रिकेट में विराट कोहली द्वारा छोड़े गए महत्वपूर्ण खालीपन को उजागर किया, उन्हें पिछले तीन दशकों में इस फॉर्मेट में सबसे महत्वपूर्ण व्यक्ति बताया। कोहली ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपने शानदार टेस्ट करियर का अंत किया और 123 मैचों में 46.85 की औसत से 9,230 रन बनाकर अपने करियर को अलविदा कह दिया, जिसमें 30 शतक और 31 अर्द्धशतक शामिल हैं, जिसमें उनका उच्चतम स्कोर नाबाद 254 रन रहा।वॉन ने लिखा, 30 साल से ज्यादा समय में, मुझे नहीं लगता कि विराट से ज्यादा टेस्ट फॉर्मेट के लिए कोई और कर सकता है। उनके बिना टेस्ट क्रिकेट बहुत नीरस जगह होती, और अगर वह इसमें उतनी दिलचस्पी नहीं दिखाते और निवेश नहीं करते, तो इसकी अपील खत्म हो जाती।

## कैथरीन ब्रायस ने आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। स्कॉटलैंड की कप्तान कैथरीन ब्रायस को अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार का विजेता घोषित किया गया है, क्योंकि उनके शानदार ऑलराउंड प्रयासों के कारण वह पाकिस्तान में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बनीं।

कैथरीन ने वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज और पाकिस्तान की कप्तान फातिमा सना को हराकर मासिक सम्मान जीता। कैथरीन ने बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में कहा कि यह पुरस्कार जीतना वास्तव में सम्मान की बात है। यह जानना कि वैश्विक क्रिकेट समुदाय द्वारा इसके लिए मतदान किया जा रहा है, इसे और भी खास बनाता है; फातिमा सना और हेली मैथ्यूज जैसी दो खिलाड़ियों के साथ नामांकित होना, जिन्होंने खुद शानदार टूर्नामेंट खेले, अद्भुत था। कैथरीन ने अपने पांच मैचों में 73.25 की शानदार औसत से 293 रन बनाए। उनकी उल्लेखनीय पारियों में मेजबान पाकिस्तान के खिलाफ 91, थाईलैंड के खिलाफ 60 और आयरलैंड के खिलाफ नाबाद 131 रन शामिल हैं, जो टूर्नामेंट का सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर भी है। अपनी बल्लेबाजी कौशल के अलावा, कैथरीन ने गेंद से भी योगदान दिया, प्रतियोगिता के दौरान छह विकेट लिए और अंततः उन्हें प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया, हालांकि स्कॉटलैंड 2025 महिला वनडे विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने से चूक गया, जो इस साल के अंत में भारत में होने वाला है। विश्व कप क्वालीफायर हमारी स्कॉटलैंड टीम के लिए एक शानदार प्रतियोगिता थी। जिस तरह से हमने अपना क्रिकेट खेला और जिस तरह से हमने एक साथ बहुत ज्यादा नहीं खेला है, उसमें विकास किया और आगे बढ़े, यह देखना शानदार था और कई अलग-अलग खिलाड़ियों का अलग-अलग मौकों पर खड़े होकर खेल की कमान संभालना शानदार था।

## करुण नायर भारत के अगले नंबर 4 हो सकते हैं : कुंबले

- भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा





**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम रोहित शर्मा और विराट कोहली के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद कठिन बदलाव के दौर से गुजर रही है, ऐसे में पूर्व कप्तान अनिल कुंबले ने करुण नायर की सनसनीखेज वापसी के लिए अपना समर्थन दिया है।

अगले महीने इंग्लैंड में शुरू होने वाली पांच मैचों की टेस्ट सीरीज और नंबर 4 की स्थिति में एक बड़ा अंतर - जिस पर कोहली और उनसे पहले सचिन तेंदुलकर तीन दशक से अधिक समय से काबिज हैं - के साथ कुंबले का मानना है कि नायर इस स्थान के लिए सही व्यक्ति हो सकते हैं। भारत एक नए क्षेत्र में प्रवेश कर रहा है। 1989 के बाद पहली बार, जब सचिन तेंदुलकर ने पदार्पण किया था, भारत तेंदुलकर या कोहली के बिना टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड का दौरा करेगा। रोहित शर्मा के संन्यास ने मध्यक्रम के संकट को और बढ़ा दिया है, जिससे टीम को एक नई बल्लेबाजी योजना तैयार करनी पड़ रही है, जिसमें प्रतिष्ठा से अधिक फॉर्म पर निर्भर रहना पड़ सकता है। कुंबले ने ईएसपीएन क्रिकइंफो पर कहा कि इस बारे में कोई उचित बातचीत नहीं हुई है कि नंबर 4 पर कौन बल्लेबाजी करने जा रहा है। जब रोहित ऑस्ट्रेलिया में नहीं खेले, तो कुछ फेरबदल हुए। केएल राहुल ने अवसर का लाभ उठाया। लेकिन उसके बाद, मध्यक्रम अनिश्चित लग रहा है। और नंबर 4 इंग्लैंड में सबसे महत्वपूर्ण बल्लेबाजी स्थान है। कुंबले का मानना है कि इसका उत्तर भारतीय टेस्ट क्रिकेट में लंबे समय से भुला दिए गए नाम - करुण नायर में छिपा हो सकता है। 33 वर्षीय, जिन्होंने आखिरी बार 2017 में टेस्ट खेला था, ने चेन्नई में इंग्लैंड के खिलाफ तिहरा शतक बनाया था, लेकिन इसके तुरंत बाद ही उनकी लोकप्रियता कम हो गई। कुंबले ने कहा कि करुण ने जिस तरह का घरेलू प्रदर्शन किया है, उसके साथ वह भारतीय टीम में वापस आने के हकदार हैं।आपको अंग्रेजी परिस्थितियों में अनुभव रखने वाले किसी व्यक्ति की आवश्यकता है। उन्होंने काउंटी क्रिकेट खेला है, वह पहले भी वहां खेल चुके हैं। वह भले ही 30 के पार हों, लेकिन क्रिकेट के लिहाज से वह अभी भी युवा हैं। कर्नाटक में जन्मे बल्लेबाज, जो अब घरेलू क्रिकेट में विदर्भ का प्रतिनिधित्व करते हैं, ने एक शानदार सीजन खेला है। 2024-25 की विजय हजारे ट्रॉफी में, उन्होंने आठ पारियों में 779 रन बनाए, जिसमें पांच शतक शामिल थे - उनमें से चार लगातार थे - और उन्होंने लगभग अकेले ही विदर्भ को फाइनल में पहुंचाया। लेकिन नायर ने अपना काम जारी रखा। उन्होंने शानदार रणजी ट्रॉफी अभियान चलाया, जिसमें नौ मैचों में 863 रन बनाए, जिसमें केरल के खिलाफ फाइनल में एक महत्वपूर्ण शतक और एक अर्धशतक शामिल था, जिससे विदर्भ खिताब जीतने में सफल रहा।

## सार संक्षेप

### थाईलैंड ओपनः लक्ष्य हारे, आकर्षि और उन्नति दूसरे दौर में

**बैंकॉक।** बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट थाईलैंड ओपन में भारत के अभियान की बुधवार को मिली-जुली शुरुआत हुई, क्योंकि शीर्ष पुरुष एकल शटलर लक्ष्य सेन पहले दौर में ही बाहर हो गए, जबकि आकर्षि कश्यप और उन्नति हुड्डा ने महिला एकल में कड़े संघर्ष के बाद जीत दर्ज कर दूसरे दौर में जगह बनाई। दिन के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में, लक्ष्य सेन को आयरलैंड के नहत एनगुयेन ने 1 घंटे 20 मिनट तक चले तीन गेम के मुकाबले में बाहर कर दिया। भारत की शीर्ष बैडमिंटन प्रतिभाओं में शुमार सेन को 18-21, 21-9, 17-21 से हार का सामना करना पड़ा। शुरुआती गेम में मामूली अंतर से हारने के बाद, सेन ने दूसरे गेम में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने तीखे स्मैश और तेज गति की रैलियों का इस्तेमाल करते हुए मैच को बराबरी पर ला दिया। लेकिन एनगुयेन ने निर्णायक गेम में कड़ी टक्कर दी और 17-13 से आगे निकल गए तथा दबाव के क्षणों में अपना संयम बनाए रखते हुए उलटफेर कर दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### कॉक आरसीबी के खिलाफ केकेआर से जुड़ने को तैयार

**बेंगलुरु।** दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी क्विंटन डी कॉक रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ करो या मरो मुकाबले से दो दिन पहले गुरुवार को बेंगलुरु में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीम के साथ जुड़ सकते हैं। मंगलवार शाम तक डी कॉक की उपलब्धता पर संशय बना हुआ था लेकिन उन्होंने लीग के अंतिम चरण के लिए खुद की उपलब्धता की पुष्टि कर दी है जो कि 17 मई से तीन जून तक खेला जाएगा। ईएसपीएन क्रिकइंफो को पता चला है कि स्पेंसर जॉनसन सहित केकेआर के अधिकतर विदेशी खिलाड़ियों ने लीग के अंतिम चरण के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि कर दी है। हालांकि उन्हें अभी भी मोईन अली की पुष्टि का इंतजार है। आंद्रे रसल और सुनील नारायण उन विदेशी खिलाड़ियों में शामिल हैं जो बुधवार दोपहर को सबसे पहले बेंगलुरु पहुंचेंगे।

### सनी भाटी ने जीता भारोत्तोलन में स्वर्ण पदक

**राजगीर (बिहार)।** खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में बुधवार को लड़कों 102 किग्रा से अधिक भार वाली भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा के सनी भाटी ने 268 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। आज यहां राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में लड़कों की 102 किग्रा से अधिक भार वर्ग की भारोत्तोलन प्रतियोगिता में हरियाणा के सनी भाटी 268 किलोग्राम वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं जम्मू और कश्मीर के सात्विक लूथरा ने (266 किलोग्राम) वजन के साथ रजत पदक तथा बिहार के उज्वल सिंह (241 किलोग्राम) वजन उठाकर कांस्य पदक जीता।

## मेहदी हसन मिराज ने अप्रैल के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। बांग्लादेश के ऑलराउंडर मेहदी हसन मिराज ने जिम्बाब्वे के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए अप्रैल 2025 के लिए आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीता है। उन्होंने जिम्बाब्वे के ब्लेसिंग मुजरबानी और न्यूजीलैंड के बेन सियर्स को हराकर मासिक पुरस्कार जीता। मेहदी यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के केवल तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं और दो साल से अधिक समय में ऐसा करने वाले पहले खिलाड़ी हैं - शाकिब अल हसन मार्च 2023 में यह पुरस्कार जीतने वाले बांग्लादेश के अंतिम खिलाड़ी थे, जबकि मुशफिकुर रहीम इस सम्मान के विजेता चुने जाने वाले दूसरे खिलाड़ी हैं। बुधवार को आईसीसी द्वारा दिए गए एक बयान में मेहदी ने कहा कि आईसीसी मेन्स प्लेयर ऑफ द मंथ अवार्ड जीतना एक अविश्वसनीय सम्मान है। आईसीसी अवार्ड किसी भी क्रिकेटर के लिए अंतिम मान्यता है, और वैश्विक वोट से इसे प्राप्त करना मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मेहदी ने कहा कि इस तरह के क्षण मुझे मेरी यात्रा की याद दिलाते हैं - 2016 आईसीसी अंडर 19 विश्व कप में प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब मिलना मेरे करियर की शुरुआत में एक बहुत बड़ा प्रोत्साहन था।

## बिहार, जम्मू-कश्मीर ने भारोत्तोलन में पहला पदक जीता, 5 दिवसीय आयोजन में 13 राष्ट्रीय रिकॉर्ड बने

- बिहार के उज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता
- पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना



**राजगीर (बिहार),** 14 मई (एजेंसियां)। मेजबान बिहार और जम्मू-कश्मीर ने बुधवार को खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2025 में अपना पहला भारोत्तोलन पदक जीता। राजगीर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में, जम्मू-कश्मीर के सात्विक लूथरा ने 263 किग्रा वजन उठाकर रजत पदक जीता, जबकि बिहार के उज्ज्वल सिंह ने कुल 241 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। स्वर्ण पदक हरियाणा के सनी भाटी के नाम रहा, जिन्होंने क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा वजन उठाकर जम्मू-कश्मीर के अपने प्रतिद्वंद्वी को आसानी से पीछे छोड़ दिया। पांच दिवसीय भारोत्तोलन प्रतियोगिता बुधवार को संपन्न हुई।

पहले चार दिनों में कई रिकॉर्ड बने, लेकिन अंतिम दिन कोई रिकॉर्ड नहीं बना। कुल मिलाकर, इस बार 13 राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बने।महाराष्ट्र ने इनमें से पांच, उत्तर प्रदेश ने तीन, ओडिशा ने दो और तमिलनाडु, असम और हरियाणा ने एक-एक रिकॉर्ड बनाए। तमिलनाडु में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में आठ राष्ट्रीय युवा रिकॉर्ड बनाए गए थे। जम्मू-कश्मीर के लूथरा ने धैर्य बनाए रखा और लगभग स्वर्ण पदक जीत ही लिया। अगर क्लीन एंड जर्क में 151 किग्रा का उनका तीसरा और अंतिम प्रयास सफल हो जाता, तो भाटी पर दबाव बढ़ जाता। लूथरा ने इस जनवरी में भारतीय भारोत्तोलन महासंघ की राष्ट्रीय चैंपियनशिप से दो महीने पहले लगी कलाई की चोट पर काबू पा लिया और अपने दूसरे खेलो इंडिया यूथ गेम्स में हिस्सा लिया। केरल की अमृता पी. सुनी ने स्नैच में 79 किग्रा और क्लीन एंड जर्क में 102 किग्रा वजन उठाकर युवा लड़कियों के +81 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता।

## पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में रचा इतिहास

**रोम,** 14 मई (एजेंसियां)। पीटन स्टर्न्स ने इटैलियन ओपन में इतिहास रच दिया है। स्टर्न्स ने क्वार्टर फाइनल में 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को रोमांचक मुकाबले में हराया। वह ओपन एरा में लगातार तीन डब्ल्यूटीए मुख्य ड्रॉ मैच तीसरे सेट के टाईब्रेक में जीतने वाली पहली खिलाड़ी बन गईं। गैर-वरीयता प्राप्त अमेरिकी स्टर्न्स ने 6-2, 4-2 से पिछड़ने के बाद तीसरे सेट में डबल-ब्रेक से वापसी करते हुए यूक्रेन की 16वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को दो घंटे और 38 मिनट में 6-2, 4-6, 7-6(4) से हराया। आखिरी दो राउंड में स्टर्न्स ने ग्रैंड स्लैम चैंपियन मैडिसन कीज और नाओमी ओसाका को तीसरे सेट के टाईब्रेक में हराया, जिससे उनका इतिहास रचने वाला सिलसिला शुरू हो गया। विश्व की 6वें नंबर की कीज को हराना उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ जीत थी, जो प्रतिद्वंद्वी रैंकिंग के हिसाब से थी। डब्ल्यूटीए की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2015 में डारिया सैविल के बाद रोम के मुख्य ड्रॉ में अपने पदार्पण पर सेमीफाइनल में पहुंचने वाली पहली खिलाड़ी हैं। वहीं 1998 में वीनस विलियम्स के बाद ऐसा करने वाली पहली अमेरिकी महिला हैं। दुनिया की 42 वें नंबर की खिलाड़ी स्टर्न्स अपने करियर के पहले डब्ल्यूटीए 1000 सेमीफाइनल में पहुंची हैं।



## 25 मई तक आईपीएल छोड़ सकते हैं द. अफ्रीका के खिलाड़ी

- आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं
- अब लीग स्टेज का समापन 27 मई और प्लेऑफ की शुरुआत 29 मई को होगी



डब्ल्यूटीसी फाइनल

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) के बाकी बचे हुए मैचों का आयोजन 17 मई से होने जा रहा है। फाइनल मैच 3 जून को खेला जाएगा। आईपीएल में दक्षिण अफ्रीका के आठ ऐसे खिलाड़ी खेल रहे हैं जो विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मैच का भी हिस्सा हैं। इन खिलाड़ियों के 25 मई तक इस लीग को छोड़ने की उम्मीद है, क्योंकि दक्षिण अफ्रीका को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना है। रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने इन खिलाड़ियों को 26 मई तक घर वापस लौटने के लिए कहा है। आईपीएल 2025 में इस बार कुल मिलाकर 20 दक्षिण अफ्रीकी खिलाड़ी खेल रहे हैं। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल मैच दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच लंदन के लॉर्ड्स में 11 जून को खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश (मुंबई इंडियंस), वियान मुल्डर (सनराइजर्स हैदराबाद), मार्को जानसेन (पंजाब किंग्स), एडेन मार्करम (लखनऊ सुपरजाइंट्स), लुंगी एनगिडी (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु), कगिसो रबाडा (गुजरात टाइटंस), रयान रिकेल्टन (मुंबई इंडियंस) और ट्रिस्टन स्टब्स (दिल्ली कैपिटल्स) को डब्ल्यूटीसी फाइनल टीम में शामिल किया गया है। भारत-पाकिस्तान के बीच हालिया घटनाक्रम के चलते आईपीएल को एक सप्ताह के लिए स्थगित किया गया था। अब लीग स्टेज का समापन 27 मई और प्लेऑफ की शुरुआत 29 मई को होगी। जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम को 30 मई को इंग्लैंड के लिए रवाना होना है। ऐसे में इन आठ खिलाड़ियों को टीम के पहले ही जुड़ना है। इसका मतलब यह है कि आईपीएल के प्लेऑफ में इन खिलाड़ियों की उपस्थिति नहीं हो पाएगी। बताया जा रहा है कि इस विषय पर बीसीसीआई और सीएसए के बीच बातचीत जारी है। दक्षिण अफ्रीका की टीम 31 मई को इंग्लैंड में पहुंच जाएगी और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले वार्म-अप मैच खेलेगी। आईपीएल 2025 में गुजरात टाइटंस, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और मुंबई इंडियंस अंक तालिका में टॉप-4 पर विराजमान हैं। जबकि दिल्ली कैपिटल्स के पास भी प्लेऑफ में जगह बनाने का मौका है।

## दिल्ली ने फ्रेजर-मकगर्क की जगह मुस्तफिजुर को किया टीम में शामिल

**नई दिल्ली,** 14 मई (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज जेक फ्रेजर-मक्गार्क के कारणों से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के शेष मैचों के लिए वापस आने से इंकार करने के बाद दिल्ली कैपिटल्स ने बंगलादेश के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान को छह करोड़ रूपये की अनुबंध राशि पर टीम में शामिल किया है। आईपीएल के नियमों के अनुसार अगर किसी खिलाड़ी को बीमारी या चोट लग जाती है और यह टीम के 12वें मैच से पहले होता है तो टीम दूसरे खिलाड़ी को ले सकती है। लेकिन इस बार लीग के स्थगित होने के बाद इसे फिर से शुरु किये जाने को लेकर नियमों में बदलाव के तहत सीजन के शेष हिस्से के लिए फ्रैंचाइजी को अस्थायी रूप से दूसरे खिलाड़ी को टीम में लेने की अनुमति दी गई है।

# अर्थ जगत

## सेंसेक्स 182 अंक चढ़कर 81,330 पर हुआ बंद

**मुंबई।** हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन आज यानी बुधवार (14 मई) को शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव रहा। सेंसेक्स करीब 182 अंक चढ़कर 81,330 पर और निफ्टी 88 अंक की तेजी के साथ 24,666 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी है। टाटा स्टील के शेयर में करीब 5 प्रतिशत की तेजी है। वहीं, जोमैटो, एयरटेल टेक महिंद्रा, एम एण्ड एम के शेयरों में करीब 2 प्रतिशत का उछाल है। जबकि, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और एचयूएल का शेयर 1.5 प्रतिशत नीचे हैं।



# थोक महंगाई घटकर 0.85 प्रतिशत पर आई



***नई दिल्ली।*** *अप्रैल 2025 में थोक महंगाई दर में बड़ी गिरावट दर्ज की गई। मार्च के मुकाबले अप्रैल में यह घटकर 0.85 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में कहा गया है कि खाद्य पदार्थों, विनिर्मित उत्पादों और ईंधन की कीमतों में कमी आने से थोक महंगाई में गिरावट देखी गई।*

खबर के मुताबिक, मार्च में थोक मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति 2.05 प्रतिशत थी। पिछले साल अप्रैल में यह 1.19 प्रतिशत थी।

**इन वजहों से है पॉजिटिव दर-** खबर के मुताबिक, उद्योग मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अप्रैल, 2025 में मुद्रास्फीति की पॉजिटिव दर मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, दूसरे विनिर्माण, रसायन और रासायनिक उत्पादों, दूसरे परिवहन उपकरणों के विनिर्माण और मशीनरी और उपकरणों के विनिर्माण आदि की कीमतों में बढ़ोतरी की वजह से है। थोक मूल्य सूचकांक के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य पदार्थों में अप्रैल में 0.86 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में मुद्रास्फीति 1.57 प्रतिशत थी, जबकि सब्जियों में भारी गिरावट देखी गई। अप्रैल में सब्जियों में 18.26 प्रतिशत की गिरावट रही, जबकि मार्च में 15.88 प्रतिशत की गिरावट रही।

**अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत -** प्याज में अप्रैल में मुद्रास्फीति घटकर 0.20 प्रतिशत रह गई, जबकि मार्च में यह 26.65 प्रतिशत थी। हालांकि, अप्रैल में विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 2.62 प्रतिशत रही, जबकि मार्च में यह 3.07 प्रतिशत थी। ईंधन और बिजली में भी अप्रैल में 2.18 प्रतिशत की गिरावट देखी गई, जबकि मार्च में यह 0.20 प्रतिशत थी।

आरबीआई मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा महंगाई को ध्यान में रखता है। मंगलवार को जारी आंकड़ों से पता चला है कि अप्रैल में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर 3.16 प्रतिशत रह गई, जिसकी मुख्य वजह सब्जियों, फलों, दालों और अन्य प्रोटीन युक्त वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। जुलाई 2019 के बाद से यह मुद्रास्फीति का सबसे निचला स्तर है।

### ब्याज दर में हो सकती है और कटौती

मुद्रास्फीति में कमी आने से रिजर्व बैंक के लिए जून की मौद्रिक नीति समीक्षा में दरों में कटौती के एक और दौर को आगे बढ़ाने के लिए पर्याप्त गुंजाइश बनेगी। अप्रैल में आरबीआई ने बेंचमार्क नीति दर में 0.25 प्रतिशत की कटौती करके इसे 6 प्रतिशत कर दिया था। यह वर्ष के दौरान अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने के लिए दूसरी कटौती है, जो अमेरिका के पारस्परिक टैरिफ के खतरे का सामना कर रही है। आरबीआई को चालू वित्त वर्ष में खुदरा मुद्रास्फीति औसतन 4 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जबकि पिछला अनुमान 4.2 प्रतिशत था।

# भारतीय रुपए के आगे झुका डॉलर

## शुरूआती कारोबार में रुपया 31 पैसे मजबूत



***मुम्बई।*** *घरेलू शेयर बाजारों में मजबूती और खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी जैसे सकारात्मक आर्थिक संकेतों के चलते बुधवार को रुपया शुरुआती कारोबार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 31 पैसे मजबूत होकर 85.05 पर पहुंच गया। मंगलवार को यह 85.36 के स्तर पर स्थिर रहा था।*

**मजबूती के पीछे ये कारण-** विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, मजबूत घरेलू इक्विटी बाजार और खुदरा महंगाई दर में गिरावट से रुपए को समर्थन मिला। अप्रैल में सीपीआई आधारित महंगाई दर घटकर 3.16 प्रतिशत पर आ गई, जो जुलाई 2019 के बाद सबसे निचला स्तर है। हालांकि, ब्रेंट क्रूड की कीमतों में तेजी और विदेशी पूंजी निकासी ने रुपए की मजबूती को सीमित किया। ब्रेंट क्रूड 0.54 प्रतिशत की गिरावट के बाद भी 66.27 डॉलर प्रति बैरल पर बना हुआ है, जो भारत के लिए आयात लागत बढ़ा सकता है।

**डॉलर इंडेक्स और बाजार स्थिति-** डॉलर इंडेक्स 0.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 100.95 पर रहा। इस बीच बीएसई सेंसेक्स 250.80 अंक चढ़कर 81,399.02 और निफ्टी 58.45 अंक बढ़कर 24,636.80 पर पहुंच गया।

**एफआईआई की गतिविधियां-** मंगलवार को विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 476.86 करोड़ रुपए के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की।

# तुर्किये और अजरबैजान को भारत में लगा झटका, देश भर में उत्पादों का बहिष्कार शुरू

***नई दिल्ली।*** *भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच अब तुर्किये और अजरबैजान के साथ भारत के संबंधों में दरार आने के आसार हैं। दोनों देशों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर भारत के सैन्य अभियानों की आलोचना करने के बाद भारत में इनके खिलाफ नाराज़गी बढ़ रही है।*

22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत ने 7 मई को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया था। इस कार्रवाई के बाद तुर्किये और अजरबैजान ने खुलकर पाकिस्तान का समर्थन किया और भारतीय कार्रवाई की आलोचना की। इस प्रतिक्रिया के चलते भारत में इन देशों के उत्पादों और पर्यटन का बहिष्कार शुरू हो गया है।



**व्यापारिक असर शुरू-** भारत में तुर्किये से आयात किए जा रहे संगमरमर और सेब जैसे उत्पादों का विरोध शुरू हो गया है। ऑनलाइन ट्रैवल प्लेटफॉर्म्स जैसे ईजी माए ट्रिप और एल एण्ड ईगो ने तुर्किये और अजरबैजान की यात्रा को लेकर परामर्श जारी कर दिया है। कई व्यापारी संगठनों ने इन देशों से आयात में कटौती की मांग उठाई है।

**भारत का व्यापारिक आंकलन-** भारत का तुर्किये के साथ 2023-24 में द्विपक्षीय व्यापार 6.65 अरब डॉलर का था, जो कुल निर्यात का केवल 1.5 प्रतिशत है। वहीं, भारत का अजरबैजान के साथ व्यापार 8.96 करोड़ डॉलर का रहा, जो कुल निर्यात का सिर्फ 0.02 प्रतिशत है। भारत इन दोनों देशों के साथ व्यापार अधिशेष की स्थिति में है।

# खाद्य तेल आयात 32 प्रतिशत घटा

***नई दिल्ली।*** *भारत का वनस्पति तेल आयात अप्रैल में एक साल पहले की तुलना में 32 प्रतिशत घटकर 8.91 लाख टन रह गया। उद्योग निकाय सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन (एसईए) ने बुधवार को यह जानकारी दी। पीटीआई की खबर के मुताबिक, एसईए का कहना है कि पाम और रिफाइंड तेल दोनों की खेप में गिरावट आई।*

खाद्य और अखाद्य तेलों सहित वनस्पति तेल का आयात एक साल पहले की अवधि में 13.18 लाख टन था। दुनिया के सबसे बड़े खाद्य तेल उपभोक्ता और आयातक भारत के पास 1 मई तक 13.51 लाख टन खाद्य तेल का स्टॉक था।

**पिछले तीन महीनों में आयात बहुत कम स्तर पर-** खबर के मुताबिक, एसईए ने एक बयान में कहा कि देश में सरसों की पेराई बढ़ने के साथ-साथ पाम तेल की मांग में कमी के चलते पिछले तीन महीनों में आयात बहुत कम स्तर पर रहा। नेपाल से रिफाइंड खाद्य तेलों का आयात, जो कि मासिक 60,000 से



70,000 टन अनुमानित है, ने भी समग्र आयात और स्टॉक स्थिति को प्रभावित किया। 2024-25 तेल वर्ष (नवंबर-अक्टूबर) के पहले छह महीनों के लिए, कुल वनस्पति तेल आयात एक साल पहले के 70.69 लाख टन से घटकर 65.02 लाख टन रह गया।

**किस तेल के आयात में कितना उलटफेर-** अप्रैल में पाम तेल का आयात 53 प्रतिशत घटकर 3. 21 लाख टन रह गया, जो एक साल पहले 6. 84 लाख टन था, जबकि कच्चे पाम तेल की खेप 55 प्रतिशत घटकर 2. 41 लाख टन रह गई। नरम तेलों में, सूरजमुखी तेल का आयात 23. 28 प्रतिशत घटकर 1. 80 लाख टन रह गया, जबकि सोयाबीन तेल का आयात 20. 37 प्रतिशत घटकर 3. 60 लाख टन रह गया।

### मुद्रा बाजार

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 85. 27 |
| एक यूरो | 95. 80 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 113. 69 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 61 |
| एक जापानी येन | 0. 58 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**
864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 118 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 126 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -66 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

### सराफा बाजार

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 96500 चांदी -99100

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव- 96500 चांदी -99100

### दाल- चावल भाव

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 10000-11500, फाइन 115000-12000, एकस्ट्रा बोल्ड 13000-13500, चना दाल एवरेज 7200-7300 चना दाल मार्का 7500-7700, मसूर दाल एवरेज 7500-7600, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका9000-9200, फाइन 9200-9500, उड़द धुली 10500-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 9800- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4500-4600, फाइन 4600-4800, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

### लोहा भाव

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

# डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर रियल एस्टेट में एक नया परिसंपत्ति वर्ग पेश करेगा

***मुंबई।*** *भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर में अपनी तरह के पहले कदम के तहत, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर ने पुणे में 1,100 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता वाली एक ऐतिहासिक, रेसकोर्स थीम वाली मेगा टाउनशिप शुरू करने के लिए हीरानंदानी कम्युनिटीज और क्रिसला डेवलपर्स के साथ एक मालिकाना सीडीडीएमओटीएम मॉडल में प्रवेश किया है।*

थीम आधारित आतिथ्य संचालित मॉडल रियल एस्टेट में एक नए निवेश वर्ग को खोलता है जिसमें 9 प्रतिशत तक आरओआई प्राप्त करने की क्षमता है। यह मॉडल सुनिश्चित करता है कि मूल्य प्रस्ताव रियल एस्टेट से कहीं आगे तक फैला हुआ है, एक क्यूरेटेड लाइफस्टाइल इकोसिस्टम बनाता है जो बेजोड़ विलासिता, समुदाय और अनुभवात्मक आतिथ्य को मिलाता है। पुणे के तेजी से विकसित हो रहे उत्तरी हिंजेवाड़ी में 40 एकड़ से अधिक क्षेत्र में फैले इस टाउनशिप में 8 एकड़ का रेसकोर्स और इंटरनेशनल पोलो क्लब, 128 निजी विला प्लॉट, 112 रिसॉर्ट निजी निवास, 300 चाबियों वाला 5-सितारा लक्जरी रिसॉर्ट, 9 विवाह स्थल स्थल, 12 कॉर्पोरेट और एमआईसीई स्थल, एक्सट्रीम एडवेंचर पार्क, डेला रेंज गोल्फ, स्वास्थ्य सुविधाएं और डेला की विशिष्ट डिजाइन संवेदनाओं द्वारा संचालित अनुभवात्मक स्थान शामिल होंगे। टाउनशिप की समकालीन जैविक और ब्रिटिश औपनिवेशिक वास्तुकला और डिजाइन शैली घर के मालिकों और निवेशकों की नई पीढ़ी की सौंदर्य संबंधी प्राथमिकताओं के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होती है जो अनुभवात्मक जीवन, स्थिर रिटर्न और दीर्घकालिक परिसंपत्ति विकास को महत्व देते हैं।

इस विकास के पीछे दूरदर्शी, डेला रिसॉर्ट्स एंड एडवेंचर के संस्थापक और अध्यक्ष, जिमी मिस्त्री ने कहा, यह सिर्फ एक और टाउनशिप नहीं है - यह भारत में पहले कभी नहीं देखे गए रियल एस्टेट मॉडल का जन्म है।

# यूनियन बैंक ने पेश की नई टर्म डिपोजिट स्कीम

***नई दिल्ली।*** *सरकारी क्षेत्र के यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने परंपरागत टर्म इंश्योरेंस स्कीम से अलग हटकर एक स्पेशल टर्म डिपोजिट स्कीम यूनियन वेलनेस डिपॉजिट पेश किया है। एक तरह से इस एफडी स्कीम में सबसे खास बात यह है कि इसमें हेल्थ इंश्योरेंस कवर भी शामिल है।*

पीटीआई की खबर के मुताबिक, यह 375 दिन की खुदरा सावधि जमा योजना है, जो 75 वर्ष तक की आयु के वयस्कों के लिए लागू है और न्यूनतम जमा राशि 10 लाख रुपये है। जमाकर्ता को इस पर 6.75 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इस स्कीम में निवेश करने वाले सीनियर सिटीजन को 0.50 प्रतिशत ब्याज ज्यादा मिलेगा।

**5 लाख रुपये तक का हेल्थ कवर-** जमा राशि जुटाने में आ रही दिक्कतों के बीच, सरकारी क्षेत्र के बैंक की इस स्कीम में




अधिकतम 3 करोड़ तक निवेश कर सकते हैं। समय से पहले बंद करने और जमाराशि के बदले लोन की अनुमति है। इस स्कीम में 375 दिन का सुपर टॉप-अप स्वास्थ्य बीमा कवर है, जिसकी कीमत 5 लाख रुपये है। इसमें कैशलेस अस्पताल में भर्ती भी शामिल है। एक बात समझ लें कि इस स्कीम में अगर आप ज्वाइंट अकाउंट ओपन कराते हैं तो केवल प्राइमरी अकाउंटहोल्डर को ही बीमा कवर मिलता है।

**खाते में नामांकन अनिवार्य-** एनआरआई ग्राहक यूनियन वेलनेस डिपॉजिट स्कीम के तहत जमा खाता नहीं खोल सकते। यह भी ध्यान रहे कि इस योजना के तहत संचयी/एकाधिक जमा को कवर नहीं किया जाएगा।

इस टर्म डिपोजिट स्कीम में घरेलू सावधि जमा के गाइडलाइंस के मुताबिक टीडीएस काटा जाएगा। यूनियन वेलनेस डिपॉज़िट खाते में नामांकन अनिवार्य है क्योंकि स्वास्थ्य बीमा जमा राशि से जुड़ा हुआ है। उपलब्ध जमा को आप एक्सटेंड तो कर सकते हैं हालांकि, रिन्युअल पर बीमा कवरेज उपलब्ध नहीं होगा। इस योजना के तहत खोले गए जमा के विस्तार के मामले में, बीमा कवरेज मूल परिपक्वता तारीख तक उपलब्ध रहेगा।

**देशबन्धु**
**ग्राहक सेवा**


रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

**100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज**
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**प्लॉट उपलब्ध हैं**
न्यू भेड़ाघाट के निकट प्रस्तावित रिंग रोड के पास फार्म हाउस हेतु लगभग 6000, 12000, 18000+ वर्गफुट के प्लॉट @ रु. 350 प्रति वर्गफुट उपलब्ध हैं. संपर्क करें - अनिल यादव, ग्राम सकरी
संपर्क: 6264760614
देवेन्द्र : 9993737969

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।

# कोयला आयात में 9.2 प्रतिशत की गिरावट, 53,137 करोड़ की विदेशी मुद्रा की बचत

***नई दिल्ली।*** *भारत ने अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के बीच कोयला आयात में 9.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की है। इस अवधि में कुल 220.3 मिलियन टन कोयला आयात हुआ, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह आंकड़ा 242.6 रुझ था। इस कमी से लगभग 6.93 बिलियन (53,137.82 करोड़) की विदेशी मुद्रा की बचत हुई है।*

**गैर-नियंत्रित क्षेत्र में 15.3 प्रतिशत की गिरावट-** कोयले के गैर-नियंत्रित क्षेत्र —जिसमें बिजली क्षेत्र शामिल नहीं है—में आयात में 15.3 प्रतिशत की भारी गिरावट देखी गई। यह दर्शाता है कि भारत अब कोयले की घरेलू आपूर्ति को प्राथमिकता दे रहा है और आयात पर निर्भरता घटा रहा है।

**थर्मल पावर प्लांट्स में ब्लेंडिंग के लिए आयात 38.8 प्रतिशत घटा-** हालांकि कोयला आधारित बिजली उत्पादन में अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 के दौरान 2.87 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, लेकिन थर्मल पावर प्लांट्स द्वारा मिश्रण (ब्लेंडिंग) हेतु कोयला आयात में 38.8 प्रतिशत की भारी कमी आई है।

**घरेलू उत्पादन में 5.45 प्रतिशत की वृद्धि**

भारत सरकार द्वारा कमर्शियल कोल माइनिंग और मिशन कोकिंग कोल जैसी पहलों के तहत घरेलू कोयला उत्पादन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके परिणामस्वरूप इस अवधि में कोयला उत्पादन में 5.45 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।



**विकसित भारत की ओर ऊर्जा आत्मनिर्भरता का लक्ष्य-** कोयला मंत्रालय ने आयात पर निर्भरता कम करने और ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए हैं। सरकार का उद्देश्य है कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ते हुए एक आत्मनिर्भर और सतत ऊर्जा ढांचा तैयार किया जाए, जो देश की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि को मजबूती दे सके।

**कोकिंग कोल और उच्च ग्रेड थर्मल कोल अभी भी चुनौती-** हालांकि कोयले की घरेलू आपूर्ति को बढ़ावा मिल रहा है, लेकिन कोकिंग कोल और उच्च ग्रेड थर्मल कोल जैसे कोयले की कुछ श्रेणियों में अब भी आयात पर निर्भरता बनी हुई है, जो इस क्षेत्र की प्रमुख चुनौती है। विशेषकर इस्पात और सीमेंट जैसे प्रमुख क्षेत्रों में इनकी मांग बनी रहती है। भारत सरकार का फोकस अब कोयला क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाने पर है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# नौकरी दिलाने के नाम पर 62 हजार रुपये की ठगी

**शहडोल, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक ने एक महिला के साथ 62 हजार रुपए की धोखाधड़ी की। पीड़िता अंजू पांडेय ने आरोपी विनय कुमार मिश्रा के खिलाफ शहडोल कोतवाली थाने में शिकायत की, जिसके बाद पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। यह मामला तब सामने आया जब अंजू पांडेय ने आरोपी से संपर्क किया, जो रीवा के नेहरू नगर का निवासी है। अंजू ने बताया, मेरी आरोपी से पहले से जान-पहचान थी। उसने जून 2023 में मुझसे कहा कि वह महिला एवं बाल विकास विभाग में सुपरवाइजर के पद पर नौकरी दिला सकता है।






# रेत का अवैध परिवहन और भण्डारण करने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

## दो डम्पर जप्त और रेत का जखीरा बरामद

*जबलपुर, देशबन्धु। खनिज विभाग ने राजस्व विभाग के साथ जबलपुर और आस-पास के क्षेत्रों में अवैध रूप से रेत का परिवहन और भंडारण करने वालों के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है जिससे खनिज माफिया में हड़कम्प है। भोपाल स्थित विभाग के आला अधिकारियों ने जबलपुर और आसपास के खनिज विभाग के मैदानी अमले से कहा है कि इस तरह की कार्रवाई में किसी भी दबाव के अभियान जारी रखें।*



मिली जानकारी के अनुसार कलेक्टर जबलपुर दीपक सक्सेना के निर्देशन एवं उपसंचालक खनिज के मार्गदर्शन में खनिज व राजस्व दल द्वारा संयुक्त रुप से सिहोरा एवं मझोली तहसील क्षेत्र में औचक जांच की गई जांच दौरान 'ग्राम घाट सिमरिया' में खनिज रेत की अवैध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने से 2 डंपर को जप्त कर आगामी आदेश पर्यंत थाना गोसलपुर की अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। उक्त तारतम्य में जांच दौरान ग्राम घुघरी नवीन के खनिज रेत की लगभग 105 घन मीटर मात्रा को बगैर वैधानिक अनुमति के भंडारण किया जाने के दृष्टिगत मौके से जप्त कर आगामी आदेश पर्यंत ग्राम कोटवार घुघरी नवीन की सुपुर्दगी में प्रदान किया गया।

### यह रहे जांच दल में शामिल

संपादित कार्यवाही के अनुक्रम में खनि नियमाधीन प्रकरण तैयार कर वास्ते निराकरण सक्षम प्राधिकृत की ओर प्रेषित किया जाएगा। उक्त जांच दौरान खनि दल से सहायक खनि अधिकारी दीपा बारेवार खनि निरीक्षक विवेकानंद यादव,सतीश मिश्रा, शिवपाल चौधरी एवं राजस्व दल से तहसीलदार सिहोरा शशांक दुबे राजस्व निरीक्षक गोसलपुर नीरज पाटकर एवं हल्का पटवारी प्रिया दुबे उपस्थित रहे।

# कहीं धूप तो कहीं छांव, पारा घटने का क्रम जारी

## जबलपुर संभाग के सभी जिलों में मौसम का मिजाज बदला

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर के साथ ही आस-पास के जिलों में कहीं धूप तो कहीं छांव देखने को मिल रही है। बुधवार को भी नगर और ग्रामीण अंचलो में इसी तरह का मौसम रहा। जिस तरह पश्चिमी विक्षोभ के कारण मानसून पूर्व हलचल शुरू हो गई है उसका असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिल रहा है।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 13 मई को अधिकतम तापमान 39.1 और न्यूनतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। बीते साल 40.1 और 26.8 डिग्री सेल्सियस था। अभी उत्तर से पश्चिम की तरफ चलने हवा चार से पांच किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। जिस तरह मौसम का मिजाज है उससे से लोगों को गर्मी से राहत है। ग्रामीण अंचलों में इस बार अभी से चर्चा है मानसून जल्द आ सकता है। जो खेती के लिहाज से बेहतर माना जा सकता है।









# वॉच टावर की छत पर दिखा बाघ का शावक

**उमरिया, देशबन्धु।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटकों को एक अनोखा दृश्य देखने को मिला। मंगलवार को ताला जोन में सफारी के दौरान एक बाघ का शावक वॉच टावर की छत पर नजर आया।

करीब डेढ़ वर्ष की उम्र का यह शावक जिप्सी की आवाज सुनते ही सतर्क हो गया। इसके बाद वह सीढ़ियों से सावधानीपूर्वक उतरकर जंगल की ओर चला गया पर्यटकों ने इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। लोग अब इसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर रहे हैं। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में पर्यटक सफारी के दौरान शाकाहारी और मांसाहारी वन्य प्राणियों के साथ-साथ प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेते हैं यहां बाघ, बाघिन और उनके शावकों के विभिन्न व्यवहार देखकर पर्यटक रोमांचित हो जाते हैं। वर्तमान में इस टाइगर रिजर्व में 165 से अधिक बाघों का निवास है।


J.B.F.A

जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन

| | |
|---|---|
| मुर्गा छोटा | - रु. 132 |
| मुर्गा मीडियम | - रु. 126 |
| मुर्गा बड़ा | - रु. 118 |
| मुर्गा जम्बो | - रु. 118 |


मो.-9039925000, 9425800409










सोनू पोल्ट्री

| | |
|---|---|
| बड़ा ब्रॉयलर | - रु. 114 |
| मीडियम ब्रॉयलर | - रु. 124 |
| छोटा ब्रॉयलर | - रु. 128 |

मो.- 9039925999